जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 315

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

रविवार | 01 सितंबर, 2024

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा : प्रधानमंत्री मोदी

जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन, शीर्ष अदालत के 75 वर्ष पूरे, डाक टिकट व सिक्का जारी

- महिला सुरक्षा के लिए कठोर कानून मौजूद, जिला अदालतों की कॉन्फ्रेंस में कहा- फैसले जितनी जल्दी आएंगे, भरोसा उतना ज्यादा बढ़ेगा: पीएम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में रविवार को जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। 2019 में सरकार ने फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की थी। इसके तहत अहम गवाहों के लिए डिपोजिशन सेंटर्स का प्रावधान है। इसमें भी डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका अहम है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज, डीएम और एसपी शामिल होते हैं। इन कमेटी को और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचारों से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही अधिक आश्वासन मिलेगा। कॉन्फ्रेंस में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल शामिल हुए।

मोदी के भाषण की अन्य अहम बातें...

- न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 सालों में देश ने ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 सालों में ही हुआ है।
- भारतीय न्याय संहिता के रूप में हमें नया भारतीय न्याय विधान मिला है। इन कानूनों की भावना है- 'Citizen First, Dignity First and Justice First। हमारे क्रिमिनल लॉ शासक और गुलाम वाली कोलोनियल सोच से आजाद हुए हैं।
- पिछले 10 सालों में अदालतों के आधुनिकीकरण के लिए मिशन स्तर पर काम किया जा रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज का कार्यक्रम भी इसका उदाहरण है। अगले दो दिनों में लंबित मामलों के प्रबंधन, मानव संसाधन और कानूनी बिरादरी की बेहतरी समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसमें न्यायिक कल्याण पर एक सत्र भी शामिल किया गया है।

मोदी ने कहा, लोगों ने हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया

पीएम ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 75 साल, केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है- भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 साल मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है- विकसित भारत, नया भारत। नया भारत, यानी - सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है।

सीजेआई की अध्यक्षता में दो दिनों तक चलेगी कॉन्फ्रेंस

जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस दो दिनों तक चलेगी। सुप्रीम कोर्ट इसका आयोजन कर रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिला अदालतों से 800 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में 5 सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के पहले दिन अदालतों के इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन को बढ़ाने के तरीकों की खोज पर चर्चा होगी। जजों की सुरक्षा और कल्याणकारी पहलुओं पर भी विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन केस हैंडलिंग और लंबित मामलों में कमी के लिए रणनीतियों पर चर्चा होगी। इसके लिए केस मैनेजमेंट पर एक सत्र आयोजित किया जाएगा। साथ ही जजों के लिए न्यायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। 1 अगस्त को कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण होगा। वह सुप्रीम कोर्ट के ध्वज और प्रतीक चिह्न का भी अनावरण करेंगी।

ममता ने सख्त कानून की मांग की थी: दरअसल, कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद पश्चिम बंगाल सरकार केंद्र से महिलाओं पर अपराध के लिए खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग कर रही है। इसे लेकर सीएम ममता ने 22 अगस्त और 30 अगस्त को पीएम को दो चिट्ठी भी लिखी थी। ममता ने 30 अगस्त की चिट्ठी में कहा था- मैंने 22 अगस्त को रेपिस्ट को कड़ी सजा देने के लिए कानून की मांग को लेकर पत्र लिखा था, लेकिन इतने संवेदनशील मुद्दे पर आपकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत रेलगाड़ियों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज शहर में, हर रूट पर वंदे भारत की मांग है। हाई-स्पीड ट्रेनों से लोगों में व्यापार, रोजगार और सपनों को विस्तार देने का भरोसा जगता है। आज देशभर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्यधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस तीन मार्गों- मेरठ-लखनऊ; मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। ये वंदे भारत रेलगाड़ियां वर्तमान में तीव्र गति से चल रही गाड़ियों की तुलना में यात्रा समय को कम करेंगी। मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत से लगभग 1 घंटा, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत से 2 घंटे और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत से यात्रा समय में डेढ़ घंटे की बचत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें जहां से भी संचालित होती हैं वहां पर्यटन में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं। तमिलनाडु और कर्नाटक समेत पूरे दक्षिण का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बीते 10 वर्षों में इन राज्यों में रेलवे की विकास यात्रा इसका उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि इस साल के बजट में हमने तमिलनाडु को 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रेलवे बजट दिया है। ये बजट 2014 की तुलना में 7 गुना से अधिक है। इसी तरह कर्नाटक के लिए भी इस बार 7 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट आवंटित हुआ है। ये बजट भी 2014 की तुलना में 9 गुना अधिक है। आज मेरठ-लखनऊ रूट पर वंदे भारत ट्रेन के जरिए यूपी और खासकर पश्चिमी यूपी के लोगों को भी खुशखबरी मिली है। मेरठ और पश्चिमी यूपी क्रांति की धरती है। आज यह क्षेत्र विकास के नई क्रांति का साक्षी बन रहा है। उल्लेखनीय है कि ये नई वंदे भारत रेलगाड़ियां क्षेत्र के लोगों को तीव्रगति और सुविधा के साथ यात्रा करने के लिए विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करेंगी और तीन राज्यों- उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक के लोगों की लंबी समय से चल रही मांग को पूरा करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की शुरुआत नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेल सेवा के एक नए मानक का शुभारंभ करेंगी।

लापरवाही और भ्रष्टाचार पर फिर चला सीएम योगी का चाबुक, 28 चकबंदी अधिकारियों पर गिरी गाज

सीएम के निर्देश पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता और भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई

- आठ मंडलों के अधिकारियों के खिलाफ की गई निलंबन, पद से हटाने, जवाब तलब और अनुशासनात्मक कार्रवाई
- बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, उप संचालक चकबंदी, सहायक चकबंदी, चकबंदीकर्ता और चकबंदी लेखपाल पर लिया गया एक्शन
- सेवाकाल के दौरान अनियमितता पर सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी की पेंशन में 20 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव शासन को भेजा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पद के दुरुपयोग, काम में लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ योगी सरकार का चाबुक लगातार जारी है। सीएम योगी के कड़े रुख के बाद चकबंदी विभाग में एक के बाद एक लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में सीएम योगी के निर्देश पर चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर आठ मंडल के दो दर्जन से अधिक चकबंदी अधिकारियों पर गाज गिरी है। इसमें 13 बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के खिलाफ निलंबन, जवाब-तलब और अनुशासनिक कार्रवाई की गयी है। वहीं एक उप संचालक चकबंदी अधिकारी को पद से हटाने के निर्देश दिये गये हैं, जबकि एक उप संचालक चकबंदी अधिकारी से लापरवाही पर जवाब तलब किया है। इसी तरह एक चकबंदी अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई, एक सहायक चकबंदी अधिकारी का वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके अलावा तीन सहायक चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी। इतना ही नहीं एक सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा सेवाकाल में अनियमितता पर पेंशन में 20 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। इसके अलावा कई अन्य के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई।

लापरवाही पर कुशीनगर बंदोबस्त अधिकारी निलंबित

राहत आयुक्त ने बताया कि कुशीनगर के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संतोष कुमार को कार्य में लापरवाही पर निलंबित कर दिया गया। साथ ही विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा वाराणसी के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी पवन कुमार सिद्धू को धारा-52 में लक्षित ग्राम अजगरा का कार्य पूर्ण न करने तथा स्थानान्तरित चकबन्दी लेखपालों को अवमुक्त न करने के कारण वेतन करने के साथ अनुशासनिक कार्यवाही की गयी। इसके साथ ही कार्य में शिथिलता पर शाहजहांपुर, मीरजापुर, गोरखपुर और देवरिया के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी क्रमशः मोहन लाल तत्कालीन, नरेंद्र सिंह, शशिकांत शुक्ला और पवन पांडेय के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही की गई। यही नहीं कनौज के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी धमेंद्र सिंह, बाराबंकी के चकबंदी अधिकारी शिव नारायन गुप्ता, बाराबंकी के कनिष्ठ सहायक उमाशंकर को जांच में अनियमितता पर अनुशासनिक कार्यवाही की गई। फतेहपुर के ग्राम ललौती का कार्य लक्ष्य के अनुसार पूर्ण न होने पर सहायक चकबंदी अधिकारी महेन्द्र सिंह का वेतन रोक दिया गया। साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसी तरह बलरामपुर के सहायक चकबंदी अधिकारी संदीप यादव द्वारा ग्राम मस्जीदिया का कार्य पूर्ण न करने पर अनुशासनिक कार्यवाही की गयी।

पेंशन में 20 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव शासन को भेजा

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समय-समय पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए विभाग की समीक्षा बैठक की जाती है। इसी क्रम में हाल ही में समीक्षा बैठक में कई अधिकारियों के काम में लापरवाही, अनियमितता और भ्रष्टाचार में लिप्त गतिविधियां पायी गई। इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी गयी, जिस पर सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में आठ मंडल प्रयागराज, वाराणसी, मीरजापुर, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या और देवीपाटन के चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बरेली, हरदोई, ललितपुर, उन्नाव, चित्रकूट और जौनपुर के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी क्रमशः पवन कुमार सिंह, श्रीप्रकाश चंद्र उत्तम, राकेश कुमार, सुरेश कुमार सागर, मनोहर लाल और स्वतंत्र वीर सिंह यादव को चकबंदी कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर जवाब तलब किया गया है। वहीं प्रतापगढ़ के उप संचालक चकबन्दी/मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता को पर्यवेक्षणीय दायित्व का निर्वहन न करने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है जबकि गोरखपुर के उप संचालक चकबन्दी अधिकारी राज नारायण त्रिपाठी को कार्य की प्रगति संबंधी सूचना न देने पर पद से हटाने के लिए नियुक्ति विभाग को पत्र लिखा गया है। वहीं सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी रमेश पाल सिंह राणा द्वारा सेवाकाल में अनियमितता पर पेंशन में 20 प्रतिशत कटौती करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

4.87 लाख राज्यकर्मियों को नहीं मिलेगा वेतन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के लाखों राज्यकर्मियों को अपने सैलरी की सुध-बुध ही नहीं है। इन कर्मचारियों ने सरकार के आदेश के बाद भी अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है। मुख्य सचिव के आदेश के बाद भी अब तक 58 प्रतिशत कर्मी अपनी संपत्ति की जानकारी नहीं दे पाए हैं। इन कर्मियों ने अगर दो दिन में ब्यौरा नहीं दिया तो सबकी सैलरी रोक ली जाएगी। 8.34 लाख राज्यकर्मियों में से महज 3.47 लाख ने ही अब तक मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का डिटेल दिया है। 4.87 लाख राज्यकर्मी यानी 58 प्रतिशत ने अब तक विवरण नहीं दिया है। 31 अगस्त रात 12 बजे का वक़्त रहा है। अगर फिर भी ये विवरण नहीं दे पाते हैं तो इन्हें अगस्त महीने का वेतन नहीं मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वो मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का वार्षिक विवरण दें। सरकार ने यह कदम सरकारी कर्मचारियों के संपत्ति विवरण की पारदर्शिता और सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए उठाया है।

मायावती बोलीं, मिशनरी सोच नहीं रखने वालों की बसपा में जगह नहीं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पार्टी लाइन से इतर सोच रखने वाले कुछ नेताओं को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि बसपा में रहकर जो लोग एससी-एसटी आरक्षण के उप वर्गीकरण व क्रीमी लेयर के कांग्रेस की तरह पक्षधर हैं और डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मिशनरी सोच नहीं रखते हैं, तो उनका पार्टी में कोई स्थान नहीं है। एक के स्वार्थ में बाकी पूरे बहुजन समाज के हित की उपेक्षा करना ठीक नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि ऐसी मानसिकता के लोग यदि पार्टी को छोड़कर खुद ही चले जाते हैं या उन्हें अलग कर दिया जाता है तो यह बसपा व मूवमेन्ट के हित में होगा। वैसे भी इसकी आड़ में अब कांग्रेस के इण्डिया गठबन्धन की फूट डालो, राज करो की रणनीति नहीं चलेगी। लिहाजा लोग सजग रहें। उन्होंने कहा कि आरक्षण का यह मुद्दा इन वर्गों को बांटने वाला भी है। बसपा जाति के आधार पर सदियों से तोड़े व सताए गए इन लोगों को जोड़कर बहुजन समाज बनाने का मानवतावादी मूवमेन्ट है, जिससे कोई समझौता संभव नहीं है। पार्टी इस मुद्दे को लेकर अति-गंभीर है। इसको लेकर कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश व तमिलनाडु की सरकारों द्वारा सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले से ही जो वहां एससी व एसटी को बांटने की राजनीति की जा रही है वह ठीक नहीं। खासकर कांग्रेसी सरकारों का रवैया इस मामले में निन्दनीय है।

रिपोर्ट पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई हृदय विदारक घटना के बाद योगी सरकार ने अस्पतालों में तत्काल व्यवस्था चाक चौबंद करने को कहा

अस्पतालों में महिला सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता

- सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मॉनिटरिंग खुद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कर रहे हैं
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत डिप्टी सीएम पाठक ने भी अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। प्रदेश के सरकारी और निजी अस्पतालों में अब खासतौर पर महिला डॉक्टर और नर्स की सुरक्षा के खास बंदोबस्त किए जा रहे हैं। सरकार ने इसे प्राथमिकता पर लिया है। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मॉनिटरिंग खुद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई हृदय विदारक घटना के बाद योगी सरकार ने अस्पतालों में तत्काल व्यवस्था चाक चौबंद करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत डिप्टी सीएम पाठक ने भी अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम का कहना है कि अस्पताल के स्टाफ की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अस्पताल के इंचार्ज कराएं संस्थागत एफआईआर

निर्देश के तहत अगर अस्पताल परिसर में डॉक्टर अथवा चिकित्सा कर्मचारियों के साथ की भी तरह की हिंसा होती है तो अस्पताल के इंचार्ज या उनके प्रतिनिधि द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा एफआईआर कराई जाएगी। इसे संस्थागत एफआईआर कहा जाएगा। इसकी रिपोर्टिंग का काम अस्पताल द्वारा किया जाएगा न कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा।

तीमारदारों को प्रवेश पत्र दिए जाएं

निर्देशों के तहत डिप्टी सीएम ने कहा कि अस्पतालों में ज्यादातर ऐसे लोगों को देखा जाता है, जिनका कोई भी रोगी अस्पताल में भर्ती नहीं है, वे सिर्फ रात्रि विश्राम के लिए अस्पतालों में रुक जाते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। वार्ड, आईसीयू, रेस्टिंग रूम, इमरजेंसी वार्ड, आईपीडी विभाग में रात को प्रवेश के लिए तीमारदारों को प्रवेश पत्र दिए जाएं।

अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए

रात में ड्यूटी में महिला चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों को रोगियों को देखने के लिए अन्य ब्लॉक एवं वार्ड में जाना पड़ता है, उनके आने-जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। अस्पताल के परिसर, आवासीय क्षेत्र, हॉस्टल में रात्रि में समुचित प्रकाश व्यवस्था की जाए ताकि अंधेरे का फायदा उठा कर कोई असमाजिक तत्व अंदर न आ सके। रात को चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा हेतु सुरक्षा अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। अस्पताल परिसर में सोने वाले तीमारदारों से भी समय-समय पर पूछताछ की जाए।

24 घंटे सुरक्षा हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील किया जाए

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि चिकित्सालय परिसर में 24 घंटे सुरक्षा हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील किया जाए। कंट्रोल रूम में जरूरी सुरक्षाकर्मी तैनात रहें। हॉस्पिटल की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रिटायर्ड सेना के जवानों की भर्ती की जाए। इसके साथ ही चिकित्सालय के पास के पुलिस थाने के लिए समन्वय तथा नियमित रूप से संवाद स्थापित किया जाए।

सीसीटीवी कैमरों की समय-समय पर चेकिंग की जाए

डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत चिकित्सालय में महिला चिकित्सकों व महिला कर्मियों के लिए आंतरिक यौन उत्पीड़न समिति का गठन किया जाए। हॉस्पिटल में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की समय-समय पर चेकिंग की जाए। परिसर में लगे हुए सभी कैमरों की संख्या ठीक होनी चाहिए और सभी क्रियाशील होने चाहिए। अस्पताल में ठेका और आउटसोर्सिंग स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना:

आवासों के निर्माण में यूपी अन्य राज्य सरकारों में सबसे आगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण के तहत आवासों के निर्माण में उत्तर प्रदेश अन्य राज्य सरकारों में अपेक्षा सबसे आगे हैं । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन लाभार्थियों को आवासों के लिए जो धनराशि आवंटित की गयी है, उसके सापेक्ष जो आवास नहीं बन पाये या अधूरे हैं, उन्हें अतिशीघ्र पूरा कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं आवासों के निर्माण में जहां शिथिलता बरती गयी हो, वहां की जांच मुख्यालय स्तर से करायी जाय, और जहां लापरवाही की गयी होगी, जांचोपरांत यदि कोई दोषी पाया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीण कल्याण की किसी भी योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

अधिकांश पंचायत भवनों में लटकता मिला ताला, पंचायत सहायक रहे नदारद

रिएल्टी चेक में सामने आई हकीकत: शासन के मंसूबों पर पानी फेर रहे लापरवाह कर्मचारी, खण्ड विकास अधिकारी बोले जांच कर करेंगे कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मानिकपुर विकास खण्ड अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवालयों में ताला लटक रहा है। पंचायत सहायक गायब रहे। ग्रामीणों ने बताया आज ही नहीं पंचायत सहायक हमेशा गायब रहते हैं।

शनिवार को जन एक्सप्रेस के रिएल्टी चेक में हकीकत सामने आई है। मानिकपुर क्षेत्र के अमचूर नेरूआ, किहुनिया, टिकरिया,मनगवा, बंभिया, इटवा डुडैला ग्राम पंचायत के सचिवालयों में ताला बंद मिला और पंचायत सहायक नदारद मिले। शासकीय कार्यों में कितनी लापरवाही बरती जा रही है, इससे सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है। कर्मचारियों द्वारा अपनी ड्यूटी कितनी ईमानदारी से की जा रही है इसका ज्वलंत उदाहरण जन एक्सप्रेस के रिएल्टी चेक है। इससे साफ हो रहा है कि कर्माचारी बगैर काम किए ही हर माह फ्री का वेतन लेना चाह रहे हैं। कर्मचारी अपने मनमर्जी के मालिक बने हैं। पंचायत भवन बंद होने और पंचायत सहायकों के गायब रहने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने लाखों रूपए खर्च कर पंचायत भवनों को हाईटेक बनाया है। जिससे ग्रामीणों को जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, विधवा पेंशन व वृद्धा पेंशन बनवाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय तक दौड़ न लगानी पडे। कंप्यूटर सिस्टम के लिए सरकार द्वारा दिए गए एक लाख 75 हजार रुपये खर्च करने के बावजूद पंचायत भवनों में हमेशा ताला ही बंद रहता है। शानदार भवन और कम्प्यूटर से लैस कर पंचायत सहायकों की नियुक्ती की गई है। जिससे लोगों को ब्लाक के चक्कर न लगाने पड़े और उनका काम उनके पंचायत सचिवालय में ही हो जाएं। लेकिन पंचायत भवनों का ताला ही नहीं खुल रहा है।

खण्ड विकास आधिकारी उवाच

इस मामले को लेकर जब खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर शैलेंद्र सिंह से की गई तो उन्होने ने कहा जो भी कर्मचारी गायब मिले हैं,उनका वेतन रोककर कार्यवाही की जाएगी। पंचायत स्तरीय कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंचायत भवन बंद पाए जाने पर संबंधित पंचायत सहायक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इन पंचायत सचिवालयों में लटकता मिला ताला

जन एक्सप्रेस के रिएल्टी चेक में मानिकपुर ब्लॉक के अमचूर नेरुआ, किहुनिया, टिकरिया ,मनगवा, बंभिया, इंटवा डुडैला,के पंचायत भवनो में ताला लटकता मिला। पंचायत सहायक नदारद मिले। वहीं डोडामाफी में प्रधान पति सचिवालय में बैठे मिले। बताया 1 वर्ष से पंचायत सहायक का पद रिक्त है, नियुक्ती के लिऐ प्रक्रिया की जा चुकी है। पंचायत सहायक बिना काम किए ही फ्री में वेतन उठाने के आदी हो गए हैं।

सचिवालयों से कम्प्यूटर सिस्टम गायब

जिस कंप्यूटर सिस्टम को ग्राम पंचायत सचिवालय में रखा जाना चाहिए था उसे सुविधानुसार अपने घरों में रख लिया गया है। अधिकांस ग्राम पंचायतों के सचिवालय में रखे कम्प्यूटर सिस्टम को बाहर ले जाया गया है। कहीं सीपीयू गायब है तो कहीं अन्य उपकरण गायब है। ग्राम पंचायत में होने वाले पेमेंट करने की ज़िम्मिदारी पंचायत सहायक की है, लेकिन उनसे पेमेंट न कराकर अपने मामाफिक चहेतों से कराया जा रहा है। कई प्रधानों के डोंगल भी उनके पास नहीं हैं, जो गैरकानूनी है।

लापरवाही से ग्रामीणों को हो रही समस्याएं: नत्थू कोल

मानिकपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन नत्थू कोल का कहना है कि पंचायत सहायकों को नियुक्त करने का उद्देश्य था कि ग्राम पंचायत स्तर पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल सके। उनको मानदेय तो मिल रहा है, लेकिन वे कभी कभार ही पंचायत भवन पहुंचते हैं। जिससे ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल रहा है। अधिकारीयों की सही मॉनिटरिंग और निगरानी न होने से हद से ज्यादा लापरवाही की जा रही है। कहा लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल, विधवा, वृद्धा पेंशन आदि के लिऐ ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। नत्थू कोल ने पंचायत भवन का नियमित संचालन कराए जाने की मांग की है।

गांजा के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थ की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक रमेश चन्द्र तिवारी एवं आरक्षी लवकुश यादव, अजय मिश्रा द्वारा तमीम निवासी ग्राम रायपुर को 3 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

कारतूस के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह तथा उप निरीक्षक कृष्णदेव सिंह, आरक्षी उज्जवल पाण्डेय, बुद्धसेन विक्रम द्वारा सलमान निवासी ग्राम रायपुर को कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

धनंजय मिश्रा का भू वैज्ञानिक के पद पर हुआ चयन

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट

जनपद के रामनगर उपरौली ग्राम पंचायत के किसान मूलचंद मिश्रा के बडे बेटे धनंजय मिश्रा ने सीजीएसई परीक्षा पास कर भू वैज्ञानिक बने हैं। धनंजय मिश्रा ने इण्टर तक की पढाई जनपद में ही रहकर पास किया है। बीएससी और एमएससी प्रयागराज में किया। शेष डिग्री मुंबई में रहकर पास किया और वहीं रहकर तैयारी की। धनंजय मिश्रा दो भाइयों में बडा है। छोटा भाई हर्ष मिश्रा प्रयागराज में रहकर पढाई करता है। मां ममता देवी मिश्रा ग्रहणी है। धनंजय मिश्रा का केन्द्रीय खान मंत्रालय में जूयोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया में भू वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है, उनको पूरे देश में 48वीं रैंक मिली है। धनंजय मिश्रा ने इसका श्रेय अपने पिता, माता तथा गुरुजनों को दिया है। चयन की सूचना मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड गई। परिजनों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान बरिया रन्ति देव त्रिपाठी, पूर्व प्रधान उफरौली सरोज मिश्रा, अजय मिश्रा, पंकज द्विवेदी, सीपी मिश्रा, करुणा शंकर पांडेय, रामेश्वर प्रसाद, रमेश चंद्र, लाला मिश्रा, जागेश्वर प्रसाद, मिथिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सुलह के जरिए समाप्त कराया गया दहेज सम्बन्धी मुकदमा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा लगभग 20 वर्ष से चल रहे दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मुकदमें को सुलह समझौते के आधार पर समाप्त करा दिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दहेज प्रतिरोध अधिनियम में पारित निर्णय के विरुद्ध फौजदारी अपील लगभग दो वर्ष से लम्बित है। न्यायालय में गुडिया उर्फ लक्ष्मी बनाम संतोष उर्फ राजा की पत्रावली में पक्षकारों के मध्य लगभग बीस वर्षों से चल रहे विवाद को जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा सुलह-समझौता कराया गया। सुलह समझौते के समय राहुल शर्मा मध्यस्थ अधिवक्ता उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इसके पूर्व में भी अनेक वादों में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराया गया है।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण के लिए पक्षकारों को न्यायलय व बैंकों द्वारा दी गयी नोटिसों को अधिक से अधिक संख्या में तामीला सुनिश्चित कराने के लिए सभी थानों के पैरोकारों को निर्देशित किया गया।

2 से 15 सितम्बर तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 2 से 15 सितम्बर तक मनाया जायेगा। जिला मुख्यालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के लिये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 2 से 15 सितम्बर तक घर-घर में चलाया जायेगा। जनपद मे खोजी अभियान के अन्तर्गत कुल 855 टीम एवं 43 पर्वेक्षक लगाये गये है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने कुष्ठ के लक्षण के बारे में बताया कि चमडी पर बने दाग धब्बे जिसका रंग चमडी के रंग से हल्का या गाढा हो, चमडी पर बने दाग धब्बे जिसमे निश्चित रूप से शून्नपन हो, हाथ-पैर मे झुनझुनाहट, हाथ-पैर की नशों में दर्द हो एवं मोटापन, चहरे और कान में गाठे हो। इसका उपचार समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क होता है। प्रत्येक घर में दो वर्ष से ऊपर महिलाओं एवं पुरुषों का 2 से 15 सितम्बर तक कुष्ठ रोग की जाँच की जायेगी।

डीएम और एसपी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भाद्रपद मास की सोमवती अमावस्या मेले की तैयारी को लेकर रामघाट, खोही का स्थलीय निरीक्षण किया। भाद्रपद मास की सोमवती अमावस्या 2 सितंबर को होगी। जिसमें 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना बताई गई है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि पूरे रामघाट में बैरीकेटिग के साथ ड्रम भी लगाएं, जिससे श्रद्धालु अंदर न जा सके। उन्होंने कहा कि जो वोट व नाविक लगेंगे, वह प्रशिक्षित होना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पूरे मेले में साफ सफाई बनी रहनी चाहिए। साथ ही पशुओं का आवागमन नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि खोया पाया केन्द्र सुचारू रूप से चलता रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा जो संचालित नहीं है, उसे तत्काल सही कराए। कहा कि मेले में प्रकाश की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए एवं बैकअप के रूप में जनरेटर भी लगाएं। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि रामघाट पर जो लाइट की केबल बिछाने के लिए खोदी गई है, उसे तत्काल सही कराए। उन्होंने कहा कि रामघाट पर जो पत्थर टूटे-फूटे हैं, उसे सही कराए। साथ ही कहा कि जो रामघाट का प्रवेश द्वार बन रहा है, उसके पोल को बैरिकेटिंग कराए। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि रामघाट के पास जो ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, दुर्घटना से बचने के लिए उसे कहीं शिफ्ट कराए। साथ ही कहा कि जो गेट बना रहे हैं, उससे किसी प्रकार की कोई दुर्घटना नही होनी चाहिए, इसकी एफिडेविट जूनियर इंजीनियर से लें। उन्होंने कहा कि मेले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, अधिशासी अभियंता सिंचाई एस के प्रसाद, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक इमरान खान तथा आरक्षी प्रकाश मिश्रा द्वारा शेरू निवासी ग्राम रायपुर को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

दो आरोपियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अपनी गैंग को आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ प्राप्त कराने के लिए आपराधिक षडयंत्र कर धोखाधडी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग लीडर बालम उर्फ देवेशपति द्विवेदी निवासी ग्राम डेराबरी थाना लालापुर, कमल सिंह निवासी माढ़ा कटरा थाना शंकरगढ जनपद प्रयागराज के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई।

कारागार पुलिस महानिदेशक ने जेल में जाना बंदियों का हाल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

प्रदेश के कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा पुलिस महानिदेशक पीवी रामाशास्त्री ने शनिवार को चित्रकूट जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुलाकात पर्ची काउंटर समेत जेल की समुचित व्यवस्थाएं देखीं।

चित्रकूट जिला कारागार पहुंचने के बाद डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय से कहा कि पढ़ाई करने वाले बंदियों के परीक्षा फार्म समय से भरा दिया जाए। साथ ही आनलाइन मुलाकात की प्रक्रिया के जरिए बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों और मुलाकातियों की मुलाकात कराएं। जिससे मुलाकातियों को असुविधा न हो। इस पर जेल अधीक्षक ने बताया कि आनलाइन रजिस्ट्रेशन कर मुलाकाती जेल में नियमानुसार मुलाकात कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने बीमार और भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में भी जानकारी की। उन्होंने शस्त्रागार, मुलाकात घर, कारागार अस्पताल, पाकशाला, नियंत्रण कक्ष, सुरक्षा उपकरणों के साथ विभिन्न सर्किलों में बनी बैरकों का निरीक्षण किया। साथ ही कारागार परिसर में बने किशोर सदन का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद कारागार अधिकारियों के साथ सभी सुरक्षा बिंदुओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान दी गयी जानकारी पर उन्होंने संतोष जताया। इस दौरान जेल में कौशल विकास के तहत दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी भी दी गयी। इसके पूर्व कारागार पहुंचने पर पीएसी के जवानों द्वारा डीजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, डॉ रामानुजन मौर्य, विकास सिंह, डिप्टी जेलर रजनीश सिंह, बृजकिशोरी, प्रमोद कन्नौजिया व चितरंजन प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

कंटेनर से टकराने के बाद डिवाइडर से भिंडी कार दो घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। जालौन कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और उसपर सवार चार लोगों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दो हादसे में बाल बाल बच गए। जिला बांदा के कालूकुआं निवासी जीतू मिश्रा 28 वर्ष, कमलेश वाजपेई 45 वर्ष, शुभी 22 वर्ष पुत्री कमलेश और स्वयं 17 वर्ष पुत्र कमलेश अपनी लग्जरी कार से इटावा की ओर से चित्रकूट की तरफ जा रहे थे। इस दौरान जब वह लोग बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के जालौन कोतवाली क्षेत्र से गुजर रहे थे तभी तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर से जा टकराई और फिर बेकाबू कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और आगे की तरफ बैठे जीतू मिश्रा व कमलेश गम्भीर रूप से घायल हो गए। जबकि पीछे की ओर बैठी शुभी व स्वयं सुरक्षित रहे। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और राहगीरो ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई

यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पांचवे और आखिरी दिन जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के केंद्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने छत्रसाल इण्टर कॉलेज जालौन सहित विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां सीसीटीवी कैमरो की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रवेश व निकासी व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरो की निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी से की जा रही निगरानी को भी देखा। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा को सुचिता पूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम के बीच सकुशल परीक्षा संपन्न हो गई है।

कांग्रेसियों ने बीजेपी सांसद कंगना के खिलाफ किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। उरई

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार ज़िला कांग्रेस कमेटी के जिलाअध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रानौत द्वारा देश के किसान पर की गई अभद्र टिप्पड़ी में उन्होंने बलात्कारी और हत्यारा जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया। कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हमेशा कहा कि देश का किसान इस देश की ताक़त है और उनका सम्मान करना होगा और पूरी कांग्रेस पार्टी आज इस हिंसा और नफ़रत के दौर में देश के जवान, नौजवान और किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और जब तक इस तानाशाही और मंडी से सांसद कंगना रानौत पर कार्यवाही नहीं होती, तब तक कांग्रेस किसानों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ती रहेगी। ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला और किसान कांग्रेस जालौन के अध्यक्ष वीरपाल राजपूत ने संयुक्त रूप से महामहिम राष्ट्रपति को ज़िलाधिकारी के माध्यम से विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। इस दौरान ज़िला उपाध्यक्ष मो फ़ैज़ानुल हक़, अरविंद सिंह सेंगर ने कहा कि देश को अनाज संपन्न बनाना हो और आज कृषि प्रधान देश में किसानों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी आज देश के किसानों के साथ खड़ी है। कार्यक्रम डॉ. आदित्य कुमार मिश्र, सीताराम वर्मा जी, लालू शेख, लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी, मुकुल, शशांक, अश्वनी, पवन, इसरार ख़ान, अप्पू ख़ान, इरफ़ान ख़ान आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

चैकिंग में गैर गैर मान्यता के संचालित हो रहे दो विद्यालय को कराया बंद

जन एक्सप्रेस। कालपी

शनिवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के द्वारा गठित टीम के साथ खंड शिक्षा अधिकारी ने महेवा विकास खंड के ग्रामों के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान बिना मान्यता के संचालित हो रहे दो विद्यालयों को बंद करने की कार्यवाही की गई। विभाग के द्वारा की गई इस कार्यवाही से गैर मान्यता के चल रहे विद्यालयों के संचालकों में हड़कम्प मच गया।

पुलिस टीम के साथ खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने महेवा ब्लाक में चल रहे उड़ान भारती स्कूल न्यामतपुर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान विद्यालय संचालक से मान्यता के कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया लेकिन विद्यालय संचालक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सकें। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में ताला लगाकर बन्द कर दिया। इसी प्रकार गुरुकुल एकेडमी अभैदेपुर का औचक निरीक्षण किया। लेकिन वह भी मान्यता के कागजात प्रस्तुत नहीं कर सकें। उक्त विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं को नजदीकी विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने के लिए इसकी सूची भेजी गई है। बिना मान्यता के स्कूल संचालन बंद करने के लिए पूर्व में दो-दो नोटिस भी विभाग के द्वारा दिये गए थे। दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा नियमों की जानकारी (मान्यता के नियमों) के अभाव में विद्यालय का संचालन किये जाने एवं भविष्य में स्कूल संचालन न करने व बन्द करने का लिखित रूप से आश्वासन दिया गया।

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

सकुशल संपन्न हुई अंतिम दिवस की पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा, धरे गए चार अभ्यर्थी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

प्रदेश मे नागरिकों के लिए 60244 पदों पर आयोजित लिखित पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का बीते दिन शनिवार को अंतिम दिन था।
इस अंतिम दिवस की आयोजित परीक्षा पर कानपुर मे प्रथम पाली की परीक्षा मे कुल 19,635 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जबकि कुल 25,800 अभ्यर्थियों को उपस्थित होना था। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा मे कुल 19,789 अभियर्थी उपस्थित हुए जबकि कुल 25,787 अभ्यर्थियों को उपस्थित होना था। इसी प्रकार दोनो पालियों को मिलाकर इस अन्तिम दिवस की परीक्षा मे कुल 39,424 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। वहीं अंतिम दिवस की परीक्षा के दौरान सेंध लगाने का प्रयास करने वाले 4 अभ्यर्थीयों को कानपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार भी किया गया है। जिसमे प्रथम पाली मे थाना कलक्टरगंज क्षेत्र मे स्थित ज्ञान भारती गर्ल्स इंटर कॉलेज से एक अभ्यर्थी विपनेश कुमार और चिरंजीलाल इंटर कॉलेज से एक अभ्यर्थी सोनू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा मे थाना किदवई नगर क्षेत्र मे बने परीक्षा केंद्र डॉक्टर चिरंजीलाल इंटर कॉलेज से एक अभ्यर्थी ओमवीर और थाना कोतवाली क्षेत्र के परीक्षा केंद्र से एक अभ्यर्थी निहाल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
अंतिम दिवस की पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 69 परीक्षा केंद्रों मे जनपदीय नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, जोन नोडल अधिकारी, जोन सहायक नोडल अधिकारी, राजपत्रित सेक्टर पुलिस अधिकारीयों की निगरानी मे कराई गई। जिसमे कुल 1466 पुलिसकर्मी व अधिकारी मौजूद रहे। परीक्षा कक्षों मे सीसीटीवी कैमरों के द्वारा इन सभी अधिकारियों ने लगातार व सघन मॉनिटरिंग करी एवं पुलिस अधिकारियों एवं फ्लाइंग स्क्वैड टीम सभी केन्द्रों पर अपना अपना पूरा ध्यान देते रहे।
जिसको लेकर अंत मे अंतिम दिवस की दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

प्रथम पाली मे परीक्षा के दौरान पकड़ा गया अभ्यर्थी

- प्रथम पाली मे परीक्षा केंद्र मे लगभग सुबह 9 :30 बजे ज्ञान भारती गर्ल्स इण्टर कॉलेज पर कक्ष संख्या अ13 मे कक्ष निरीक्षका दीक्षा सक्सेना एवम् अमित कुमार शर्मा द्वारा परीक्षा शुरू होने से पूर्व ही अभ्यर्थी विपनेश कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम नगरिया दगऊ थाना कुरावली जिला मैनपुरी को गले मे नेकबैंड (ऑडियो डिवाइस) लगाए हुए पकड़ लिया गया। इस मामले मे थाना कलक्टरगंज पर धारा 4/10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 पंजीकृत का मुकदमा दर्ज कार्यवाही करी गई है।
- प्रथम पाली मे डॉ. चिरंजीलाल इण्टर कॉलेज किदवई नगर मे रमाकान्त पुत्र शिवतान सिंह निवासी आगरा की जगह पर उसका चचेरा भाई सोनू सिंह पुत्र बनवारी लाल निवासी आगरा परीक्षा देने के लिए रमाकान्त के नाम का फर्जी आधार कार्ड लेके आया था। जो कि कार्ड नं और बायोमेट्रिक के मिसमैच होने से पकड़ा गया। इस मामले मे थाना किदवई नगर पर धारा-419, 420, 467, 468, 471 मे मुकदमा दर्ज कार्यवाही करी गई है।

द्वितीय पाली मे परीक्षा के दौरान पकड़े गए अभ्यर्थी

- डॉक्टर चिरंजी लाल इंटर कॉलेज किदवई नगर पर स्थित ओमवीर पुत्र गीतम सिंह निवासी किलौनी थाना बलदेव जनपद मथुरा जो द्वितीय पाली मे परीक्षा देने आया था। जब इसका बायोमेट्रिक हुआ तो बायोमेट्रिक मिलान मे वहां पर लोकेश पुत्र गीतम सिंह नाम से शो होने लगा। जो कि सेना की भर्ती मे वर्ष 2021-22 मे लोकेश नाम से भर्ती मे भाग ले चुका है जब इससे पूछताछ की गई तो इसने बताया कि मै अपने भाई के कागजात से आर्मी की भर्ती देख चुका हूं। ओमवीर द्वारा इससे पहले लोकेश बनकर परीक्षा दी गई है। जिसको धोखाधड़ी करते हुए मौके से गिरफ्तार किया गया है। इसके ऊपर थाना किदवई नगर पर मुकदमा धारा 420, 467, 468, 471 का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करी गई है।
- क्राइस्ट चर्च इण्डर कॉलेज थाना कोतवाली कानपुर नगर पर अभ्यर्थी निहाल सिंह पुत्र मानसिंह निवासी हसैला थाना अछनैरा जिला आगरा जो द्वितीय पाली मे परीक्षा देने आया था। जब इसका बायोमेट्रिक हुआ तो बायोमेट्रिक मिलान मे अभ्यर्थी के जन्मतिथि मे मिस-मैच होना पाया गया। जिसके बाद पूछताछ मे अभ्यर्थी द्वारा दो बार हाई स्कूल किया जाना बताया गया। पहली बार हाई स्कूल सन 2010 मे किया गया था तथा दूसरी बार अभ्यर्थी ने 2018 मे किया जाना बताया है। जिसको लेकर अभ्यर्थी को मौके पर गिरफ्तार कर थाना कोतवाली पर धारा 420, 467, 468, 471 मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करी गई है।

परीक्षा समाप्त होते ही अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोड पर दिखे पुलिस अधिकारी

बीते दिन शनिवार को अन्तिम दिवस की पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की समाप्ति के बाद झकरकट्टी बस अड्डे पर यातायात व्यवस्था को सामान्य व बेहतर रखने के लिए डीसीपी दक्षिण रवीन्द्र कुमार, एसीपी यातायात सृष्टि सिंह एवं बाबूपुरवा थाना प्रभारी पूरे पुलिस बल के साथ मौजूद दिखे और खुद रोड पर उतरकर पूरी पुलिस टीम द्वारा परीक्षा के लिए आये अभ्यर्थियों को गृह जनपद के लिए रवाना करते नजर आए। साथ ही पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा चौराहों पर ड्यूटी मे लगे पुलिसकर्मियों को यातायात व्यस्था बेहतर रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

राधन में विवाहिता की मौत पर गुस्साएं परिजनों ने हाइवे में लगाया जाम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाना अंतर्गत राधन गांव में नव विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटक हुआ शव मिला था भाई बहन और पिता आदि परिजनों ने जान मारकर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया था शनिवार को शव पोस्टमार्टम से वापस आने पर मायके पक्ष देवीपुर सराय गांव के परिजनों ने गुस्सा कर nh34 उत्तरीपुरा में जाम लगा दिया जाम करीब 4 घंटे तक जाम रहा उसमें विधायक राहुल बच्चा सोनकर के अथक प्रयास और परिजनों को समझने में सफल रहे। ग्रामीणों ने शव को हाईवे पर दोनों तरफ जाम लगा रखा था सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे इस समय विधायक बिल्हौर से कार्यक्रम से वापस जाते वक्त वह भी जाम में फंस गए उन्होंने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया बहुत देर बाद वह लोग इस बात पर जाम खुलवाने को राजी हुए कि हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया जाए और जल्द परिजनों/आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए इस मौके पर एसीपी अजय त्रिवेदी एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी कई थानों का फोर्स हाईवे पर मौजूद था।

एनएच 34 हाइवे जब से बना है तब से अभी तक कोई भी हाईवे पर जाम नहीं लगा है पुराने जीटी रोड पर तो जाम बरसों पहले लगे हैं वह भी इतने घंटे तक नहीं लगा है। लेकिन इस हाइवे पर पहली बार जाम लगा जिससे आम जनता कहने लगी कि अब इस पर भी जाम लगने लगा जहां पर लोग चढने से कतराते थे आज 4 घंटे में पसीने छूट गए है दिल्ली अलीगढ़ यात्रा करने वाले भी लोग इसमें फंसे रहे वहीं पर प्रतिदिन बिल्हौर कन्नौज से अप डाउन करने वाले चार पहिया वाहन भी इसी में फंसे रहे वह रात 9:00 बजे के आसपास निकलना हो सका आखिरकार पुलिस पहले से चेत जाती तो ग्रामीणों को हाईवे पर चढ़ने नहीं देती तो भी इतना जाम बड़ा नहीं लगता इससे अनजान रही कि इतना विकराल ग्रुप मायके पक्ष के लोग ले लेंगे और हाईवे को जाम कर देंगे वहीं पर चर्चा है क्या जाम लगाने वालों पर भी मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

छात्राओं से छेड़खानी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कानपुर में छात्रों से छेड़खानी का मामला सामने आया है। कानपुर के जीआईसी इंटर कॉलेज में पढ़ाई करने वाली दो लड़कियां कॉलेज से अपने घर को जा रही थी। तभी रास्ते में दो मनचले युवक अमित गौतम और अफरीदी ने स्कूटी से जा रही दोनों लड़कियों को रोक लिया। उन्हें सड़क किनारे खींचकर उनसे छेड़खानी की उनके कपड़े फाड़ दिए। रेप का प्रयास किया। जब दोनो लड़कियोंने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट भी की। अमित गौतम और उसके साथी आफरीदी ने दोनों लड़कियों का विडिओ बनाया। धमकी देते हुये कहा कि अगर किसी को बताया तो पूरे शहर में बदनाम कर दूंगा। कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचोगी। लड़कियों को शोर मचाने पर दोनों युवक भाग निकले। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ कि जा रही है। छात्राओं के पिता के तहरीर पर दोनों शोहदों आफरीदी और अमित को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेप का प्रयास, छेड़खानी समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कि गई है।

बिल्हौर कन्नौज और फर्रुखाबाद में तूफानी दौड़ाकर अनुप्रिया पटेल समर्थकों से मिल हुई रवाना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर कस्बे में शुक्रवार से ही केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के स्वागत में अपना दल के पदाधिकारी लखनऊ आगरा एक्सप्रेस हाईवे से शाम को शुक्रवार को अरौल कट पर जोरदार स्वागत किया जहां से वह कन्नौज में रात्रि विश्राम के बाद में सुबह कन्नौज फर्रुखाबाद में दर्जनों कार्यक्रमों में भाग लेकर शनिवार शाम को बिल्हौर पहुंची शनिवार दिन भर इलाके में सक्रिय रहे मंत्री का काफिला आते ही समर्थ होने उन्हें घेर कर जिंदाबाद के नारे आरंभ कर दिए अंकित पटेल के आवास पर जोरदार स्वागत हुआ यहां पर सैकड़ो गाड़ियां लखनऊ फतेहपुर कन्नौज आज जगह की मौजूद रही इस मौके पर घाटमपुर विधायक सरोज कुरील,जिलाध्यक्ष अपना दल बब्लू कटियार महामंत्री अमित श्रीवास्तव, अनिल कटियार बबलू कटियार उज्जवल कटियार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समर्थनों ने अनुप्रिया पटेल का स्वागत किया बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक मिश्रा उर्फ टुन्नू महामंत्री महेंद्र कुशवाहा मौके पर सभी पार्टी पदाधिकारी ने इलाके की जानकारी अनुप्रिया पटेल को दी।
मंत्री के काफिले में कई जगह पर आवारा गोवंश ने अवरूद्ध किया कहीं पर गोवंश भगदड़ में खंती में जाकर गिरे। भारी पुलिस बल रास्ते को साफ करते रहे लेकिन वहां तो पुलिस के कहने पर है गए लेकिन आवारा गोवंश बीच-बीच में निकलते रहे जिससे डिकटों का सामना करना पड़ा पुलिस को।

नाना मऊ घाट पर सुबह 6 :30 बजे दोस्तों के साथ स्नान के लिए आए युवक गंगा नदी में डूबा

✻ स्थानीय गोताखोर और नविको ने युवक की तलाश शुरू की

✻ विधायक एसडीएम तहसीलदार एडीसीपी एसीपीपुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद।

- बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर और एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी भी घंटे भर घाट पर बैठकर आपस में चर्चा करते रहे। कहां के रहने वाले और कहां सर्विस करते हैं और कहां पर परिवार है और स्नान करने इतनी दूर आए।
- साथ में आए उनको ने बताया कि कई दिनों से गंगा स्नान और तैरने की बात कर रहे थे जब भी लखनऊ आते या फोन पर बात करते तो वह गंगा स्नान की ही बात करते थे सुबह 4:00 बजे हम लोगों को जगा दिया और 5 :00 बजे लखनऊ से निकल पड़े 6 :30 बजे नाना मोटर पर आ गए थे वहां पर हम लोग स्नान कर रहे थे बाद में बोले कि हमको सेल्फी लो हमारा रियल बनाओ हम तैरना जानते हैं वहां पर मौजूद पुजारी ने गंगा पुजारी ने मना किया आगे पानी गहरा है आगे मत जाओ तो उन्होंने बताया कि हम ही बांगरमऊ पास के रहने वाले हैं हम तैरना जानते हैं पंडित जी आप परेशान हो।
- वह डूबते रहे और साथी रील बनाते रहे उन्होंने सोचा कि अभी डुबकी लगाई है अभी उछलकर ऊपर आ जाएंगे लेकिन कई मिनट तक जब बाहर नहीं निकले और वहां पर मौजूद ग्रामीण चिल्लाने लगे कि वह तो डूब गए तुम लोग रील बनाते ही रह गए फिर वहां पर मौजूद एक दुकानदार नाबालिक से उन लोगों ने गोताखोर बुलाने के लिए पैसे की भी बातचीत की लेकिन जब तक गोताखोर आए तब तक घंटे बीत चुके थे बाद में उस व्यक्ति से पैसे भी प्रधान ने पैसे वापस करवाए।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर थाना क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर दोस्तों के साथ स्नान करने के लिए आया युवक गंगा नदी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने युवक की तलाश शुरू की। लखनऊ इंदिरा नगर निवासी 45 वर्षीय आदित्यवर्धन सिंह पुत्र रमेश, खामोला थाना बांगरमऊ, उन्नाव, मौजूदा समय में बनारस में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थे और उनकी पत्नी न्यायिक विभाग में कार्यरत हैं। शनिवार सुबह वह अपने साथी पड़ोस में रहने वाले खमोली बांगरमऊ निवासी प्रदीप तिवारी पुत्र विजय बहादुर व पतसिया बांगरमऊ निवासी योगेश्वर मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्रा के साथ कार यूपी 32 द्वारा बिल्हौर थाना क्षेत्र में नानामऊ स्थित गंगा तट पर स्नान करने के लिए आए थे। गंगा में स्नान करते समय अचानक गहराई में जाने से वह गंगा नदी में डूबने लगे। साथियों के शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक वह गंगा नदी में डूब गए गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों ने और नाविकों ने जाल डालकर युवक की तलाश शुरू की। घटना में 12 घंटे से अधिक समय भी जाने के बाद भी युवक का अभी तक कहीं पता नहीं चल सका। बिल्हौर एसीपी अजय त्रिवेदी अनुसार के अनुसार गंगा नदी में डूबे युवक की स्थानीय गोताखोरों से तलाश कराई जा रही है। एनडीआरएफ की टीम भी तलाश कर रही है मौके पर परिजन भी पहुंच गए हैं।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में 21वीं राष्ट्रीय पशुगणना प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में कराया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर विकासखंड सभागार में बिल्हौर तहसील क्षेत्र के 21वीं राष्ट्रीय पशु गणना का प्रशिक्षण कर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर डॉक्टर नीरज पटेल द्वारा 21वीं पशु गणना की प्रक्रिया में बीड के लक्षण एवं पशुपालन पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया का विस्तार से विवरण बताते हुए सभी गणनाकर्ताओ तथा सुपरवाइजरों को विधिवत्त प्रशिक्षण दिया गया यह पशु गणना 1 सितंबर से प्रारंभ होकर चार माह तक चलेगी प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ नीरज पटेल एवं जनार्दन सचान के अलावा प्रशिक्षण में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.संतोष कुमार द्विवेदी, शिवराजपुर से डॉ शरद, चौबेपुर से डां राजेश कुमार इटरा से डॉ अरुण कटियार, उत्तरीपुरा से डॉ शिव ओम गंगवार सहित चारों विकासखंड के गणना कर्ता उपस्थित रहे उनको जो भी दिक्कतें आती रही वह विधवा सबको समझते रहे यहां तक उनको पोर्टल पर लोड करना भी बताया गया और यह भी बताया गया कि कहीं पर भी कोई गलती ना हो कहीं पर गलत मालूम पड़े तो तुरंत संपर्क कर सुधार करें आराम से करें 4 महीने में सारी गणना कंप्लीट होकर रिपोर्ट भी हो जाएगी।

गोविंदपुरी होकर जाएगी कटरा मेल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

नवरात्र से पहले शहर के श्रद्धालुओं को तोहफा मिला है। अब माता वैष्णो देवी जाने वालों के लिए गोविंदपुरी स्टेशन से सातों दिन जम्मू के कटरा के लिए ट्रेन मिलेगी। यह ट्रेन मौजूदा समय में दिल्ली से कटरा के बीच चल रही है। अब इसका विस्तार प्रयागराज के सूबेदारगंज तक किया जा रहा है। चार सितंबर को कटरा से चलकर ट्रेन 14034 प्रयागराज के सूबेदारगंज तक आएगी, जबकि पांच सितंबर को सूबेदारगंज से ट्रेन कटरा स्टेशन के लिए रवाना होगी।
उत्तर मध्य रेलवे की पीआरओ रागिनी ने बताया कि ट्रेन 14034 दोपहर 3:20 बजे कटरा से चलेगी और अगले दिन सुबह साढ़े चार बजे दिल्ली आएगी। यहां से अलीगढ़, टूंडला होते हुए सुबह 9:25 बजे गोविंदपुरी स्टेशन आएगी। पांच मिनट रुकने के बाद दोपहर 12:35 बजे प्रयागराज के सूबेदारगंज पहुंचेगी।

एनसीसी कैडेट्स को पुलिस होमगार्ड रोडवेज नौकरी मे मिले पच्चीस फीसद आरक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्था ने ऐलान किया कि 3 सितम्बर को लखनऊ विधानसभा के पास विशाल धरना-प्रदर्शन जहां पर प्रदेश भर के एनसीसी कैडेट्स शामिल होंगे। संस्था के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि इस प्रदर्शन मे प्रत्येक सरकारी नौकरी मे एनसीसी कैडेट को पच्चीस फीसदी आरक्षण एवं बोनस अंक व उम्र मे छूट दिए जाने एवं अन्य मांगों का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इसके साथ ही एनसीसी के सी प्रमाण पत्र धारियों को सुरक्षा बलों, सैनिकों एवं गैर सैनिकों (अर्ध सैनिक) बलों मे पांच वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाए। एनसीसी स्पेशल एंट्री मे सीटों की संख्या बढ़ाए जाने, टीएससी, आरडीसी व नौ सेना कैंप, वायूसेना कैम्प सर्टिफिकेट धारी कैडेटों को सेना की सेन्ट्रल भर्तियों मे शामिल होने की पात्रता दी जाए एवं पूर्व एनसीसी कैडेटों को स्पेशल एंट्री के तहत होमगार्ड जवानों की भर्ती मे किया जाए। सेना द्वारा टूर आफ ड्यूटी को आम नागरिकों के लिए लागू किया जाता है तो इसमे पूर्व व वर्तमान एनसीसी कैडेटों को स्पेशल एंट्री के तहत भर्ती दी जाए। साथ ही संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि हाईस्कूल एवं इन्टर कॉलेज मे एनसीसी भर्ती होने के पांच और डिग्री कालेज मे तीन साल की मेहनत के बाद सी सर्टिफिकेट मिलता है जिससे अधिकतम आयु 21 वर्ष हो जाती है। इस वजह से केवल सेना मे योग्यतानुसार फायदा नही मिलता है। उम्र अधिक हो जाने के कारण भर्ती से बाहर हो जाते है। इसलिए एनसीसी कैडेटों के द्वारा आने तीन सितंबर को चारबाग से विधानसभा जुलूस-प्रदर्शन कर सैनिक, अर्द्धसैनिक व पुलिस बलों मे उम्र मे दो वर्ष की अतिरिक्त छूट देने के साथ ही अन्य सरकारी नौकरियों मे 25 प्रतिशत आरक्षण व बोनस अंक की मांग की जाएगी। एनसीसी महिलाओं के लिए सेना मे भर्ती नही होने से रोजगार के अवसर नही मिलते हैं। जिसको लेकर ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी। एनसीसी सर्टिफिकेट प्राप्त युवक व युवतियों के लिए सेना व अन्य सरकारी नौकरियों मे उम्र मे छूट के साथ ही सीटें आरक्षित की जायं। ताकि एनसीसी प्रशिक्षित युवक व युवतियों का इसका लाभ मिल सके। इसमें लगभग सभी जनपदों के कैडेट शामिल होंगे।

यश पेपर मिल के प्रदूषण से कई बीमारियों के चपेट में आ रहे है ग्रामीण

- यश पेपर मिल से निकलने वाला प्रदूषित जल माँ सरयू को कर रहा प्रदूषित, प्रशासन मौन
- ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत पर नही संज्ञान लेते उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी
- उप जिलाधिकारी से लेकर राज्यपाल तक की गई शिकायत

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

यश पेपर मिल के प्रदूषण से तंग आकर ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारियों के यहाँ प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन प्रार्थना पत्र हमेशा ठंडे बस्ते में पहुँच जाता था द्य जिसको लेकर कभी कोई कार्यवाई नहीं की गई इसी के चलते गाँव में कई प्रकार की बीमारियाँ अपना पाव पसार रही है द्य अभी पूर्व में प्रेमनाथ रावत ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या को शिकायती पत्र दिया था जिस पर बोर्ड द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई । ग्रामीणों में अमरजीत मौर्य, अनिल सिंह, कृष्ण कुमार रावत, बड़े लाल मौर्य द्वारा उप जिलाधिकारी सदर को शिकायत पत्र दिया है द्य जिसमें उन्होंने अपनी व्यथा व्यक्त की है द्य बताते चले कि यश पेपर मिल पाराखान दर्शन नगर अयोध्या, भगवान राम के मन्दिर जो सुंदर एव स्वच्छ है द्य यश पेपर मिल अयोध्या से 5 किलोमीटर दूरी पर चल रही है जो जहर उगलती मिल के द्वारा अत्यधिक जल दोहन एव मानक के विपरीत मिलकर विस्तार किये जाने व अत्यधिक जल , वायु ध्वनि प्रदूषण किये जाने व सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने के साथ पावन सरयू नदी में पेपर मिल द्वारा जहरीला पानी गिराए जाने के संबंध मे प्रार्थना पत्र द्य मिल 10-12 बोर्वेल के द्वारा हर वॉटर लेवल पर अत्यधिक जल का दोहन किया जा रहा है द्य जिससे क्षेत्र का जलस्तर गिरता जा रहा है द्य मिल की ईटीपी प्लांट सुचारू रूप से कम नहीं करता है द्य मिल के द्वारा गंदा व जहरीला पानी हर रोज लाखों लीटर पानी छोड़ा जा रहा है द्य पानी में विभिन्न तरह की रासायनिक पदार्थ घुले हुए होते है जो आबादी , गांव किसान के निजी खेत से होकर नाले के रूप में नदी में गिरता है द्य जिससे पानी में रहने वाले जीव जंतु, फसल व पर्यावरण पर बुरा असर पड़ रहा है द्य मिल के चिमनी के द्वारा जली हुई काली राख व काला धुआँ और मिल का स्टिम के साथ केमिकल आसपास गांव के ऊपर उड़ता रहता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है द्य साथ ही साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है द्य मिल की जहरीली गैस हवा में उड़ता रहता है द्य मिल की बॉउण्डरी वाल 10/15 फिट है और मिल का कच्चा माल धान की भूसी गन्ने का बगास खोईया 60 / 70 फीट की ऊँचाई तक 200 बीघा में खुले आसमान में स्टोर करके रखा रहता है द्य उपर तक स्टोर करने में ब्लोवर का इस्तेमाल करते हैं जो हवा के साथ मिल के बगल गाँव , घर , खेत , हरी सब्जी पर पौधे और पशुओं के चारों पर पड़ता है द्य जिसका जन जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है द्य मिल की जल आपूर्ति सरयु नदी से पाइप लाइन द्वारा किया जाना अति आवश्यक है जिससे भूमि का जल दोहन हो सके द्य गाटा संख्या 128 , 139 , 144 , 178 , 184 , 187, 117 , 387 पशुचर नाला, ग्राम समाज की जमीन पर मिल का अवैध कब्जा है द्य गाटा संख्या 113 तालाब की भूमि को पाट कर रास्ता बना दिया गया है द्य मिल के द्वारा पारा खान की गाटा संख्या 118 , 150 मि 276 , 286 के बदले मिल के द्वारा विनिमय के माध्यम से गाटा संख्या 515 /0.162 तथा 651/0.28 हेक्टेयर तथा 630 / 0.3045 हेक्टेयर जमीन ग्राम समाज पारा खान तहसील सदर को दिया गया जिसका आज तक मिल का द्वारा ग्राम समाज पाराखान को आज तक कब्जा नहीं दिलाया गया द्य मिल के कर्मचारी गौतम घोष जगदीप हीरा, पारा खान के भोले भाले किसानों को डरा - धमका रहे है कि मिल का विस्तार होने जा रहा है आप लोग अपनी जमीन मिलाकर नाम बैनाम कर दीजिये नहीं तो बाद में अधिगृहण में आपको बहुत कम मुवाबजा मिलेगा द्य मिल घनी आबादी व कृषि योग्य भूमि पर लगी हुई है जो उपजाऊ भूमि के बीच में है द्य जिसका विस्तार लगातार मानक के विरुद्ध किया जा रहा है द्य मिल इंडस्ट्रियल क्षेत्र में भी नहीं है इसलिए मिल के विस्तार पर रोक लगाने की आवश्यकता है व मिल को गाँव शहर से दूर बसाने की कृपा की जाये द्य मिल के द्वारा जल प्रदूषण , वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण तथा जल दोहन की जाँच व ग्राम सभा पाराखान के सरकारी अवैध कब्जे की भूमि की जाँच करा कर मिल के विरुद्ध कार्यवाही करने की कृपा की जाए द्य शिकायत करने में अमरजीत मौर्य अनिल सिंह कृष्ण कुमार रावत बड़े लाल मौर्य मौजूद है द्य जिन्होंने मुख्य मंत्री उ0 प्र0 , उप मुख्यमंत्री उ0 प्र0 , महा महिम राज्यपाल उ0 प्र0 , मंडलायुक्त अयोध्या , जिलाधिकारी अयोध्या , उपजिलाधिकारी अयोध्या को शिकायत पत्र 23/08/2024 को भेजा गया है द्य उक्त प्रकरण के संबंध में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या के अधिकारी ओम प्रकाश जी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मिल तो बहुत दिनों से चल रही है द्य शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने संजय गांधी अस्पताल में कैंसर यूनिट का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

अमेठी से कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शनिवार को मुंशीगंज के संजय गांधी अस्पताल में कैंसर यूनिट का फीता काटकर उद्घाटन किया। संजय गांधी हॉस्पिटल संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा संचालित है।सोनिया गांधी ट्रस्ट की चेयरपर्सन है।तो राहुल गांधी इसके ट्रस्टी हैं।अभी हाल ही में यहां पर हृदय रोग से संबंधित यूनिट का शुभारंभ हुआ था।और शनिवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कैंसर यूनिट का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस मौके पर किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि यहां पर हृदय रोग और कैंसर रोग से पीड़ित मरीज के इलाज की सुविधा उपलब्ध होने से अमेठी ही नहीं आसपास के जनपदों को फायदा होगा।उन्होंने कहा कि सोनिया,राहुल,प्रियंका और मेरा भी यही प्रयास है, की संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाए।ताकि अमेठी के लोगों को इलाज के लिए कहीं और ना भागना पड़े।मीडिया द्वारा निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा बिजली पासी के नाम किए जाने पर हो रहे विरोध के सवाल पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर के साथ कभी छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए।जिसका जहां योगदान है, उसको वही जगह मिलनी चाहिए। निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम जो बिजली पासी के नाम किया गया है,जहां इनका योगदान है,वहां पर होना चाहिए। किशोरी लाल ने कहा कि यह समाज को बांटने और विखंडित करने का काम किया गया है।यहां कि सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक और लोगों की भावनाओं को समझने के बाद नाम बदलना चाहिए था।जो नहीं किया गया।बताते चलें कि निहाल गढ़ रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा बिजली पासी के नाम किया जाने का वहां के स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। रेलवे ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पत्र का संज्ञान लेते हुए निहाल गढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा बिजली पासी के नाम पर कर दिया है।

उद्घाटन समारोह में किरण बाला शर्मा संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू,शर्मिला राय, सीओओ अवधेश शर्मा,सीएफओ एस के जैन,कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत नाकरा सहित अस्पताल के चिकित्सक कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश तहसील इकाई के सचिव बने अखिलेश मौर्य

जन एक्सप्रेस/मयाबाजार-अयोध्या।

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश तहसील सदर अयोध्या की तरफ से जारी नई सूची में नये पदाधिकारियो की जिम्मेदारी को और बढ़ा दिया गया है जहाँ श्री रामलाल संतराम इंटर कालेज दिलासीगंज के स्काउट मास्टर अखिलेश मौर्य को तहसील सचिव का पद सौपा गया है द्य वही कोषाध्यक्ष में उमेश चंद्र वर्मा पी0 डी0 पान्डेय इंटर कॉलेज सोनौसा अयोध्या, जिला सहायक आयुक्त आदर्श कुमार सिंह नंदकिशोर सिंह इंटर कॉलेज सिलौनी मया अयोध्या , जिला सहायक आयुक्त गाइड श्रीमती स्नेहलता कामता सिंह इंटर कॉलेज पूराबाजार अयोध्या, तहसील सहसचिव भूपेंद्र त्रिपाठी जय किसान इंटर कॉलेज अरवत , तहसील अध्यक्ष कमलेश कुमार तिवारी जय किसान इंटर कॉलेज अरवत, उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव रामसेवक इंटर कॉलेज पाराखान अयोध्या , पदम नाथ सिंह प्रधानाचार्य ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सर्धा अयोध्या , अमित कुमार सिंह निर्भय

पीड़ित शिक्षामित्रों का लखनऊ के इको गार्डन में होगा विशाल महा आंदोलन

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

आगामी शिक्षक दिवस को महा आंदोलन की तैयारी बैठक में शिक्षामित्रों ने सामान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर राजधानी लखनऊ कूच करने का आह्वान किया। यह जानकारी शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा ने बीआरसी केंद्र बीकापुर पर शिक्षामित्र की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार विगत 7 वर्षों से शिक्षामित्र का एक रुपए भी मानदेय बढ़ोतरी नहीं की, जबकि महंगाई दर आसमान छू रही है। उत्तर प्रदेश का शिक्षामित्र प्रशिक्षित स्नातक और लगभग 20 वर्ष से ज्यादा अनुभव प्राप्त है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश के संविदा शिक्षकों का सबसे कम मानदेय है।

इन्हीं सारी मांगों को लेकर शिक्षामित्र आंदोलन के लिए विवश हो चुका है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन बीकापुर शिक्षामित्र संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अशोक वर्मा ने किया।बैठक में प्रमुख रूप से बीकापुर के अध्यक्ष रणजीत तिवारी, सोहावल अध्यक्ष आशुतोष प्रताप सिंह, मया अध्यक्ष संतोष तिवारी, देवेंद्र पांडेय, शेषनाथ वर्मा, मिट्ठू लाल, नरेंद्र मिश्रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

सर्राफा एसोसिएशन ने व्यापारियों की सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

डलमऊ सर्राफा एसोसिएशन डलमऊ ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को डलमऊ के सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा के संबंध में आशीष कुमार सोनी अध्यक्ष एवं तमाम सर्राफा व्यापारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया

सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अन्य जनपदों और पूरे प्रदेश के भययुक्त वातावरण को देखते हुए हर तरफ खौफ और गुस्से का माहौल व्याप्त है। विगत कुछ दिनों से लगातार प्रदेश में हो रही घटनाओं के कारण सर्राफा व्यापारियों का विश्वास और भरोसा पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था से उठता जा रहा है और व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने कहा कि इसके लिए जनपद के प्रत्येक थानों पर थाना प्रभारी द्वारा मीटिंग बुलवाकर व्यापारियों का विश्वास हासिल करना सुनिश्चित किया जाय ताकि हमारा व्यापारी सुरक्षित महसूस करे और पुलिस की कार्यशैली से संतुष्ट रहे।

दर्जी व हलवाई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 03 सितम्बर को

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। प्रदेश में प्रचलित वर्तमान रोजगार योजनाओं में उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हेतु लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वित किया जाना है। दर्जी एवं हलवाई ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदकों का साक्षात्कार 03 सितम्बर 2024 को प्रातः 11ः00 बजे से अपरान्ह 03ः00 बजे तक कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रायबरेली में किया जा रहा है। उपयुक्त उद्योग ने दर्जी एवं हलवाई ट्रेड के सभी आवेदकों को सूचित किया है कि अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

जल्द बनकर तैयार हो जाएगा अयोध्या बाईपास व फ़्लाई ओवर

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन डॉक्यूमेंट के अनुसार अयोध्या में सहादत गंज के पास लगने वाले जाम से जल्द ही लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। राम नगरी में रामलला की स्थापना के बाद से लाखों कि संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही अभी तक वन वे चल रहा ट्रैफिक भी टू वे में तब्दील हो जाएगा। अब सिर्फ फ़्लाई ओवर के निर्माण पूरा होने का ही इंतजार है। उसके बाद सारी परेशानियों से निजात मिल जाएगी। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो आगामी होली पर्व पर यह फ़्लाई ओवर बनकर तैयार हो जाएगा।अयोध्या के लिए प्रदेश कि योगी सरकार ने खजाना खोल दिया है। महोबरा-बड़ी बुआ फ़्लाईओवर निर्माण के बाद लोगों को बड़ी राहत मिल गई है। अब सहादतगंज स्थित फ़्लाईओवर का भी निर्माण चल रहा है। इस मार्ग पर आठ अंडरपास का निर्माण किया जाएगा, ताकि लोग एक से दूसरी तरफ आसानी से जा सकें। अब तक दो अंडरपास का निर्माण हो चुका है। बाकी निर्माणाधीन हैं। मार्ग पर दो छोटे पुल का भी निर्माण किया जाना है।

218 करोड है प्रोजेक्ट की लागत

अयोध्या बाईपास के सुधार और पुनर्वास के लिए प्रोजेक्ट की लागत 218 करोड रुपये बताई जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग इसका निर्माण करा रहा है।

50 फीसदी कार्य हो चुका है पूरा

प्रोजेक्ट पर कार्य लगभग 50 फीसदी पूरा हो चुका है। आठ सितंबर 2023 को इसका निर्माण शुरू हुआ था। डेड लाइन आठ मार्च 2025 रखी गई है। पी.डी. एन.एच.ए.आई. के सौरभ चौरसिया ने बताया कि मार्च माह तक सारे कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे।

भाजपा सरकार की गलत और किसान विरोधी नीतियों की वजह से देश के अन्नदाताओं को सड़कों पर उतरना पड़ा के एल शर्मा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सदर विधानसभा क्षेत्र के अमावा ब्लाक में राजीव गांधी युवा किसान पंचायत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री के एल शर्मा जी सांसद अमेठी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी ने देश के किसानों का सबसे अधिक ध्यान रखा कांग्रेस सरकार में चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया या उसमें बड़ी कटौती कर दी भाजपा सरकार की गलत और किसान विरोधी नीतियों की वजह से देश के अन्नदाताओं को सड़कों पर उतरकर एक वर्ष से अधिक समय तक आंदोलन कर मोदी सरकार के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा जिसमें 700 से ज्यादा किसानों ने अपनी जान की आहुति दे दी सांसद जी ने कहा की क्षेत्र का किसान प्राकृतिक समस्याओं के साथ-साथ छुट्टा जानवरों की समस्याओं से भी जूझ रहा है खाद्य की कमी फसल का उचित मूल्य न मिलाना किसानों का जीवन जीना दूबर कर रहा है कांग्रेस पार्टी किसनो की आवाज बनकर उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए वचनबद्ध है वहां पर उपस्थित सभी किसानों की समस्याओं को सुनकर उनसे जल्द से जल्द उन समस्याओं के निपटारे का भरोसा दिलाया वहां उपस्थित युवा किसान पंचायत कार्यक्रम में सभी किसानों का आभार जताते हुए किसान आंदोलन कांग्रेस की सरकार में भी हुए हैं लेकिन उस समय प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाला था किसान देश की रीड है हमारा देश कृषि प्रधान देश है किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या कर रहा है यह देश का दुर्भाग्य है किसान हितों के लिए कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है।

रोजगार मेला का आयोजन 04 को

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के तत्वाधान में 04 सितम्बर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन बाबू भीष्म सिंह महाविद्यालय, गोझरी गुरुबक्शगंज रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित है मेले में वर्धमान यार्न्स एण्ड थ्रेड्स लिमिटेड लुधियाना (पंजाब) द्वारा ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए हाईस्कूल, इण्टर योग्यता के अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in/ पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षता आधारित प्रशिक्षण का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षता आधारित शिक्षक प्रशिक्षण के चतुर्थ व अंतिम दिवस दिनांक 30 अगस्त 2024 को एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित कक्षा 1 और 2 की पुस्तक मृदंग (अंग्रेजी भाषा शिक्षण) पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डा0 विजय प्रकाश द्वारा अंग्रेजी भाषा शिक्षण के महत्व और वर्तमान परिवेश में अंग्रेजी भाषा का जीवन में प्रभाव पर चर्चा की गई। संदर्भदाता एआरपी राजर्षि राज शुक्ला, अवधेश सिंह, आफाक अहमद, सन्दर्भदाता क्रमशः रमेश शुक्ला, रोहित मिश्रा ने सत्रानुसार कक्षा में अंग्रेजी भाषा शिक्षण के कंटेंट, सहायक सामग्री और बच्चों के साथ एक्टीवेट बेस्ड लर्निंग पर समझ बनाई। प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस में समस्त 85 शिक्षक प्रशिक्षण में उपस्थित थे। अल्फाबेट, राइम, पोयम, स्टोरी और रोल प्ले की अंग्रेजी भाषा शिक्षण में भूमिका पर शिक्षकों ने चर्चा की। डिजिटल बोर्ड और प्रोजेक्टर की सहायता से रूचिपूर्ण प्रशिक्षण में शिक्षक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिभाग कर चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने समस्त शिक्षकों से प्रशिक्षण में बताये गये नवाचार, शिक्षण तकनीकी और विधाओं का प्रयोग करने का आवाह्न किया। समस्त शिक्षकों ने आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका और शिक्षण चक्र के अनुसार शिक्षण कार्य कर अपने विद्यालय को आगामी निपुण लक्ष्य आकलन में निपुण विद्यालय घोषित कराने का संकल्प लिया। निपुण शपथ के उपरांत प्रशिक्षण के समापन की घोषणा खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई। प्रशिक्षण में कृष्ण कुमार, राकेश कुमार, राहुल त्रिवेदी, योगेश मलिक, राम कुमार, ऋषभ सोनकर, नियाज उल्ला, दीपक कुमार, नसीमुन बेगम, नीलम मौर्या, राम कुमार सिंह, सलोनी जायसवाल, दिनेश पांडेय, प्रतिष्ठा मिश्रा, पुष्पा पाल, मीरा, पुष्पा देवी सहित 85 शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की व्यवस्था बी आर सी स्टाफ मनीष यादव, उत्कर्ष सिंह, राजेश कुमार, मनोज कुमार, इंद्र जीत, तकनीकी सहायक शिव कुमार निर्मल ने की।

फास्ट फॉरवर्ड

युवक की हत्या के मामले में जातीय राजनीति पर राहुल गांधी के खिलाफ भड़का यादव समाज

जन एक्सप्रेस/रायबरेली नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव में अर्जुन नामक युवक की हत्या के मामले में जातीय राजनीति पर राहुल गांधी के खिलाफ भड़का यादव समाज। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे यादव बिरादरी के लोगों ने महामहिम के नाम संबोधित शिकायती पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि भीम आर्मी युवा संगठन के उग्र प्रदर्शन व उनके दबाव में पुलिस ने उपरोक्त घटना में एक 14 वर्षीय किशोर अंशू यादव को बिना जांच पड़ताल किए ही जेल भेज दिया है। यही नहीं प्रदर्शन कारियों ने रायबरेली के सांसद राहुल गांधी पर भी भड़ास निकालते हुए कहा कि राहुल गांधी जातीय राजनीति बंद करे जिस घटना में राहुल गांधी दलित की मदद करने की बात कर रहे हैं उसमें एक निर्दोष दलित सहित यादव ब्राह्मण मुस्लिम शामिल है क्या उनकी पीड़ा राहुल गांधी को नहीं दिख रही।

पांच ग्रामों की निगरानियों की सुनवाई हेतु ग्राम अदालत का आयोजन 3 सितम्बर को: अमृता सिंह

जन एक्सप्रेस/रायबरेली अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप संचालक चकबंदी अमृता सिंह ने बताया है कि चकबन्दी निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ द्वारा जनपद- रायबरेली के समस्त चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन वादों के त्वरित निस्तारण/वादकारियों के हित के दृष्टिगत ग्राम से सम्बन्धित विचाराधीन समस्त आपत्ति/अपील/निगरानी की पत्रावलियों को चिन्हित करते हुए ग्राम में ग्राम अदालत का आयोजन कर अभियान के रूप में वादों का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए गए है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने इस सम्बन्ध में बताया कि चकबन्दी आयुक्त के स्तर से एक एसओपी निर्मित कर आवश्यक दिशा- निर्देश निर्गत किए गए हैं, जो सभी सम्बन्धित को पूर्व में प्रेषित किया जा चुकाहै अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन समस्त आपत्ति/अपील/निगरानी की पत्रावलियों को चिन्हित करते हुए 03 सितम्बर 2024 को ग्राम अदालत का आयोजन कर ब्लॉक हरचन्दपुर सभागार में ग्राम कण्डौरा, पिण्डरी सरगही, सारीपुर व ग्राम- पड़ेरा की निगरानियों की सुनवाई हेतु तिथि नियत है।

तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट एवं पंडा समाज का चुनाव 7 सितम्बर को

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। अयोध्या धाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्माष्टमी अयोध्या में जानकी घाट स्थित बड़ा स्थान में अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट एवं पंडा समाज की एक अति महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता पुरोहित पंडा समाज के सभापति सौरभ पांडे ने किया बैठक में मुख्य रूप से पुरोहितसमाज के उत्थान एवं मान सम्मान की सुरक्षा पर चर्चा किया गया साथ ही सर्वसम्मति से सभी पंडा पुरोहित पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया तीर्थ पुरोहित पंडा समाज का चुनाव सभापति के नेतृत्व में किया जाए जिसके तारीख 7 सितंबर को चुना गया । पुरोहित पंडा समाज के सभापति द्वारा सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी से अनुरोध किया गया की जिस पदाधिकारी एवं सदस्यों को चुनाव में भाग लेना है वह चार व पाच सितंबर को अपना नामांकन एवं पर्चा सभापति से संपर्क कर जमा कर दें ताकि 7 सितंबर को अपने पद के लिए चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित कर सकें द्य उक्त बैठक में अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडे प्रदीप पांडे करमराज पांडे दिलीप पांडे अनिल पांडे पवन कुमार सुरेश कुमार आदि सैकड़ो तीर्थ पुरोहित उपस्थित रहे

रोहिंग्या हटाओ देश बचाओ के आंदोलन को संतों ने दिया समर्थन

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। रोहिंग्या हटाओ देश बचाओ की मांग को लेकर धर्म सेवा के बैनर तले विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा संतों से जनसंपर्क कर उनसे समर्थन मांगा गया, धर्म सेना प्रमुख संतोष दुबे एवं हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा विजय राघव मंदिर के महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज सरयू भवन के महंत बालक रामदास जी महाराज राम वैदेही मंदिर के महंत राम प्रकाश दास महाराज शांति मुनि आश्रम के महंत प्रेम दास जी महाराज भगवत विद्यापीठ के महंत नव्या नया आचार्य तुलसीदास महाराज एवं साकेत भवन के महंत सीताराम दास महाराज तथा परमहंस समाधि के संरक्षक समाजसेवी नारायण मिश्रा से संपर्क कर उनसे समर्थन मांगा गया सभी संत महंतों द्वारा एक स्वर में कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया, विजय राघव मंदिर के महंत नरसिंह दास जी महाराज ने कहा यह समय की आवश्यकता है कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर किया जाए साकेत भवन के महंत सीताराम दास जी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की दैनिक स्थिति को देखते हुए भारत सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए, राम वैदेही मंदिर के महंत राम प्रकाश दास जी महाराज ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अमानवीय अत्याचार पैर दुख प्रकट किया और कहा कि हिंदुओं को एकजुट होना ही पड़ेगा संतों से संपर्क करने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से विजय तिवारी, दिग्विजय पांडेय, रामकिशोर दास, राम शरण दास, उत्तम दास इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

हम लोगों को बहुत ही मेहनत से काम करना होगा उप चुनाव 2024 ज्यादा दूर नहीं-रीबू श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। प्रदेशाध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिल्कीपुर विधानसभा में महिला सभा की समीक्षा बैठक समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय रीबू श्रीवास्तव का कई जगह स्वागत करते हुए 5 नंबर मोड़ सांसद के आवास पर बैठक आहुत की गई जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष महिला सभा रीबू श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि अजीत प्रसाद रहे जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित महिला बहनों से आवाहन करते हुए कहा कि यह बहुत ही मुश्किल की घड़ी है हम लोगों को बहुत ही मेहनत से काम करना होगा विधान सभा उपचुनाव 2024 ज्यादा दूर नहीं है इसकी मजबूती के लिए हम लोगों को ब्लॉक स्तर, बूथ स्तर एवं वार्ड स्तर तक पूरे विधानसभा में सभी महिला बहनों को सक्रिय होना होगा। जिसमें जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने सभी उपस्थित महिला बहनों से आवाहन करते हुए कहा कि यह बहुत ही मुश्किल की घड़ी है हम लोगों को बहुत ही मेहनत से काम करना होगा विधानसभा चुनाव 2024 ज्यादा दूर नहीं है इसकी मजबूती के लिए हम लोगों को जोन,सेक्टर,बूथ स्तर पर बहनों को तैनात करना होगा जिससे हम मजबूती से लड़ सके हमे पूरे जिले में सभी महिला बहनों को सक्रिय एवं सशक्त करना होगा। जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा सभी को आवाहन करते हुए कहा की हम लोग अपनी जिम्मेदारियां को बहुत ही मजबूती से निभाएं एवं समाजवादी पार्टी सरकार में किए गए कार्यों को बात कर माताओं बहनों को जागरूक करना होगा।

उत्तर प्रदेश में कॉन्टैक्टलेस व फेसलेस सर्विसेस का बढ़ेगा दायरा, 'ई-ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट' बनेगा जरिया

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में जल्द ही आम नागरिकों को मिलने वाली आधुनिक सेवाओं में होगा व्यापक स्तर पर विस्तार

- परियोजना पूरी तरह लागू होने पर लोगों को नहीं काटना होगा सरकारी विभागों का चक्कर, ऑनलाइन माध्यम से ही 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' होगा उपलब्ध
- प्रदेश में 'वाहन फेसलेस सर्विसेस' व 'सारथी फेसलेस सर्विसेस' को तेजी से आगे बढ़ाने पर हो रहा कार्य, जल्द ही कई अन्य सुविधाएं भी होंगी उपलब्ध
- उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा आईटीएमएस व ई-चालान के साथ जोड़कर विभिन्न शहरों में प्रदान की जा रही सेवाओं में विस्तार पर हो रहा कार्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश में आधुनिक ई-ट्रांसपोर्ट सिस्टम की सेवाओं को विस्तार देने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, यह सेवाएं पूरी तरह फेसलेस व कॉन्टैक्टलेस होने के साथ ही ऑनलाइन माध्यम के जरिए विभिन्न सेवाओं को उपलब्ध कराने का आधार बनेंगी। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है की आम नागरिकों को सरकारी दफ्तरों का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा, बल्कि ऑनलाइन माध्यम से ही उन्हें %वन स्टॉप सॉल्यूशन% उपलब्ध हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में परिवह्यहन विभाग इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) व ई-चालान जैसी सुविधाएं पहले से ही उपलब्ध करा रहा है और अब इसी कड़ी में प्रदेश में आधार ऑथेंटिकेशन आधारित वाहन फेसलेस सर्विसेस व सारथी फेसलेस सर्विसेस को तेजी से आगे बढ़ाने पर कार्य हो रहा है।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा शुरू की गई है परियोजना

ई-ट्रांसपोर्ट मिशन दरअसल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा शुरू की गई एक परियोजना है, जिसका उद्देश्य परिवहन क्षेत्र में आईटी अवसंरचना और सेवा वितरण मॉडल का आधुनिकीकरण करना है। इस मिशन का उद्देश्य सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वसनीयता में सुधार करना है। नागरिकों के लिए उपलब्ध ऑनलाइन सेवाओं की संख्या बढ़ाकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) पर निर्भरता कम करना भी इसका एक उद्देश्य है।

परिवहन से जुड़ी कई प्रकार की सेवाओं का आधार है ई-ट्रांसपोर्ट मिशन

ई-ट्रांसपोर्ट मिशन प्रोजेक्ट देश में ऑटोमेटेड आरटीओ ऑपरेशंस, नेशनवाइड ट्रांसपोर्ट डाटाबेस व 150 से ज्यादा सिटिजन व ट्रेड सेंट्रिक सर्विसेस उपलब्ध कराता है। इसमें वाहन, सारथी, ई-चालान व पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जैसी फ्लैगशिप ऑपरेशंस संचालित होती हैं। परियोजना के अंतर्गत वाहन ई-सर्विसेस के माध्यम से होमोलोगेशन, व्हीकल रजिस्ट्रेशन, व्हीकल फिटनेस व इंस्पेक्शन, व्हीकल कॉन्वर्जन व ऑल्टरेशन, टैक्सेशन मॉड्यूल, कॉन्ट्रैक्ट, नेशनल परमिट, स्मार्ट कार्ड, ऑनलाइन फैंसी नंबर चेक पोस्ट, अन्य राज्यों के वाहनों का चेकपोस्ट, पेमेंट गेटवे इंटरफेस, आरसी के नेशनल रजिस्टर का डाटाबेस और 100 से ज्यादा सिटिजन व ट्रेड सर्विसेस को इस माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। जबकि, सारथी लाइसेंस रिलेटेड सॉल्यूशंस द्वारा न्यू लर्निंग लाइसेंस, ऑनलाइन टेस्ट, इंटरनेशनल परमिट, अप्वॉइंटमेंट मैनेजमेंट मॉड्यूल, ड्राइवर ट्रेनिंग एनरोलमेंट व अटेंडेंस, कंडक्टर लाइसेंस, ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, डीएल के नेशनल रजिस्टर समेत विभिन्न प्रकार की सिटिजन व ट्रेड सर्विसेस को उपलब्ध कराता है। इन दोनों ही सॉल्यूशंस को उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर लागू करने की दिशा में सीएम योगी की मंशा अनुसार प्रदेश सरकार कार्य कर रही है।

उत्तर प्रदेश में जल्द ही कई नई सुविधाओं को बढ़ाने पर फोकस

उत्तर प्रदेश में ई-ट्रांसपोर्ट मिशन प्रोजेक्ट के जरिए कई प्रकार की परियोजनाएं संचालित हैं। स्मार्ट सिटीज जैसे सहारनपुर, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, झांसी, गोरखपुर और अयोध्या का आईटीएमएस और ई-चालान पोर्टल के साथ एकीकरण, नोएडा, आगरा और मथुरा जैसे स्थानों पर आईटीएमएस आधारित ओवरलोडिंग चालान, पूर्वांचल और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सीसीटीवी आधारित चालान प्रणाली की शुरुआत इसमें शामिल है। इसके अतिरिक्त, वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं, स्वचालित वाहन फिटनेस केंद्रों, स्वचालित ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक का कार्यान्वयन, विशेष परमिट की स्वचालित स्वीकृति, राज्य परिवहन प्राधिकरण के डिजिटल हस्ताक्षरित स्टेज कैरिज परमिट जारी करना और लर्निंग लाइसेंस सेवा में आधार आधारित प्रमाणीकरण (फेसलेस सेवा) और फेस रिकग्निशन तकनीक का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

एम परिवहन ऐप के जरिए प्रदान की जाने वाली सेवाओं का बढ़ेगा दायरा

प्रोजेक्ट के अंतर्गत वाहन ग्रीन सेवा पोर्टल का कार्यान्वयन, बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान के तहत ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के साथ सारथी से संबंधित ड्राइविंग लाइसेंस सेवा का एकीकरण, उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी पोर्टल का एकीकरण, ईवी टैक्स और शुल्क छूट का कार्यान्वयन तथा उत्तर प्रदेश में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के देय कर/जुर्माने के एकमुश्त निपटान की सुविधा उपलब्ध कराती है। वाहन मॉडलों के अनुमोदन प्रमाण पत्रों का एंड टू एंड ऑटोमेशन के साथ ही एआरटीओ को प्रमाण पत्रों तक तत्काल पहुंच प्रदान करना जैसी सुविधाएं संचालित हैं। वहीं, फेसलेस मोड में अतिरिक्त सेवाओं से जोड़ने, ऑटो-अप्रूवल मोड पर विचार करने, एम परिवहन ऐप के जरिए सेवाएं प्रदान करने, सीएससी व ई-डिस्ट्रक्ट पर उपलब्ध ई-ट्रांसपोर्ट सेवाओं को मजबूत बनाने, प्रयुक्त वाहनों के लिए डीलर प्राधिकरण, सारथी के माध्यम से ड्राइवरों के लिए रिफ्रेशर कोर्स, स्वचालित ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक समेत बेहतर सेवा वितरण के लिए पुनर्रचना जैसी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

अयोध्या व वाराणसी में 4 स्पेशलाइज्ड इलेक्ट्रिक बोट्स का जल्द संचालन कराएगी योगी सरकार

- सीएम योगी के विजन अनुसार, दोनों शहरों में इलेक्ट्रिक बेस्ड एडवेंचर वॉटर एक्टिविटीज को बढ़ावा देने व बोट राइड फैसिलिटी को बढ़ाने पर किया जा रहा है फोकस
- योजना के अंतर्गत, अयोध्या में एसी युक्त 50 सीटिंग कैपेसिटी वाली एक बोट तथा 30 सीटिंग कैपेसिटी वाली 2 बोट्स का नयाघाट से होगा संचालन
- वाराणसी में एसी युक्त 50 सीटर इलेक्ट्रिक बोट को जल्द ही रविदास घाट पर पर्यटकों की सेवा के लिए परियोजना के अंतर्गत कराया जाएगा उपलब्ध
- एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस समेत विभिन्न दिशा-निर्देशों का होगा पालन, 10 वर्षों की लीज अवधि पर होगा बोट्स का संचालन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार रामनगरी अयोध्या और बाबा विश्वनाथ की धरती वाराणसी में इलेक्ट्रिक बेस्ड एडवेंचर वॉटर एक्टिविटीज व बोट राइड फैसिलिटी को बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। सीएम योगी के विजन अनुसार दोनों ही शहरों में वॉटरवे फैसिलिटीज को बढ़ाने के लिए बड़ी कार्ययोजना का निर्माण किया गया था जिसे कई हिस्सों को पहले ही इन दोनों शहरों में लागू किया जा चुका है। अब इसी प्रक्रिया में एक नया अध्याय जोड़ते हुए अयोध्या व वाराणसी में 4 स्पेशलाइज्ड इलेक्ट्रिक बोट्स के संचालन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत, अयोध्या में एसी युक्त 50 सीटिंग कैपेसिटी वाली एक बोट तथा 30 सीटिंग कैपेसिटी वाली 2 बोट्स का सरयू नदी में नयाघाट से संचालन होगा। वहीं दूसरी ओर, वाराणसी में गंगा नदी में एसी युक्त 50 सीटर इलेक्ट्रिक बोट को रविदास घाट पर जल्द ही पर्यटकों की सेवा के लिए परियोजना के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल, 10 वर्षों की लीज पर दोनों शहरों में इन बोट्स का संचालन होगा। बोट सर्विसेस के संचालन में अंतर्राष्ट्रीय मानकों समेत पर्यटन विभाग व इनलैंड वेसल एक्ट के अंतर्गत निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस के आधार पर अयोध्या और वाराणसी में इलेक्ट्रिक बेस्ड एडवेंचर वॉटर एक्टिविटीज को बढ़ावा देने के लिए बोट राइड फैसिलिटी रूट्कास व राइड्स का संचालन किया जाएगा।

यूपीएसटीडीसी ने शुरू की प्रक्रिया

दोनों ही शहरों में जिन इलेक्ट्रिक बोट्स का संचालन होना है व अत्याधुनिक होने के साथ ही विभिन्न प्रकार के फीचर्स और सुविधाओं से लैस होगी। इसमें एसी बोट्स स्टील कैटामारन हल बेस्ड और नॉन एसी बोट्स एफआरपी नॉन एसी कैटामारन हल बेस्ड होगी। इन बोट्स की डॉकिंग, चार्जिंग समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को भी संबंधित घाटों पर ही पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) इन बोट्स का संचालन एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के जरिए पूरा करेगी।

2.81 करोड़ की ठगी: पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर वसूली थी रकम, छह गिरफ्तार, महिला ऑपरेट कर रही गैंग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) की डॉ. रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ ठगने के मामले में एसटीएफ ने शुक्रवार को छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ठगे गए 30 लाख रुपये को अलग-अलग बैंक खातों में फ्रीज कराया जा चुका है। ठगी के गिरोह को एक महिला ऑपरेट करती है। उसकी तलाश जारी है। डॉ. रुचिका टंडन के पास एक अगस्त को एक कॉल आई थी। खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था। शिकायत मिलने की बात कह पांच दिनों तक उनको डिजिटल अरेस्ट रखा था। इस दौरान उनसे 2.81 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए थे। 10 अगस्त को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

एसटीएफ ने मामले में फैज उर्फ आदिल, दीपक शर्मा, आयुष यादव, मोहम्मद उसामा, मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 8 मोबाइल फोन, 8 बैंक पासबुक और एचडीएफसी बैंक के बैंक किट (पासबुक, एटीएम कार्ड व चेक बुक) बरामद की गई है। पूछताछ में सामने आया कि ये सभी सोशल मीडिया के जरिये एक ग्रुप से जुड़े हैं। इसी ग्रुप में ये उस महिला के संपर्क में आए, जिसने इनको बैंक खाते उपलब्ध कराने को कहा। उसी बैंक खातों में गिरोह ठगी की रकम ट्रांसफर करता। उसको क्रिप्टो में कन्वर्ट कर महिला को भेजा जाता था। इसका कमीशन उनको मिलता था। ये महिला दूसरे प्रदेश की है। पुलिस और एसटीएफ के पास महिला का नाम, पता आदि की जानकारी है, लेकिन अभी सार्वजनिक नहीं किया है। उसकी तलाश की जा रही है।

ये किए गए गिरफ्तार

- फैज उर्फ आदिल, किरन इन्क्लेव कुर्सी रोड लखनऊ
- दीपक शर्मा, वेल्हरकला संतकबीरनगर
- आयुष यादव, चुनार मिर्जापुर
- फैजी बेग, भाखामऊ कुर्सी रोड
- मो. उसामा, गंगा विहार चिनहट लखनऊ
- मनीष कुमार, विनीतखंड गोमतीनगर

एप के जरिये कन्वर्ट करते थे करेंसी

इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया कि आरोपी बायनेंस एप की मदद से करेंसी को कन्वर्ट करते थे। तय कमीशन को काटकर बाकी रकम महिला द्वारा दिए गए बैंक खातों में ऑनलाइन भेज देते थे। कई आरोपी कुर्सी रोड पर स्थित एक निजी विवि के छात्र रहे हैं। वहीं पर मिलने के बाद गिरोह बनाकर ठगी का खेल शुरू किया।

तुरंत खाली कर देते हैं खाते

आरोपियों के खातों में जैसे ही रकम पहुंचती है, वैसे ही क्रिप्टो में कन्वर्ट कर ट्रांसफर कर देते हैं। समय रहते पुलिस ने 30 लाख रुपये फ्रीज करा दिए। बाकी ठगी की रकम को रिकवर करना बेहद मुश्किल है।

ठगी का नेटवर्क बड़ा है

सभी आरोपी महिला के इशारे पर काम करते थे। महिला से कौन-कौन लोग जुड़े हैं, इसका पता नहीं चल सका है। अंदेशा है कि पूरा नेटवर्क सोशल मीडिया के जरिये चल रहा है। हर किसी का कमीशन तय है। जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनके खातों में लेनदेन हुआ है। बैंक डिटेल के आधार पर वह गिरफ्त में आ गए। ठगी के मुख्य किरदारों तक अब तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है।

फेक आईडी के खातों का इस्तेमाल

आरोपी गरीब मजबूर लोगों को लालच देकर उनके दस्तावेजों पर बैंक खाते खुलवाते थे। ठगी की रकम उन खातों में ट्रांसफर करवाते थे। ऐसा इसलिए करते ताकि वे पकड़ में न आएं। लेकिन, पुलिस व एसटीएफ ने खातों की ट्रेल को ट्रेस करते करते उन तक पहुंच गई। आरोपी जिन मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करते थे, वे प्रीएक्टिवेटेड सिम होते थे। मतलब वह भी फेक आईडी पर लिए गए होते थे।

सिपाही भर्ती: संपन्न हुई पांच दिवसीय परीक्षा, भर्ती बोर्ड-डीजीपी मुख्यालय ने रचा इतिहास, सीएम ने दी बधाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश की सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा का सकुशल आयोजन कर उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड और डीजीपी मुख्यालय ने नया इतिहास रच दिया। शनिवार को भर्ती परीक्षा का पांचवां एवं अंतिम दिन भी सकुशल गुजरा और 72 फीसद अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं अलग-अलग जिलों की पुलिस एवं एसटीएफ द्वारा कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक सॉल्वर और परीक्षा पास कराने का झांसा देने वाले 5 ठग शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी है। बता दें कि शनिवार को आयोजित परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले 4 अभ्यर्थियों को कानपुर से पकड़ा गया, जिनमें मैनपुरी निवासी विपनेश कुमार, आगरा निवासी सोनू सिंह, निहाल सिंह और मथुरा निवासी ओमवीर शामिल हैं। बिहार के अभिमन्य ओझा को ललितपुर से, बुलंदशहर निवासी वीर सिंह को सहारनपुर से, बिहार निवासी सुमित कुमार को महोबा से, अलीगढ़ निवासी सुखबीर सिंह को बुलंदशहर से, प्रयागराज निवासी छोटा निषाद को बांदा से, कन्नौज निवासी शारिक को फतेहपुर से और शामली निवासी प्रीत सिंह व सहारनपुर निवासी अनुज कुमार को बागपत से गिरफ्तार किया गया। बिजनौर में बुलंदशहर निवासी अनिल कुमार को फर्जी दस्तावेज बनाकर परीक्षा देने का प्रयास करने के दौरान गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एसटीएफ ने तीन जालसाजों फिरोजाबाद निवासी अखिलेश, विनय कुमार व आगरा निवासी अमित बघेल को आगरा से गिरफ्तार किया। वहीं प्रतापगढ़ से शुभम सोनकर और पवन कुमार पाल को भी अभ्यर्थियों से ठगी करने के आरोप में एसटीएफ ने पकड़ा है। इन सभी के खिलाफ 14 मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

पुलिस बल की तैनाती

- 245 कंपनी पीएसी
- 8 कंपनी सीएपीएफ
- 137 अपर पुलिस अधीक्षक
- 522 पुलिस उपाधीक्षक
- 3876 निरीक्षक
- 32311 उप निरीक्षक
- 47587 मुख्य आरक्षी
- 86244 आरक्षी
- 74 पर्यवेक्षक पुलिस अधिकारी

इस तरह हुआ परीक्षा का सफल आयोजन

- प्रश्न पत्र की छपाई और वितरण तक हर काम के लिए अलग एजेंसी
- केवल सरकारी संस्थान बने परीक्षा केंद्र, पूरी परीक्षा सीसीटीवी निगरानी म हुई
- सीसीटीवी को भर्ती बोर्ड के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया
- परीक्षा से पहले सभी अभ्यर्थियों आधार सत्यापन किया गया
- महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग महिला पुलिस कर्मियों द्वारा की गई
- केन्द्र, उनके कक्षों, सभी गेट, स्ट्रांग रूम, कॉरिडोर कैमरे की जद में रहे
- अभ्यर्थियों की डिजिटल फोटो कैप्चरिंग, फेशियल रिकग्निशन, बायोमैट्रिक्स (फिंगर प्रिन्ट/आइरिश) एवं शत-प्रतिशत रियल टाइम आधार सत्यापन कराया गया
- कैमरों की मॉनिटरिंग जिले के कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, भर्ती बोर्ड द्वारा की गई
- गोपनीय सामग्री की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए ट्रेजरी, स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी
- गोपनीय सामग्री के सुरक्षित परिवहन हेतु प्रत्येक केंद्र के लिए एक डेडिकेटेड वाहन एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट पर्याप्त सशस्त्र पुलिस कर्मियों का इंतजाम

करीब 30 फीसदी अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को हुआ, जिसमें पेपर लीक की आशंकाओं को धता बताते हुए पूरी शुचिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया गया। इस दौरान करीब 30 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड ने पेपर लीक से बचने के लिए इस बार तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया।

सीएम ने दिया धन्यवाद

आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई। परीक्षा में सहभागिता करने वाले सभी ऊर्जावान और अनुशासित युवाओं को मनोनुकूल परिणाम प्राप्त हों, सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, इस हेतु मंगलकामनाएं। विश्व की सबसे बड़ी सिविल पुलिस भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक, सकुशल संपन्न कराने में सहयोगी सभी जनों, भर्ती बोर्ड और समस्त जिलों के प्रशासन को धन्यवाद। – योगी आदित्यनाथ

सफल रही परीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में भर्ती बोर्ड द्वारा आरक्षी भर्ती 2023 की पांच दिवसीय परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले सभी अभ्यर्थियों का भर्ती बोर्ड धन्यवाद देता है। अभ्यर्थियों ने बोर्ड के निर्देशानुसार अनुशासन और गंभीरता के साथ प्रतिभाग किया। बोर्ड शीघ्र ही आगे की प्रक्रिया की ओर बढ़ेगा, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।
– राजीव कृष्णा, अध्यक्ष, उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मी एक साथ धरने पर, उपकेंद्रों पर सेवाएं प्रभावित, बेहोश हुईं सीएचओ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) ईको गार्डन में धरने पर बैठे हैं। ऐसे में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (उपकेंद्रों) में मिलने वाली उपचार संबंधी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। सीएचओ का कहना है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। विभिन्न मांगों को लेकर चार दिन से प्रदेश के करीब 10 हजार से अधिक सीएचओ ईको गार्डन में धरना दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरन सीएचओ मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में मिलने वाली सुविधाएं देने, एनएचएम कार्मिकों को 10 वर्ष बाद नियमित करने, समान कार्य समान वेतन, स्थानांतरण, कैडर बनाने आदि की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर मिशन निदेशक ने आश्वासन दिया, लेकिन वे आदेश जारी करने की मांग पर अड़े हुए हैं। ईको गार्डन में हर दिन विभिन्न जिलों से सीएचओ पहुंच रहे हैं। ऐसे में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को मिलने वाली उपचार संबंधी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। धरने में प्रमुख रूप से योगेश उपाध्याय, हिमालय कुमार, प्रदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

25 हजार कर्मी प्रभावित

प्रदेश में करीब 25 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं, जिसमें 17 हजार सीएचओ कार्यरत हैं। आरोग्य मंदिरों मं 14 प्रकार की जावें, 58 तरह की दवाएं दी जाती हैं। हर दिन करीब 10 हजार से अधिक मरीज देखे जाते हैं। ईको गार्डन में चल रहे धरने के दौरान सीएचओ अंजलि यादव की हालत बिगड़ हुई। उसके बेहोश होने से कुछ समय के लिए अफरा- तफरी का माहौल हो गया। कई महिला सीएचओ रोने लगीं। बेहोश अंजलि को आनन-फानन में पास ही स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

रोजगार मेले में 360 अभ्यर्थियों को मिला जॉब ऑफर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में आज विशेष शिशिक्षु रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई, अलीगंज और क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षार्थियों और अन्य शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने मेले का उद्घाटन करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस संस्थान में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए समर्पित प्रयासों की सराहना की और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।हरीश मिश्रा उपप्रधानाचार्य ने मेले का निरीक्षण किया और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने कंपनियों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करें, जिससे युवाओं के भविष्य को संवारने में मदद मिले।ट्रेनिंग कार्उंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने जानकारी दी।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या की दर चिंता का विषय

देशभर में केंद्र व राज्य बाल आयोग संसद के अधिनियम (दिसम्बर 2005) के तहत एक सांवैधानिक निकाय के रूप में आज कार्य कर रहे हैं। इस अधिनियम में आयोग के कार्य ही हैं, बाल अधिकारों की सुरक्षा की जांच तथा समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियांवयन के लिए उपाय की अनुशंसा करना। वस्तुत- इसके लिए आयोग को संसद से अपार शक्तियां भी दी गई हैं। किसी मामले की जांच करने के दौरान आयोग के पास कोड ऑफ सिविल प्रॉसीजर 1908 के तहत विशेषकर निम्न मामलों में व्यवहार न्यायालय द्वारा कार्यवाही करने के सभी अधिकार दिए गए हैं।

आधुनिक समय जैसे-जैसे विकास की अपार संभावनाओं के बीच सतत ऊंचाइयों को छू रहा है। मानवीय समाज में सफलता का दबाव इस कदर हावी होता जा रहा है कि थोड़ी सी असफलता भी कोई स्वीकार्य नहीं करना चाह रहा, जिसके कि परिणाम बहुत भयावह रूप से सामने आ रहे हैं। इसमें दुखद यह है कि बच्चे अपना धैर्य खोते जा रहे हैं और अपने बीच समस्याओं के समाधान के लिए जब वे किसी को नहीं पाते तो आत्महत्या जैसा अनुचित कदम उठा लेते हैं। किंतु अपनी जीवन लीला समापित के बाद ऐसे बच्चे अपने अभिभावकों के लिए बहुत बड़ा दर्द पीछे छोड़ जाते हैं, जिसे वे जीते जी, जीवन भर अनुभव करते हैं । इससे जुड़े जो आंकड़े हाल ही में सामने आए हैं आज वे बहुत चिंता पैदा कर रहे हैं। क्योंकि भारत में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों की दर से भी अधिक हो गई है। पिछले दशक में छात्र आत्महत्याओं में 50 और छात्राओं में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों में दोनों में औसतन 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर, छात्र आत्महत्या भरत में फैलती महामारी रिपोर्ट वार्षिक आईसी-3 सम्मेलन में जारी की गई है जो हमारे सभ्य समाज को आज बहुत कुछ विचार करने के लिए विवश कर रही है । देश में आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है, जिसमें कि विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसी-3 इंस्टीट्यूट की ओर से संकलित यह रिपोर्ट बता रही है कि वर्ष 2022 में कुल छात्र आत्महत्या के मामलों में 53 प्रतिशत पुरुष छात्रों ने खुदकुशी की थी, जबकि इससे पहले के वर्ष में छात्राओं की आत्महत्या में सात प्रतिशत की वृद्धि दिखी। जिसमें कि सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति राज्यवार मुख्य पांच राज्यों को देखें तो महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड की है। इन प्रदेशों में छात्र सबसे अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। यानी कि जो आंकड़ा निकलकर सामने आया है, वह देश में होने वाली कुल आत्महत्याओं का एक तिहाई है, कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों से जुड़ा राजस्थान इस सूची में दसवें स्थान पर है। महाराष्ट्र में 2022 के दौरान 1,764, तमिलनाड़ में 1,416, मध्य प्रदेश में 1,340, उत्तर प्रदेश में 1,060 और झारखण्ड में 824 विद्यार्थियों ने अपनी जीवनलीला समाप्त की है। वास्तव में एनसीआरबी के आंकड़े पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी रिपोर्ट (एफआईआर) पर आधारित है। जो हमें सभ्य समाज के बीच बहुत कुछ सोचने पर विवश कर रही है। क्या हमारे इस सभ्य समाज में आत्महत्या के लिए कोई जगह होनी चाहिए यदि नहीं तो यह आत्महत्याएं क्यों हो रही हैं इसका अर्थ हुआ कि हम अपने बच्चों में जीवन की सकारात्मकता के प्रति विश्वास पैदा नहीं कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने इसलिए ही परीक्षा पर चर्चा की शुरुआत की है, ताकि बच्चे उसके प्रति सहज हों और उससे बिल्कुल भी घबनाएं नहीं । अभिभावकों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को सहनशील बनाने एवं धैर्य धारण करने की दिशा में भी प्रशिक्षित करें। इसके साथ ही हमें अपने बच्चों का परिचय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) और राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) से अवश्य करवाना चाहिए। जो कार्य राष्ट्रीय स्तर पर एनसीपीसीआर का है, वही राज्य स्तर पर एससीपीसीआर करता है। आयोग के लिए, शुन्य से लेकर अड्डारह वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों की सुरक्षा समान महत्व रखता है।

एक्सप्रेस आलेख

विश्वविद्यालय को शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के भीतर कौशल विकसित करने पर विशेष बल देना चाहिये। जीवन में वे लोग सफ़ल नहीं होते हैं, जो अत्यधिक ज्ञानी होते हैं या अत्यधिक परिश्रमी होते हैं, बल्कि वे लोग सफल होते हैं, जो किसी कार्य में कुशल होते हैं। यह है कि हमारे कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता का समावेश हो। इस वर्ष बजट में कौशल विकास, रोजगार, नवाचार एवं स्टार्टअप के लिये केन्द्र सरकार द्वारा विशेष प्रावधान किये गये हैं। हमारे देश की आबादी में अधिकांश युवा है और जिस देश के पास युवा की ताकत है वह दुनिया में अग्रणी स्थान बना सकता है। नई शिक्षा नीति के पूर्णतया प्रभावी ढंग से लागू होने से शिक्षा का एक ऐसा तंत्र विकसित होगा।

विश्वविद्यालयों की भूमिका का विस्तार



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

युवा शक्ति द्वारा राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान करने में सहायता करेगा तथा साथ ही उन्हें स्वावलम्बी एवं कुशल बनने को प्रोत्साहित करेगा। विश्वविद्यालय के शोधार्थी अपने शोध में किसान कल्याण यथा जैविक, कृषि करने वाले यंत्रों के विकास एवं अन्य सामाजिक क्रियाकलाप में में वरीयता दे ताकि जैविक कृषि का विकास हो और समाज को तमाम रसायन, पेस्टीसाइड जनित बीमारियों से बचाया जा सके।

राज्यपाल के रूप में आनंदीबेन पटेल ने अनेक अभिनव कार्य किए है। आज यह प्रेरणदायक परंपरा के रूप में स्थापित हो चुके हैं। पहले विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा तक सीमित एक संस्था के रूप में देखा जाता था। इसके अलावा उसकी किसी अन्य क्षेत्र में भूमिका नहीं देखी जाती थी। आनंदी बेन पटेल ने इस धारणा को बदल दिया है। उन्होंने राज्यपाल बनने के बाद विश्वविद्यालों के दीक्षांत समारोह में आमंत्रित करना शुरू किया। पहले कोई इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता था। आनंदी बेन पटेल ने इसका कारण भी बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे जब उच्च शिक्षण संस्थान का दीक्षांत समारोह जब देखेंगे तो उनको भी प्रेरणा मिलेगी। आनंदी बेन ने इसकी शुरुआत की। आज यह परंपरा बन चुकी है। अब प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह में स्कूल के बच्चों को आमंत्रित किया जाता है। आनंदी बेन पटेल के पहले विश्वविद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों के बीच किसी सूत्र की कल्पना भी नहीं की जाती थी। लेकिन आज विश्वविद्यालयों की भूमिका आंगनबाड़ी केंद्रों तक विस्तृत हो चुकी है। इसी प्रकार आनंदी बेन की प्रेरणा से विश्वविद्यालय अब गांव को भी गोद लेने लगे है। इस तरह विश्वविद्यालों की भूमिका में एक प्रकार का कायाकल्प हो गया है। इसकी झलक मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के दीक्षांत समारोह में दिखाई दी। राज्यपाल की अध्यक्षता में समारोह सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के दीक्षांत में स्कूल के छोटे बच्चे थे। आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री थी। राज्यपाल ने कहा कि आज इस दीक्षांत समारोह में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित एवं सम्मानित किया गया है। यह बच्चे हमारे देश के भविष्य है। इनकी नन्हीं आंखों में बड़े सपने इन्हें जीवन में उत्कृष्ट करने के लिये सदैव प्रेरित करते रहेंगे। दीक्षांत समारोह में आंगनबाड़ियों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु जिला प्रशासन कुशीनगर एवं इस विश्वविद्यालय के सहयोग से कुल दो सौ किटों का वितरण किया गया। इस प्रकार के किट वितरण अन्य जनपदों में उपलब्ध होनी चाहिए। आंगनबाड़ियों द्वारा देश की भावी पीढ़ी को समर्थ बनाने हेतु किया गया प्रयास अनुकरणीय है। विश्वविद्यालयों को स्थानीय उद्योगो की मांग के अनुसार ही अपने पाठ्यक्रम

विश्वविद्यालयों में संपन्न हो रहे शोध को आमजन तक पहुँचाने में ही शोध की सार्थकता है। विश्वविद्यालयों को आगे बढ़कर अपने आस-पास के समाज एवं समुदाय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सकारात्मक सहयोग करना चाहिए। छात्रों में सामाजिक दायित्व बोध विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

को बनाना चाहिए और उसी अनुसार उनको प्रशिक्षित करना चाहिए ताकि वे उस उद्योग की मांग के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सके। किसी बच्चे की विकास का बुनियादी आधार माता पिता द्वारा पदत्त शिक्षा व संस्कार होता है। यह शिक्षा व संस्कार ही बच्चे को अपने जीवन में क्रियान्वयन कर के एक अच्छा नागरिक बनने में सहयोग करता है।आनंदीबेन पटेल ने ग्राम गौनर ब्लॉक सरदार नगर में स्थित शंकर प्रेरणा महिला लघु पुष्टाहार निर्माण इकाई का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर कार्य करने वाली समूह की महिलाओं से वार्तालाप कर उनके द्वारा बनायें जाने वाले पुष्टाहार के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त किया। यहां से बना पुष्टाहार दो ब्लाकों सरदारनगर व खोराबार के तीन सौ से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाता है। आज प्रत्येक गांव में महिलाए स्वयं सहायता समूह बनाकर रोजगार प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से देश में चार करोड़ स्वयंसेवी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है।शिक्षा के साथ हमें देश के श्रेष्ठ नागरिक के रूप में अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। दीक्षांत समारोह में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गांव के बेसिक शिक्षा परिषद के छात्र छात्राओं को राजभवन की ओर से जीवन उपयोगी सौ पुस्तक फल व किट वितरण,बीस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट सामग्री वितरित की गई। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य और उसकी सार्थकता इसमें है कि वह अपने समुदाय, समाज और राष्ट्र को हर प्रकार से और अच्छा बनाये। राज्यपाल मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आपने अपने चुने हुए विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, परन्तु जीवन की परीक्षा अब आरंभ होगी। आपके जीवन में बहुत सी चुनौतियां आयेंगी, आपको उनका सामना करना है और उस पर विजय प्राप्त करनी है। छात्रों को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का सदुपयोग बेहतर प्रौद्योगिकी एवं प्रबंध तंत्र विकसित करने में प्रदर्शित करना चाहिए। क्योंकि आज का समय प्रौद्योगिकी और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का है। जो राष्ट्र निरंतर नया शोध करेंगे तथा नयी टेक्नोलॉजी विकसित करेंगे, वहीं दुनिया का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री के मंशानुसार भारत को विकसित भारत बनाना है इसके लिए हमें प्रौद्योगिकी की दिशा में तेजी से कार्य करना होगा। इसके माध्यम से ही हम देश में गरीबी तथा अशिक्षा को खत्म कर देश को सुखी एवं समृद्ध बना पायेंगे। ज्ञान सर्वोच्च शक्ति है, परंतु कर्महीन ज्ञान का कोई लाभ नहीं है। ज्ञान संचित करने का कोई लाभ नहीं है, यदि उससे कोई नवाचार न हो रहा हो एवं उससे समुदाय, राष्ट्र या मनुष्यता का कोई भला न हो रहा हो। ज्ञान की सार्थकता इसी में है कि वह आमजन के जीवन को और अच्छा करने में सहायक हो। विश्वविद्यालयों में संपन्न हो रहे शोध को आमजन तक पहुँचाने में ही शोध की सार्थकता है। विश्वविद्यालयों को आगे बढ़कर अपने आस-पास के समाज एवं समुदाय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सकारात्मक सहयोग करना चाहिए। छात्रों में सामाजिक दायित्व बोध विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एक्सप्रेस कविता

इंसान अब दो पाया नहीं चौपाया जानवर सा हो गया है। बुद्धि नहीं केवल और केवल ताकत,बल और हुकूमत के दम पर बर्बर हिंसक हो गया है। कहीं बारूद की गंध कहीं गोलियों कीआवाज, कहीं बम के धमाके हर तरफ केवल जंग ही जंग। अबोध बच्चों का क्रंदन अबला स्त्रियों का रुदन चीत्कार करता मानव मन हर तरफ दमन ही दमन। हर तरफ बर्बादी, हर तरफ विनाश युद्ध की धधकती ज्वाला में इसराइल,पिलिस्तीन में सिर्फ बूढ़े, बच्चों, स्त्रियों की हर तरफ लाश। साम्राज्य और सत्ता के मोहपाश में अंधे होते देश क्या देश और क्या विदेश मन में लालच का समावेश। रूस को साम्राज्य चाहिए अंधी हवस का विकृत मोह पास विस्तार की अनावश्यक आस यूक्रेन को दे दिया महाविनाश। उस अंधे बर्बर युग की तरफ जहां अमन नहीं।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

एक दीपक जिस तरह अंधकार को दूर करता है आप भी जीवन में रोशनी लाने का प्रयास करें अंधे बन कर मत जीयो अपने आस पास की वस्तुओं पर ध्यान दो उससे सीखने का प्रयास करो

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	चतुर्दशी 29:21 तक
नक्षत्रः	आश्लेषा 21:46 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	रविवार
योगः	परिघा , 17:44
सूर्योदयः	06:03
सूर्यास्तः	18:38
चंद्रमाः	कर्क राशि में
राहुकालः	17:04-18:38
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1946
मासः	भाद्रपद
शुभ मुहूर्तः	11:55-12:45

जन एक्सप्रेस

हो ऐसे तैयारी !

मिल रही नसीहत।
हो ऐसे तैयारी।।
रणनीति पर काम।
होगा रखना ज़ारी।।
गुरु मंत्र मिल रहा।
पल पल हो सुधार।।
कैसे भी बढ़ना है।
अपना ये आधार।।
झोंकनी है ताक़त।
आ गया वो वक्त।।
ना बनना है ढीला।
हो जाना है सख्त।।
बढ़ते जाना आगे।
हो विरोधी पस्त।।
सीटें बढ़ने वाली।
हैं करते आश्वस्त।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

दुनियाभर में सही मात्रा में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स नहीं लेने से पड़ रहा है लोगों की सेहत पर असर : स्टडी

सेहतमंद रहने के लिए शरीर में पोषक तत्वों का बैलेंस रहना बेहद जरूरी होता है। पोषक तत्वों को बैलेंस रखने के लिए आपको हेल्दी डाइट जैसे फल, सब्जियां और ड्राई फ्रूट्स आदि खाने चाहिए। आमतौर पर शरीर के विकास के लिए हमें विटामिन सी, मिनरल्स, प्रोटीन और कैल्शियम आदि की जरूरत पड़ती है, लेकिन इसके साथ ही हम माइक्रोन्यूट्रिएंट्स यानि सूक्ष्म पोषक तत्वों को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

ज्यादातर लोग नहीं ले रहे हैं सही माइक्रोन्यूट्रिएंटस: हार्वड टी.एच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ और ग्लोबल अलायंस फॉर इंप्रूव्ड न्यूट्रिशन द्वारा की गई एक स्टडी के मुताबिक दुनियाभर में ज्यादातर लोग सही मात्रा में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स नहीं ले रहे हैं। स्टडी के मुताबिक दुनियाभर में आधे से ज्यादा आबादी सूक्ष्म पोषक तत्वों को ठीक से नहीं ले रही है। यही कारण है कि आज के समय में लोगों में पोषक तत्वों की कमी हो रही है। इस स्टडी को करने में ग्लोबल डायट्री डेटाबेस से एक डेटा लिया गया। यह डेटा 31 देशों पर सर्वे किए जाने के बाद लिया गया।

लोगों को हो रही है स्वास्थ्य समस्याएं: लांसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित हुई इस स्टडी के मुताबिक शरीर में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की कमी लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। इसकी वजह से दुनियाभर की आबादी का एक अच्छा खासा हिस्सा बीमार पड़ रहा है। इसकी वजह से लोगों में इंफेक्शन से होने वाली बीमारियों की समस्या बढ़ने के साथ ही साथ कुछ मामलों में दिखाई देने में भी कठिनाई महसूस हो रही है। यही नहीं, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की कमी के कारण कई बार प्रेग्नेंसी के दौरान भी महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से गुजरना पड़ता है।

कौन-कौन से माइक्रोन्यूट्रिएंट्स लेना है जरूरी? : सेहतमंद रहने के लिए आयोडीन, फोलेट और आयरन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को बैलेंस रखना जरूरी होता है। इसके साथ ही साथ सेलेनियम और जिंक और लेना भी शरीर के लिए अनिवार्य होता है। माइक्रोन्यूट्रिएंट्स लेने से शरीर में इंफेक्शन, हार्मोन में होने वाले बदलाव और इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी होने की आशंका कम होती है। इससे हार्ट डिजीज कम होने के साथ ही डेंगू-मलेरिया का भी खतरा कम होता है।

एक्सप्रेस विशेष

दो अरब लोगों को पौष्टिक आहार की दरकार

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

कमोबेश यह हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखी जा सकती है। अब सोचिये इस तरह बर्बाद गया खाना कितने लोगों के पेट भर सकता है। खाने का यह दुरुपयोग आसानी से रोका जा सकता है। इसके लिए प्रकृति या व्यवस्था को दोष नहीं दिया जा सकता।

अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट इस मायने में और गंभीर हो जाती है कि लाख प्रयासों के बावजूद दुनिया की बहुत बड़ी आबादी को पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 2.2 अरब आबादी आज भी पौष्टिक आहार से वंचित है। इसके कारण कुपोषण बढ़ रहा है और लोग बीमारियों का आसान शिकार बन रहे हैं। मजे की बात यह है कि हमारी आदतों के कारण बहुत बड़ी मात्रा में एक ओर भोजन की बर्बादी हो रही है तो हमारी व्यवस्थाओं के चलते बड़ी मात्रा में या तो खाद्यान्न बेहतर रखरखाव के अभाव में खराब हो जाता है या फिर पोस्ट हार्वेस्टिंग गतिविधियों को विस्तारित व काश्तकारों तक तकनीक की पहुंच नहीं होने के कारण खराब हो जाता है। यानी एक ओर हमारी आदतों के कारण तो दूसरी ओर सहेज कर रखने की सही व्यवस्था के अभाव में खाद्यान्न बेकार हो जाता है। इसका सीधे-सीधे खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। यह पहला अवसर नहीं है जब इस तरह की रिपोर्ट जारी हो रही हो, बल्कि आईएफपीआरआई का यह सालाना कार्यक्रम है और प्रतिवर्ष इस तरह की रिपोर्ट जारी होती है। इसमें भी दो राय नहीं कि हालात में सुधार हो रहा है पर

कई देशों में होटलों, रेस्ट्रा, सामूहिक आयोजनों सहित विभिन्न आयोजनों में भोजन की बर्बादी रोकने के लिए सक्रियता दिखाई गई है लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरे से अधिक नहीं है। ऐसे में हमें अन्न के एक-एक दाने को बचाने के बारे में सोचना होगा। जिस तरह पार्टियों में खाने की बर्बादी होने लगी है, यह अपने आपमें गंभीर है। बुफे के खाने में इसको आसानी से देखा जा सकता है।

जिस तरह का सुधार होना चाहिए था वह हो नहीं हो रहा है। यह किसी एक देश की समस्या हो ऐसा भी नहीं है, कमोबेश यह हालात दुनिया के अधिकांश देशों में है। अंतर इतना भर है कि कम आय वाले देशों में समस्या अधिक गंभीर है। यह तो साफ हो गया है कि कुपोषण के कारण या यों कहें कि पौष्टिक आहार की सहज उपलब्धता नहीं होने के कारण सीधे-सीधे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार यदि लोगों को पौष्टिक आहार मिलने लगे तो पांच में से एक जान तो आसानी से बचाई जा सकती है। पौष्टिक भोजन नहीं मिलने की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि 14.8 करोड़ बच्चे अविकसित हो रहे हैं तो 4.8 करोड़ बच्चे कम वजनी हो रहे हैं। केवल पौष्टिक आहार नहीं मिलने के कारण ही 50 लाख लोग डायबिटिज के शिकार हो रहे हैं। अधिक वजन और मोटापा आम होता जा रहा है। कुपोषण के कारण गैर संचारी बीमारियों की गिरफ्त आते जा रहे हैं। हालांकि दुनिया के देशों की सरकारें लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए गंभीर है। पर इसके प्रमुख कारणों में से सहज उपलब्धता व पहुंच का अभाव, सामर्थ्य यानी कि गरीबी या पर्याप्त आय नहीं होना है। सबसे अधिक वैश्विक स्तर पर हालात से निपटने के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। दुनिया के देशों को मांग और आपूर्ति की व्यवस्था को भी देखना होगा। इस सबके साथ हमारी बदलती जीवन शैली जिसमें अपौष्टिक खाद्य व पेय पदार्थों का सेवन आम होता जा रहा है उस पर भी रोक लगानी चाहिए और जब तक सरकारों के प्रयास सफल नहीं होते तब तक हमें भी हमारी आदतों को सुधारने की पहल करनी ही होगी। इन सबके साथ दुनिया के देशों के सिविक सेंस को भी सकारात्मक बनाना होगा। कई देशों में होटलों, रेस्ट्रा, सामूहिक आयोजनों सहित विभिन्न आयोजनों में भोजन की बर्बादी रोकने के लिए सक्रियता दिखाई गई है लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरे से अधिक नहीं है। ऐसे में हमें अन्न के एक-एक दाने को बचाने के बारे में सोचना होगा। जिस तरह पार्टियों में खाने की बर्बादी होने लगी है, यह अपने आपमें गंभीर है। बुफे के खाने में इसको आसानी से देखा जा सकता है। भले ही यह हालात हमारे देश में हो कि आयोजनों में किस तरह लोग बुफे स्टॉल पर टूट पड़ते हैं, खाने की प्लेट को एक ही बार में भर लेते हैं और फिर जूठन के रूप में डस्टबिन को समर्पित कर देते हैं। यह तस्वीर खाने की बर्बादी को दर्शाती है। कमोबेश यह हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखी जा सकती है। अब सोचिये इस तरह बर्बाद गया खाना कितने लोगों के पेट भर सकता है। खाने का यह दुरुपयोग आसानी से रोका जा सकता है। इसके लिए प्रकृति या व्यवस्था को दोष नहीं दिया जा सकता। इसी तरह से खेत-खलिहान में व्यवस्था के अभाव में होने वाले कृषि उत्पादों का नुकसान भी कम किया जा सकता है। इस तरह अन्न और खाद्यान्न दोनों की बर्बादी रोकी जा सकती है तो दूसरी ओर यह सब जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए विश्व खाद्य संगठन व इसी तरह की अन्य संस्थाएं आसानी से कर सकती हैं। उपलब्ध खाद्यान्नों से ही समस्या को एक हद तक तो दूर किया जा सकता है। इसके साथ ही दुनिया के देशों की सरकारों को अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा ताकि लोगों को पौष्टिक आहार मिल सके।

पुलिस भर्ती परीक्षाः डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण

* कड़ी निगरानी में 6814 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन भी जिले के 15 केंद्रों पर सख्त निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न हुई। पूरी जांच परख के बाद ही अभ्यर्थियों को कक्षाओं में जाने दिया गया। दोनों पालियों में बुलाए गए 9792 में से 6814 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 2978 ने गैरहाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम, एएसपी समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वहीं स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2023 को लेकर जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को और सख्ती बरती गई। परीक्षा के दौरान अधिकारी लगातार सक्रिय बने रहे। अंतिम दिन की परीक्षा में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रूप से इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक जांच सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने परीक्षार्थियों के सुविधा को ध्यान रखने का निर्देश दिया। परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बने कंट्रोल रूम कक्ष का भी निरीक्षण किया।

वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों गुरुनानक इंटर कालेज, वाईडी कालेज समेत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखकर पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। बताते चले कि जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4896 के सापेक्ष पहली पाली में 3330 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1566 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3484 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1412 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

नगर पालिका परिषद के सौतेले व्यवहार का दंश झेल रहे मोहल्ला सरैया वासी

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

नगर पालिका परिषद के सौतेले व्यवहार का डंश झेल रहे मोहल्ला सरैया के लोगो सहित नगर के अन्य मोहल्लेवासियो द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। बताते चले कि मोहल्ला सरैया स्थिति मार्ग जो सरैया सहित ग्राम खेतहारा, धमौला को भी शाहजहांपुर मार्ग से जोड़ता है की हालत लगभग दसियो वर्षो से बद से बदतर हो गयी है। इस मार्ग पर बरसात के मौसम में ही नही साल के 12 महीने जल भराव रहता है तथा पूरे मार्ग में जगह-जगह गड्ढो में मार्ग को तलाशना पड़ता है। जल भराव के कारण इन गड्ढो का पता बाइक सवारो व साइकिल सवारो सहित पैदल चलने वाले लोगो को भी नहीं हो पाता जिस कारण आये दिन लोग हादसो का शिकार होते रहते है। उक्त मार्ग के निर्माण के लिये मोहल्ले वासियो ने स्थानीय मण्डी समिति से बात की तो पता चला कि यह मार्ग मण्डी में नहीं आता जिस कारण उक्त मार्ग का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया जायेगा तब मोहल्ले वासी एकत्र होकर नगर पालिका से उक्त मार्ग के निर्माण की मांग की परन्तु नगर पालिका द्वारा बजट न होने की बात कह मोहल्लेवासियो को बैरंग ही वापस कर दिया। नगर पालिका सहित अन्य चुनावो में भी मोहल्ले वासी इस मार्ग के निर्माण के लिये हर उम्मीदवार से मांग करते आ रहे और उम्मीदवार सड़क निर्माण का वादा कर वोट हासिल करने के बाद इधर घूम कर भी नहीं देखता। तब मजबूर होकर मोहल्ले वासियो सहित नगर के कुछ संभ्रात लोगो द्वारा मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से इस मार्ग के निर्माण की मांग की गयी है। अब देखना यह है कि क्या मुख्यमंत्री दरबार में इन लोगो की सुनी जायेगी या मोहल्ला सरैया वासी नगर पालिका का सौतला व्यवहार झेलते रहेंगे। जबकि इस मोहल्ले अधिकतर संख्या मजदूरी पेशा एवं पीछड़ी जाति के लोगो की है जो नगर पालिका चुनाव में वर्तमान चेयरमैन के पक्ष में ही खड़े दिखाई दे रहे थे फिर नगर पालिका इन लोगो की नहीं सुन रही तो जिन लोगो ने इनका विरोध किया है उनका क्या हाल होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

जिला कारागार का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

* बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी

सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भोजराज सिंह, चिकित्सक डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

कस्बे को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत ने अभियान शुरू किया

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

कस्बे वासियों को जल्द ही सड़क पर घूमते आवारा पशुओं से मुक्ति मिल जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष की पहल पर कस्बे को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत ने अभियान शुरू किया है। कस्बे वासियों को जल्द ही सड़क पर घूमते आवारा पशुओं से मुक्ति मिल जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क्य्यूम की पहल पर कस्बे को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत ने अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत करीब चार दर्जन मवेशियों को पकड़कर भेंरौही गौशाला में रखा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क्य्यूम ने बताया कि नगर पंचायत की गौशाला में मवेशियों को रखने की जगह न होने के चलते इन पर लगाम संभव नहीं हो पा रहा था। लेकिन इस बार पड़ोसी गौशालाओं में आपसी तालमेल बनाकर अभियान के दौरान मवेशियों को पकड़ने के बाद गौशाला में रखने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि कस्बे में आवारा पशुओं से आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायत प्रतिनिधि धुर्व वर्मा के सहयोग से नगर पंचायत ने भैरौही गौशाला में मवेशियों को रखने की योजना बनाई है। जिससे आवारा पशुओं से कस्बा मुक्त होगा। कस्बे में जगह-जगह आवारा मवेशियों के खड़े होने एवं आवारा मवेशियों की सड़कों पर लड़ाई होने से लोगों को निकलने में परेशानी होती थी, साथ ही जान का भी खतरा बना रहता है।

लेखपाल की घूसखोरी को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

तहसील धौरहरा ग्राम सभा सेमरी के उदयपुर का है पीड़ित व्यक्ति छेद लाल से लेखपाल से नकल लेने के चक्कर काट रहा लेखपाल की ऊंची पकड़ होने के चलते थक हार कर बैठा घर पर पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि लेखपाल देशराज वर्मा ने खसरा के नाम पर 10000 रुपए मांगे थे गरीब किसान के पास इतने पैसे नहीं थे तो 1000। 500 नगद तथा 500 ऑनलाइन पेमेंट किया था आज तक खसरा नहीं मिला 15 सालों से माननीय उच्च न्यायालय में मुकदमा चल रहा था जहां पर उसे 41 की रिपोर्ट मांगी गई तो उसने साफ-साफ मना कर दिया और कहा यदि हमारी शिकायत करोगे तो हम तुम्हें भूमिहीन बना देंगे कई वर्षों से ग्राम सभा सेमरी में दीमक की तरह किसानों को कर रहा खोखला अब देखना है इस लेखपाल पर कार्यवाही होती है या नहीं।

बैठक में ग्रामीण आवास प्लस 2018 में पात्र लाभार्थियों का नाम जोडे सर्वे पर चर्चा

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे-2024 के तहत शनिवार को विकास खण्ड के मीटिंग हाल में ब्लाक प्रमुख, विरेन्द्र शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में की गयी। मीटिंग मे समस्त बी0डी0सी0 सदस्य, समस्त प्रधानगण, ग्राम पंचायत सचिव, समस्त सेक्टर प्रभारी एवं समस्त ब्लाक स्तरीय कर्मचारी उपस्थित थे। मीटिंग मे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2018 में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़े जाने के लिए ग्राम पंचायतों मे सर्वे किये जाने एवं लाभार्थी के पात्रता एवं अपात्रता के मानक के विषय मे एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने आदि के बारे में बताया गया।

सभासद के घर के बाहर मिला युवक का शव

* सभासद समेत पांच पर हत्या की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद। शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला सुलेमानी में संदिग्ध हालात में अनुसूचित जाति उत्पीड़न समेत चार मामलों के आरोपी का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वीडियोग्राफी और तीन चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई। इसलिए विसरा सुरक्षित किया गया है। मृतक के भाई की तहरीर पर नगर पालिका के सभासद और उसके बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मोहल्ला सुलेमानी निवासी उस्मान उर्फ लाला (30) का शव शुक्रवार देर शाम मोहल्ले के

सभासद रतीराम के सहन में पड़ा मिला। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसके जीवित होने की उम्मीद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह समेत पहुंचे और घटना को लेकर जांच की। भाई आरिफ का आरोप है कि उस्मान शुक्रवार शाम सभासद रतीराम के घर के बाहर गली से निकल रहा था। इस दौरान रतीराम ने दोबारा गली से न निकलने की हिदायत दी, लेकिन उस्मान ने कह दिया कि इधर से ही निकलेंगे। आरोप है कि इसी बात पर रतीराम ने अपने बेटे रोहित, पड़ोस में रहने वाले राहुल, ईश्वर और चौधरी के साथ मिलकर पीट पीटकर उस्मान की हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार देर शाम तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। उधर, दूसरी ओर शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक पोस्टमार्टम में दाहिने कंधे और हाथ में चोट के मामूली निशान मिले हैं, लेकिन यह चोट ऐसी नहीं है कि किसी की मौत हो जाए। पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट न होने के कारण विसरा सुरक्षित किया गया है। उस्मान उर्फ लाला के खिलाफ शाहाबाद कोतवाली में चार मामले दर्ज हैं। इनमें से तीन मामले अनुसूचित जाति उत्पीड़न के हैं। एक मामला मारपीट का भी है। बीती 29 अगस्त को भी उस्मान उर्फ लाला का चालान शांतिभंग की आशंका में किया गया था। तब आरोप था कि 29 अगस्त को वह राह चलती महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो उस्मान गाली गलौज करने लगा था। इसी के चलते पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया था। इसके बाद एसडीएम न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया था। चर्चा है कि वहां से भी चहारदीवारी फांदकर भागने की कोशिश की थी, लेकिन सिपाहियों ने उसे पकड़ लिया था। उस्मान उर्फ लाला की मां जरीना की हत्या 16 सितंबर 2023 को लाठियों से पीटकर कर दी गई थी। वारदात को भाई वारिस ने अंजाम दिया था। मृतक के बड़े भाई खालिद ने वारिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मां की हत्या के आरोप में वारिस अब भी जेल में है।

दबंगों ने दलित को पीटा, पुलिस को तहरीर

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला कोतवाली के नानक चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अलियापुर निवासी दलित राधेश्याम की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है बताते हैं राधेश्याम के खेत से जेसीबी और डंपर निकालने से मना करने पर दलित की पिटाई कर दी गई। दलित ने तीन के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलीपुर निवासी राधेश्याम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कुछ लोग मिट्टी खनन का काम करते हैं। शुक्रवार को उन लोगों ने उसके प्लाट से जेसीबी और डंपर निकालने लगे जिसका दलित ने विरोध किया। आरोप है कि उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में जब नानक चौकी इंचार्ज योगेश कुमार चौधरी पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझे कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।जबकि इसी मामले में नानक चौकी के सिपाही मामले को रफादफा करने में जुटे रहे।

दुकान में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला कोतवाली अलीगंज चौकी क्षेत्र में एक दुकान में लगी आग से 80 हजार रुपए की नगदी समेत लाखों का सामान राख हो गया। दुकानदार ने आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम अलीगंज निवासी मासूम अख्तर उर्फ राजू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि अलीगंज चौराहे पर उसकी सब्जी, फल व कोल्ड ड्रिंक की दुकान है। 29 अगस्त की देर रात लगभग 12 बजे उसकी दुकान में एकाएक आग लग गई। लोगों ने उसे सूचना दी, वह तत्काल मौके पर पहुंचा, पर तेज लपटों के आगे कुछ न कर सका। मासूम का कहना है कि उसकी दुकान में सारा सामान, 5 फ्रिज, 5 सीसीटीवी कैमरा, एक एलईडी, दो कूलर, 4 पंखा, दो सोलर पैनल, इन्वर्टर बैट्री, कोल्ड ड्रिंक्स का सामान

शिक्षिकाओं को आपस में झगड़ना पड़ा महंगा, निलंबित

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकास खंड संडीला के प्राथमिक विद्यालय जामू की दो शिक्षिकाओं को विद्यालय में आपस में विवाद करने और विद्यालय अभिलेख गायब करने पर निलंबित कर दिया गया। निलंबन की अवधि में उनको बीआरसी से संबद्ध किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि विकास खंड संडीला के प्राथमिक विद्यालय जामू की सहायक अध्यापक रजनी शंखवार और प्रियंका जायसवाल के बीच विवाद होने पर आपस में एक-दूसरे के खिलाफ आईजीआरएस के तहत शिकायतें दर्ज कराई गईं। इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी से कराई गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने 29 अगस्त को विद्यालय पहुंच कर जांच की। जांच में पाया गया कि रजनी शंखवार और प्रियंका जायसवाल विद्यालय समय में छात्रों के सामने ही लड़ाई-झगड़ा करती हैं और असमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करती हैं। इन लोगों ने षडयंत्र कर विद्यालय के अभिलेख अध्यापक उपस्थिति पंजिका, एसआर रजिस्टर इत्यादि गायब कर दिया। इनकी कक्षाओं का शैक्षिक स्तर अति न्यून है। दोनों शिक्षण कार्य में कोई रुचि नहीं ले रही हैं। खंड शिक्षा अधिकारी की संस्तुति पर शनिवार को दोनों को निलंबित कर दिया गया। निलंबन के बाद दोनों को बीआरसी संडीला से संबद्ध किया गया है। प्रकरण की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी, भरावन और खंड शिक्षा अधिकारी, सांडी को संयुक्त रूप से जांच अधिकारी बनाया गया है।

कार्य में लापरवाही पर ठेकेदार को काली सूची में डालें

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक शनिवार को हुई। बैठक में सभासदों ने बदहाल सड़कें, अतिक्रमण व बिजली व्यवस्था का मुद्दा उठाया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व ईओ ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन मोहम्मद अहमद ने की। सभासद मोहम्मद इस्लाम ने कहा कि काफी समय से मोतीपुर चौराहा जाने वाली मार्ग पर पड़ने वाली पुलिया खुदी पड़ी है। काफी प्रयास के बाद भी यह नहीं बन सकी है। सभासद संघ के अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पांडेय ने अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र दुबे से कहा कि अगर ठेकेदार पुलिया निर्माण में लापरवाही करते हैं तो उसे काली सूची में डाला जाए। सुंदौली वार्ड

सभासद सुनील मौर्या ने कहा कि नगर की सड़कों पर अतिक्रमण है। जिससे रामकुंड चौराहे से चिकमंडी चौराहे तक जाम लगता है। जाम से निजात दिलाई जाए। नई बाजार उत्तरी सभासद उमेश चंद्र वर्मा ने कहा कि रामकुंड चौराहे पर पटेल प्रतिमा के पास अतिक्रमण है। सबसे ज्यादा ऑटो रिक्शा वाले जाम लगाते हैं। सभासद बेहटा छावनी मुन्नी देवी ने कहा कि मार्ग प्रकाश की व्यवस्था ठीक की जाए। इंचौली सभासद अशोक कुमार ने कहा कि रामगुलाम स्कूल से इंचौली तक सड़क बनवाई जाए। चेयरमैन मोहम्मद अहमद ने कहा कि सभी वार्डों में निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। वहीं अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र दुबे ने कहा कि पांच करोड़ के टेंडर हो चुके हैं। जल्द ही सभी वार्डों में विकास कार्य शुरू होंगे।

मिश्रिख सीएचसी में झुके मिले सीसीटीवी कैमरे

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

खैराबाद/मिश्रिख। कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता की घटना के बाद जिला प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। शनिवार को अधिकारियों ने जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगहों पर लापरवाही मिली। अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों पर गार्ड की तैनाती नहीं मिली। एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने सीएचसी खैराबाद का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी व लेबर रूम को देखा। मरीजों से सुविधाएं मिलने की जानकारी ली। सीएचसी प्रभारी डॉ. रमाशंकर यादव से रात में सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे की जानकारी ली। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। सीएचसी मिश्रिख का एसडीएम पंकज सक्सेना ने निरीक्षण किया। डॉक्टरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम को यहां लगे सीसीटीवी कैमरे झुके मिले। उन्होंने अपने सामने कैमरे की लोकेशन दुरुस्त कराई। यहां गार्ड न मिलने पर उन्होंने एक होमगार्ड को तैनात करने के निर्देश दिए। इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजिका, सीसीटीवी कैमरे व प्रकाश व्यवस्था को देखा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव को सुरक्षा की बराबर निगरानी करने व व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायत दी।

कमीशन के खेल में सड़क निर्माण कार्य हुआ था फेल

✻ नवलपुर लार बाईपास का होगा उद्धार, राज्यमंत्री की हो रही जयकार

जन एक्सप्रेस। संजय मिश्रा

देवरिया। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा के कार्यकाल में बनी नवलपुर - लार रोड़ और लार बाईपास की सूरत अब बदलने वाली है। विगत से इस सड़क के पुनरोद्धार की सूचना मिली है तभी से क्षेत्रीय लोगों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम का आभार व्यक्त कर रहे हैं और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जयकार किया जा रहा है। पिछले कार्यकाल में यह सड़क निर्माण कार्य के दौरान इस कदर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी कि बनने के साथ ही उखड़ने लगी थी। घटिया निर्माण की वजह से अपने निर्माण काल के एक वर्ष के अंदर ही सड़क पूरी तरह खराब हो गई। जनता के बीच सरकार की खूब किरकिरी भी हुई । विभाग और जनप्रतिनिधियों के प्रयास से कई बार मरम्मत हुई और चिप्पी साट कर सड़क को चलने योग्य बनाया गया। बता दें कि लार बाई पास सड़क निर्माण में धांधली इस कदर की गई कि सड़क निर्माण के पहली बारिश में ही पिच सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो गई थी। भ्रष्टाचार में शिष्टाचार करने वाले जिम्मेदारों द्वारा सड़क की सीमेंट कंकरीट की ढलाई कराई गई परंतु इस सीमेंट कांक्रीट की सड़क में इतनी दरार आ गई कि बाईपास सड़क पर सायकिल चलाना भी दूभर हो गया है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पिछले कार्यकाल में इन दोनों सड़कों के निर्माण में जिम्मेदारों ठेकेदार से इस कदर कमीशन खाया कि लार बाईपास सड़क को दो बनाने के बावजूद करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई सड़क पर जनता को सैकड़ों दिन भी सुरक्षित आवागमन नसीब नहीं हुआ। पिछले बार कमीशन के खेल में फेल हुई सड़क पर इस बार होगी जनता की नजर।

राज्यमंत्री को बधाई देने वालों में मची है होड़

अब जबसे यह सूचना आई कि 19 करोड़ ग्यारह लाख की लागत से इस सड़क का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण होगा तबसे सोशल मीडिया पर सलेमपुर की विधायक और प्रदेश की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम को बधाई देने की होड़ लग गई है। बता दें कि सड़क को बनवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक व राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता की पीड़ा बयां की थी। राज्य मंत्री की मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी, जिसके बाद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दिया। टेंडर जारी होते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी दौड़ पड़ी है। नवलपुर से लार बाईपास होते हुए राम जानकी मार्ग को जोड़ने वाली, करीब 9 किलो मीटर की सड़क को चौड़ीकरण और सुंदरीकरण किया जाएगा।

बोली जनता*- टूटी सड़क तो समझें, कमीशन के लिए सड़क पास कराते नेता

बताते चलें कि सड़क के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण होने की आमजन में जहां उत्साह है वहीं लोगों का यह भी कहना है कि अगर इस बार भी सड़क बनने के बर्षांत में टूटी तो समझा जाएगा कि नेता अपने मोटे कमीशन के चक्कर में शासन से सड़कें पास कराते हैं उन्हें जनसुविधाओं से कोई वास्ता नहीं है।

क्या बिना भ्रष्टाचार संभव है शिष्टाचार

यक्ष प्रश्न - क्या यह सड़कें फिर एक ही बरसात झेलने वाली बनेंगी या इनकी विभाग द्वारा गारंटी की कोई गाइडलाइन है*। अगर यह सड़कें फिर एक ही बरसात में बारिश की बूंदों में बह गयी तो निश्चित ही कहा जाएगा कि बिना भ्रष्टाचार शिष्टाचार नहीं निभाया जा सकता।

सीएम योगी के जिले में होटलों में अनैतिक कार्यों का आरोप

जन एक्सप्रेस। चौरीचौरा

चौरीचौरा थाना क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने थाने पर शिकायती पत्र देकर कुछ होटलों में अनैतिक गतिविधियों के संचालित किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तरकुलहा देवी स्थान मोड़ से लगभग 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थित कई होटलों में अवैध और अनैतिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे वहां नवयुवक और युवतियों का आना-जाना दिन रात लगा रहता है।

गांव की बेटी बहुओं का आना-जाना हुआ दुर्लभ ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष को दिए शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि इन होटलों के सामने से गुजरने वाली गांव की लड़कियां और महिलाएं असहज महसूस करती हैं। होटलों के कर्मचारी उनके सामने बार-बार कमरा खाली होने की बात कहकर बुलाने का प्रयास करते हैं, जिससे वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। यह स्थिति खासकर स्कूल जाने वाली युवतियों और गांव की महिलाओं के लिए चिंता का विषय बन गई है।ग्रामीणों ने पुलिस से इन होटलों में हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर गोपाल ने लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

ज्वाइंट छत लगाने को लेकर उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाते --खटखटाते न्याय न मिलने से आहत गोपाल पुत्र मुराली ने मुख्यमंत्री को एक शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर पंचायत बृजमनगंज के वार्ड नंबर 11 निवासी गोपाल पुत्र मुराली ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि दो मकानों के बीच तीन फिट की गली है जिसका 12 फीट ऊंचाई पर छत लगाना चाहते हैं जिससे आवागमन भी बाधित नहीं हो रहा है जबकि मेरे पड़ोस के दुर्विजय पुत्र रामप्रसाद अपना ज्वाइंट छत लगवायें हुए जब लगा तो किसी को कोई हकतल्फी नहीं हुआ। गोपाल ने बताया कि जब मैं छत लगवाने का जैसे ही प्रयास किया कि वार्ड नंबर 11के ही सभासद अनूप चौरसिया ने चुनावी रंजिश को लेकर साथ ही साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत वृजमनगंज को गुमराह करके छत लगवाने में अवरोध पैदा कर रहे हैं जिससे आहत होकर सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को अवगत कराया लेकिन कोई अधिकारी छत लगवाने की इजाजत देना मुनासिब नहीं समझ रहा है जिससे गोपाल पुत्र मुराली की आर्थिक,मानसिक, सामाजिक क्षति हो रही है।जब कि उपनिरीक्षक वृजमनगंज ने अपने जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि इनके छत लगवाने से रास्ता बाधित नहीं हो रहा है। उपनिरीक्षक वृजमनगंज के जांच रिपोर्ट को सम्बन्धित उच्चाधिकारी मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं जुबानी जमा खर्च कर छत लगवाने की अनुमति दे रहे हैं लिखित देना और मौका मुआयना करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं जिसको लेकर गोपाल उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाया लेकिन न्याय न मिलने पर आजिज और तंग आकर न्याय प्रिय मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर छत लगवाने की गुहार लगाई है।

सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे उपराष्ट्रपति

✻ सैनिक स्कूल निर्माण में खर्च हुए 176 करोड रुपए

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक और पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए 7 सितंबर की तारीख संभावित है। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी उपस्थित रहेंगी। लोकार्पण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 49 एकड़ भूमि पर बना है। 176 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में दाखिला लेने के बाद इस सैनिक स्कूल में पहली जुलाई से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण में इस स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 84-84 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। इनमें कुल मिलाकर 40 छात्राएं और 128 छात्र हैं। यहां छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराते है। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित किए गए हैं।

सैन्य सेवाओं में अवसर को क्षेत्रीय संतुलन बढ़ाएगा सैनिक स्कूल गोरखपुर

गोरखपुर का सैनिक स्कूल सीएम योगी के दिल के बहुत करीब है। इसके शिलान्यास के बाद भी वह कई बार इसके निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने आते रहे हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल का उपहार देकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के मेधावियों को सैन्य सेवाओं में जाने के लिए एक सशक्त प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है। पूर्वी उत्तर के इस सैनिक स्कूल से सैन्य सेवाओं में अवसर के लिए क्षेत्रीय संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा।

सेना में होने वाले प्रशिक्षण के अनुरूप है सारिणी

सैनिक स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अधिकारी वर्ग में चयन के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के लिए तैयार करना होता है। सामान्य विद्यालयों से अलग संकल्पना वाले इस स्कूल में प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया में बच्चों की बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और चिकित्सकीय क्षमता का भी विशिष्ट रूप से आकलन किया जाता है। इसका पूरा पैटर्न सैन्योन्मुखी शिक्षा पर आधारित है। सैनिक स्कूल की समय सारिणी सेना में होने वाले प्रशिक्षण के अनुरूप होती है

सीएम योगी करेंगे एशिया के पहले राजगिद्ध संरक्षण केन्द्र का उद्घाटन

✻ गोरखपुर वन प्रभाग के कैंपियरगंज रेंज में हुआ है निर्माण

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

देश ही नहीं एशिया में राजगिद्ध के संरक्षण के लिए गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज में स्थापित 'जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र' का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके लिए 6 सितंबर की तिथि प्रस्तावित है। इस जटायु संरक्षण केंद्र का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री ने 7 अक्टूबर 2020 को किया था। जटायु संरक्षण केंद्र का उद्घाटन करने के बाद 6 सितंबर को ही मुख्यमंत्री स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित मानीराम क्षेत्र के सोनबरसा गांव में 634.66 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

राजगिद्ध जटायु की गाथा तो रामायण काल से ही सभी जानते हैं लेकिन पर्यावरणीय खतरे के चलते जटायु के वंशजों के अस्तित्व पर ही संकट आ गया। योगी सरकार ने इस संकट को दूर करने का संकल्प लिया है। राजगिद्ध के संरक्षण व संवर्धन के लिए गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज (भारीवैसी) में जटायु संरक्षण व संवर्धन केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र के जरिये राजगिद्धों की संख्या बढ़ेगी ही, विलुप्त होती प्रजातियों में शामिल इन जीवों को देखने के लिए सैलानियों की आमद बढ़ने से ईको टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र की स्थापना पर कुल 2 करोड़ 80 लाख 54 हजार रुपये की लागत आई है। इसमें ब्रीडिंग एवरी, होल्डिंग एवरी, हॉस्पिटल एवरी, नर्सरी एवरी, वेटनरी सेक्शन, प्रशासनिक भवन, रिकवरी एवरी, गार्डरूम, जेनरेटर रूम, पाथवे का निर्माण किया गया है। इस केंद्र में कुल 8 स्टाफ कार्यरत हैं। जटायु संरक्षण केंद्र में कुल 6 राजगिद्धों (नर एवं मादा) को लाया जा चुका है। यहां राजगिद्धों गिद्धों की निगरानी सीसी कैमरों से की जाएगी। चालीस जोड़ी राजगिद्ध छोड़े जाने की है योजना गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव के मुताबिक पांच हेक्टेयर जमीन पर बनाए गए इस केंद्र के लिए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी और प्रदेश सरकार के बीच में समझौता हुआ है। गोरखपुर वन प्रभाग द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार इस जटायु संरक्षण केंद्र से आगामी आठ-दस साल में 40 जोड़े राजगिद्ध छोड़े जाने का लक्ष्य है।

ग्राम प्रधानों ने सचिव के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा। सरदार नगर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों ने मंगलवार को विकास खंड मुख्यालय पर बैठक के बाद सहायक विकास अधिकारी पंचायत राधेश्याम जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डुमरी खास क्लस्टर की सचिव निर्मला चौहान के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन के अनुसार, ग्राम पंचायत छपरा मंसूर के प्रधान दीपक कुमार का डोंगल लेकर सचिव निर्मला चौहान ने अपने चहेतों की फर्मों में मनमाने तरीके से भुगतान किया। जब प्रधान ने इसका विरोध किया, तो सचिव के पति द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि इस मामले में पहले भी जिला पंचायत राज अधिकारी और सीडीओ को पत्र देकर न्याय की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सचिव निर्मला चौहान ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनके पास चार गांवों की जिम्मेदारी है और अगर कोई समस्या होती, तो केवल एक प्रधान ही शिकायत क्यों करता?

बाबूराम नरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में खाद्य सुरक्षा पर हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

बाबूराम नरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, कोना बरही में शनिवार को खाद्य सुरक्षा पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और स्थानीय लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों के खतरों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉक्टर महेश पति त्रिपाठी ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है और इससे कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए घर पर बने शुद्ध खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने बाजार में खुले में बिकने वाले और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी।इस दौरान डॉक्टर श्रवण कुमार, डॉक्टर नम्रता यादव, डॉक्टर बलविंदर प्रजापति, गोपाल पति त्रिपाठी, राजू प्रजापति, रीना सिंह, और विकास कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के प्रवक्ता, योगेंद्र मौर्य ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाएं, और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रसव पश्चात प्रसूता की हुई मौत परिजनों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कप्तानगंज कस्बे के सच्चिदानंद हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान महिला की मौत हो गई वहीं पैदा हुई बच्ची जीवित है जिस पर परिजनों ने कार्यवाही की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच में जुट गई।

नेबुआ नौरंगिया थाना के डीबनी गांव निवासी विजय प्रकाश ने अपनी पत्नी माया देवी उम्र 35 वर्ष को कप्तानगंज सच्चिदानंद हॉस्पिटल में शुक्रवार को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया जिसमें डॉक्टर ने डिलीवरी के लिए ऑपरेशन किया ऑपरेशन के दौरान बच्ची पैदा हुई और कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई वहीं बच्ची स्वस्थ है। जिस पर परिजनों ने अस्पताल कर्मीयो पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही को लेकर अस्पताल परिसर में हंगामा किया । जिसकी सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार व स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर रितेश कुमार सिंह अपने टीम के साथ मौके पर पहुंच जांच किया।

पति विजय प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रितेश कुमार सिंह ने बताया कि मरीज के इलाज के बारे में जांच की गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

केंद्रीय विद्यालय के राष्ट्रीय खेल में प्रत्युषा ने जीता गोल्ड मेडल

जन एक्सप्रेस, कुशीनगर। केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित 53 वें राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में खड्डा कस्बा के वार्ड नंबर दस शास्त्री नगर के सतीश तिवारी की पुत्री प्रत्युषा ने ताइक्वांडो की सीनियर वर्ग की प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। 27 से 31 तक आयोजित प्रतियोगिता में प्रत्युषा ने 52 से 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग किया था ।वह केंद्रीय विद्यालय चेरो सलेमपुर की छात्रा है। कुल चार मुकाबलों में कोलकत्ता, दिल्ली, गुहावटी और देहरादून के खिलाड़ियों को बड़े अंतर से हराया। फाइनल मुकाबले में देहरादून की पूर्वा को 10 के मुकाबले 18 अंक से हराया ।उसकी सफलता पर विधायक विवेकानंद पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, आलोक तिवारी, सुभाष गुप्ता, मनोज जायसवाल, सुधीश तिवारी, बबलू तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त की।

भाजपा ने आयोजित किया हर बूथ पर सदस्यता अभियान कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। देवरिया

भाजपा ने सदस्यता अभियान को लेकर पूरे जनपद के सभी बूथों पर कार्यशाला का आयोजन किया । इसी क्रम में शहर के बाबा सोमनाथ शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 195 पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभियान के क्रम में गोरखपुर क्षेत्र के सभी जिलों एवं मंडलों तक में कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं। शनिवार को जिले के सभी बूथों पर कार्यशाला आयोजित की गई है । उन्होंने बताया कि अभियान के अगले क्रम में जब 2 सितंबर 2024 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवा कर इस अभियान का शुभारंभ होगा तब हम सब कार्यकर्ता भी शनिवार को जिन बूथों पर कार्यशाला में भाग लेंगे उन्ही बूथों पर 2 सितंबर को पुनः जाकर स्वयं 20/25 परिवार को संपर्क कर कम से कम 100 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाएंगे।आगामी कार्यक्रम के दृष्टिगत बूथ पर आयोजित कार्यशाला की फोटो बूथ,मंडल, विधानसभा, जिला के विवरण के साथ प्रदेश द्वारा दिए गए गोरखपुर क्षेत्र के वॉट्सएप नंबर पर अवश्य भेजें 9219954536 साथ ही साथ जन संपर्क एवं अभियान से संबंधित सभी फोटो उपरोक्त नंबर पर अवश्य भेजें । सदस्यता अभियान के प्रचार प्रसार हेतु हम सभी अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल में सदस्यता अभियान की संगठन द्वारा दी गई फोटो लगाएं साथ ही साथ अन्य क्रिएटिव फोटो, वीडियो, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग इत्यादि प्रकार से भी अभियान का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर जन जन तक पहुंचाएं। सदस्यता अभियान के सह संयोजक अंकुर राय ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से होगी सदस्यता सदस्यता की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल करवाएं एवं स्स्ब द्वारा प्राप्त लिंक पर विवरण भरवाकर पंजीकरण पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि सदस्यता हेतु सहायता के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर है 8860147147 पर संपर्क कर सकते हैं। अभियान में किसी तकनीकी सहायता हेतु आप अपने मंडल, जिला स्तर पर आई टी एवं सोशल मीडिया टोली से भी संपर्क कर सकते हैं । कहा कि मेरा यह पूर्ण विश्वास है कि संगठन महापर्व के इस महत्वपूर्ण अभियान को हम सभी अपने प्रयास से सफल बनाकर जनपद को प्रदेश में ही नहीं अपितु राष्ट्र में अभियान के अग्रणी श्रेणी लेकर जाएंगे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, गोविंद चौरसिया, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, सुधीर मद्धेशिया, मनीष मल्ल, मारकंडे गिरी, अक्षय राजपूत, आशु सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

फास्ट फॉरवर्ड

कार्य में लापरवाही बरतने पर अवर अभियंता को किया गया निलंबित

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर। अधीक्षण अभियंता, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विद्युत वितरण मंडल-अंबेडकर नगर ने राम अवध गुप्ता, अवर अभियंता, 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेंद्र, जाफरगंज, को महत्वपूर्ण विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में पिछड़ने, अपने विद्युत उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति को निर्धारित विभागीय शेड्यूल के अनुसार सुचारू रूप से नहीं कराए जाने, विद्युत चोरी को रोकने व विद्युत चोरी करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही न किए जाने आदि के कारण सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत तत्काल प्रभाव से किया निलंबित।

सर्पदंश से किसान की मौत

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर। धान के खेत में निराई करते समय सर्प दंश से किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद स्वजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के कांदीपुर गांव निवासी किसान नन्हेंलाल (70) शनिवार सुबह धान की फसल में घास निकालने के लिए गए थे। खेत में निराई के दौरान वहां सर्प ने डस लिया। स्वजन आनद फानन में किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने किसान की स्थिति गंभीर देखते हुए सद्दर पुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। किसान की मौत से स्वजन सदमे में है। उनका रो-रो कर हाल बेहाल है। वहीं मृतक के घर पर सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा है स्वजनों की शिकायत पर मालीपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल मोहसिन रजा ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। बताया कि मृतक किसान के स्वजन को सरकार से अनुमन्य सहायता दिलाई जाएगी।

लक्ष्मीनारायण मन्दिर में हुआ छठी पूजन

जन एक्सप्रेस/आगरा। कस्बा के अभुआपुरा में स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर (बड़े मंदिर) में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के छठवें दिन छठी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला मंडल की सदस्यों ने गौमाता से बनी छठ मैया की पूजन कीया। तथा श्रद्धालु महिलाओं ने बधाई गीतों पर नृत्य किया। इसके बाद पालने में श्रीकृष्ण की आरती की गई। व सभी बच्चों को खिलौने बांटे गए। छठी पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद में हलुआ वितरण किया गया। महिला मंडल में शीला शर्मा, कान्ता खंडेलवाल, माया शर्मा, उमा शर्मा, निहाल देवी, नीतू शर्मा, वीरो देवी, कुँवरदेवी, पुष्पा इन्दौलिया, शकुंतला देवी, सुशीला बघेल, राजवती देवी, सरोज देवी, भगवान देवी आदि शामिल रहीं।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने 72 घंटे में भेजा जेल

जन एक्सप्रेस/आगरा। दो दिन पूर्व थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत गांव गुर्जा रामजस में एक युवक ने महिला के साथ खेत में ले जाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत गांव गुर्जा रामजस निवासी महिला का पति बिहार में नौकरी करता है। 28 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे महिला अपने घर से अपने खेत की तरफ जा रही थी।

लखनऊ में होगा शिक्षामित्रों का आर पार का आंदोलन

जन एक्सप्रेस। आगरा

खेरागढ़ प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर पाँच सितंबर को राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ विकासखंड खेरागढ़ की बैठक बीआरसी केंद्र पर आहूत की गयी । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह छौंकर ने कहा हताशा,निराशा किसी समस्या का समाधान नहीं है । हताशा को छोड़कर सभी शिक्षामित्र साथी पुनः संगठित होकर संघर्ष को तैयार रहें । इतिहास गवा है शिक्षामित्रों को आज तक जो कुछ भी प्राप्त हुआ संघर्ष के बल पर ही हुआ है। आगे भी जो प्राप्त होगा संघर्ष के दम पर ही होगा । सरकार शिक्षामित्रों के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर रही है । दो बार कमेटी का गठन कर अपनी बात से मुकर चुकी है । प्रदेश संगठन ने लगातार सरकार के साथ सामंजस्य बनाने का प्रयास किया । सरकार के विधायक,सांसद, मंत्रियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराने का काम किया लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है संगठन मजबूर होकर आंदोलन को विवश हैं सभी शिक्षामित्र पूरी तैयारी के साथ घर से निकले अबकी बार आंदोलन अनिश्चितकालीन होगा। जब तक सरकार हमारी समस्याओं का समाधान नहीं कर देती है आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। जिला महामंत्री अरविंद सिंह तोमर ने कहा सरकार की वादा खिलाफी से त्रस्त होकर हमारे हजारों शिक्षामित्र साथी आर्थिक तंगी,मानसिक अवसाद,के कारण आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं । ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह सिकरवार ने कहा विकासखंड खेरागढ़ से सभी शिक्षामित्र बस द्वारा 4 सितंबर की शाम को लखनऊ के लिए रवाना होंगे और संगठन के साथ अंत तक लखनऊ में रहेंगे । बैठक को मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष रामनिवास चाहर, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह भगौर,जिला संगठनमंत्री रामपाल सिंह दिठौनियाँ, भूरी सिंह सोलंकी ने किया तथा बैठक में प्रमुखरूप से उदयवीर सिंह, रामकुमार बघेल, विजय सिंह सिकरवार,बंगाली राम, भुवनेंद्र शर्मा, हरिकृष्ण, दिवान सिंह राजपूत, सत्यवीर, विश्वेन्द्र, श्याम सुंदर, खेम सिंह, जलसिंह, सर्वेश, चंद्रकांत, पुष्पा, यशोदा त्यागी, सीमा, मधु,मालती, भगवती देवी, अनीता, रंजना, भाग्यश्री, हेमलता, निर्मला, ऊषा चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जयसिंह धाकरे ने की तथा संचालन बादशाह खान के द्वारा किया गया।

जमीन पर टूटकर गिरा जर्जर विद्युत तार

जन एक्सप्रेस। आगरा

शनिवार थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव रीठई में ग्यारह हजार की विद्युत लाइन का जर्जर विद्युत तार टूटकर गिरने से करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई।ग्रामीणों ने शिकायत के बावजूद भी झूल रहे जर्जर विद्युत तारों को ठीक न करने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव रीठई निवासी ग्रामीण छक्की लाल पुत्र सूबेदार की पालतू दुधारू भैंस रोजाना की भांति घर के सामने बंधी हुई थी। शनिवार दोपहर कोअचानक घर के सामने लगे लोहे के विद्युत पोल से 11 हजार की विद्युत लाइन का जर्जर विद्युत तार टूटकर जमीन पर गिर गया ।विद्युत करंट की चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तत्काल विद्युत विभाग को दी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल विद्युत सप्लाई को बंद किया। वहीं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पंजाब के स्कूली बच्चों को ताजमहल भ्रमण कराया

जन एक्सप्रेस। आगरा

अतिथि देवो भवः की भावना के साथ ÷सेवा सुरक्षा एवं संवेदना÷ की प्राथमिकता के आधार पर ताजमहल के पश्चिमी गेट पर थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के द्वारा ताजमहल देखने आने वाले पर्यटकों का स्वागत करते हुए उन्हें सुखद एवं सुरक्षित माहौल में ताजमहल का भ्रमण कराया जा रहा है। पंजाब के अमृतसर से स्कूली बच्चों का ग्रुप ताजमहल देखने हेतु आगमन किया। प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलक राम भाटी के निर्देशन में थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी शिवराज सिंह द्वारा उनका स्वागत करते हुए उन्हें ताजमहल से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां देकर ताजमहल में भ्रमण कराया सभी पर्यटकों एवं बच्चों ने आगरा पुलिस के सहयोग के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका आभार प्रकट किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, मुख्य आरक्षी संजय कुमार, आरक्षी बृजेश कुमार, महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी सम्मिलित हैं।

बाबू ने घूस में लिया रुपया किया वापस, वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

सरकार के सख्त रुख के बाद भी सरकारी विभागों में घूसखोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बिजली विभाग जलालपुर से जुड़ा है। जिसमे बिजली विभाग में नियुक्त एक बाबू द्वारा उपभोक्ता का बिजली बिल ठीक करने के नाम पर घूस में लिया गया रुपया वापस करने का वीडियो वायरल हो रहा है।

कर्बला कासिमपुर उप केंद्र से सकरा यूसुफपुर गांव को बिजली आपूर्ति होती है। सकरा यूसुफपुर गांव के उपभोक्ता राम आसरे का इसी बिजली घर से पहले से ही कनेक्शन है। वह समय-समय पर बिजली का बिल जमा करते हैं। लेकिन हाल ही में बिजली विभाग ने उपभोक्ता के घर एक अन्य बिल नंबर से 129317 रुपए का बिजली बकाया भेज दिया। भारी भरकम बिजली बिल पाकर उपभोक्ता के पुत्रों के होश उड़ गए। उपभोक्ता के पुत्र राधेश्याम, केशव राम, व राम सिंह ने इसकी शिकायत जलालपुर बिजली विभाग के एसडीओ मुकेश मौर्य से की। उन्होंने बिजली बिल ठीक कराने का आश्वासन दिया। लेकिन हाल ही में बिजली विभाग ने उपभोक्ता के घर एक अन्य बिल नंबर से 129317 रुपए का बिजली बकाया भेज दिया। भारी भरकम बिजली बिल पाकर उपभोक्ता के पुत्रों के होश उड़ गए। उपभोक्ता के पुत्र राधेश्याम, केशव राम, व राम सिंह ने इसकी शिकायत जलालपुर बिजली विभाग के एसडीओ मुकेश मौर्य से की। उन्होंने बिजली बिल ठीक कराने का आश्वासन दिया। लेकिन बिजली बिल ठीक करने के नाम पर विभाग में नियुक्त बाबू इंद्राज यादव ने उपभोक्ता के पुत्र राम सिंह से सुविधा शुल्क के नाम पर ?1000 मांगे। जिस पर उन्होंने ?500 तत्काल दे दिया। लेकिन फिर भी बिजली बिल ठीक नहीं किया गया। भाजपा नेता के दबाव में बिजली विभाग के बाबू ने घूस में लिया गया रुपया उपभोक्ता को वापस कर दिया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। उपभोक्ता का आरोप है कि पहले विभाग की ओर से भारी भरकम बिजली बिल भेज दिया जाता है। फिर ठीक करने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। उपभोक्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कर बाबू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसडीओ मुकेश मौर्य ने कहा कि बाबू ने पैसे किस बात के लिए फिर वापस क्यों किया पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

खेत पर गए किसान की हालत बिगड़ने के बाद मृत्यु

जन एक्सप्रेस/आगरा। किरावली के गांव सलेमाबाद में शनिवार को खेत पर गए किसान की अचानक हालत बिगड़ने के बाद मृत्यु हो गई। सलेमाबाद निवासी 48वल वर्षीय किसान सुरेन्द्र चाहर पुत्र उदयराम सुबह दस बजे करीब अपने खेत पर धान की फसल को देखने गये थे। खेत पर अचानक किसान को घबराहट होने लगी। तथा कुछ ही देर में मृत्यु हो गई। परिजनों को सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। भतीजे विजेन्द्र सिंह ने बताया की मृतक पर अविवाहित दो बेटे एक बेटी है। 21वर्षीय बेटा नरेन्द्र, 19वर्षीय बेटी प्रिया तथा 17वर्षीय छोटा गजेन्द्र है। मृतक की पत्नी सुनीता देवी तथा मां अंगूरी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने बताया कि सूचना पर मृतक सुरेन्द्र चाहर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

सही पोषण ही बेहतर स्वास्थ्य का सूत्र: बेबीरानी मौर्य

जन एक्सप्रेस। आगरा

जनपद में सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को माननीय कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ब्लॉक बरौली अहीर के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्र लोधई में बच्चों को पौष्टिक आहार का सेवन कराकर राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने गर्भवती और धात्री माताओं को संबोधित करके उन्हें पोषण आहार लेने के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि सही पोषण ही बेहतर स्वास्थ्य का सूत्र है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही पोषण मिले इसके लिए धात्री माताओं और गर्भवती को सबसे अधिक ध्यान रखना होगा। कुपोषण से मुक्त होने के लिए सही पौष्टिक आहार लेना जरूरी है। संबोधन के दौरान कैबिनेट मंत्री ने धात्री माता संगीता से बातचीत करते हुए पूछा कि आप अपने बच्चे को मां के दूध के अतिरिक्त क्या-क्या खिलाती हैं, इसके जवाब में संगीता ने बताया कि वह क्षेत्रीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंशो के द्वारा हमें बताया गया था कि छह माह तक सिर्फ स्तनपान कराना है, छह माह के बाद में ऊपरी आहार का सेवन कराने की सलाह दी है, उनका बच्चा अब आठ माह का हो गया है, इसलिए वह मां के दूध के अतिरिक्त ऊपरी आहार के तौर पर मसला हुआ केला, आलू, दाल का पानी, मसाला हुआ चावल इत्यादि चीजें भी खिला रही हैं। कैबिनेट मंत्री ने संगीता की तारीफ करते हुए अन्य महिलाओं से भी बच्चों को सही आहार देने के लिए संवाद किया गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सही पोषण के साथ-साथ बच्चों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए साफ-सफाई रखना भी अति आवश्यक है, इसलिए अपने घर पर और बच्चों की देखभाल के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान बताया कि अपने घर में सहजन का पौधा लगाए, और अपने आस-पास भी पेड़-पौधों की सुरक्षा करें, जिससे कि आस-पास स्वच्छ वातावरण रहे। उन्होंने बताया कि जिनके घरों में जगह है वह अपने घरों में क्षेत्रीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मदद से किचन गार्डन भी बनाएं, इससे बच्चों का पोषण युक्त आहार तैयार करें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्वस्थ बच्चे के लिए स्वस्थ मां का होना अति आवश्यक है, इसलिए सभी गर्भवती अपनी सेहत का ध्यान रखें और गर्भावस्था की पहली तिमाही से ही डॉक्टर से अपनी प्रसव पूर्व जांच कराएं। इसके साथ ही अपने खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें। अपने खाने में हरी साग-सब्जी और आयरन स्रोत वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करें।

लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। आगरा

गुरुवार को वकील के परिवार को बंधक बनाकर लूट की घटना का शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दो अभियुक्तों को एसएन मेडिकल कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। दोनों के पास से चोरी का सामान बरामद हुआ है। दो अभियुक्त अर्जुन और कन्हैया की तलाश की जा रही है। गुड़ की मंडी में वकील पीयूष पाठक परिवार के साथ रहते हैं। गुरुवार सुबह 11 बजे घर में उनकी पत्नी जयंती पाठक और बड़े भाई नितिन पाठक थे। तभी बदमाश घर में घुस आए। बड़े भाई नितिन पाठक को बेल्ट से बांध दिया। मुंह में कपड़ा डाला। पत्नी के साथ मारपीट की। फिर सारा माल लूट ले गए। उनके दो साथी घर के बाहर खड़े हुए थे। कुल 4 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। इसमें से एक अभियुक्त की पहचान कर ली गई थी। अर्जुन चाहर नाम के अभियुक्त ने वकील के घर पुताई का काम किया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए, थाना एमएम गेट पर पुलिस टीम का गठन किया गया था। शनिवार को चैकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लूट करने वाले दो अभियुक्त मेडिकल कॉलेज के पास खड़े हैं। पुलिस ने दोनों की घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने अर्जुन और कन्हैया के साथ लूट की घटना की थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम आशीष कुमार निवासी नगला बूढ़ी और जतिन यादव निवासी बूढ़ी नगला है। अर्जुन चाहर कागारौल का रहने वाला है। कन्हैया भी नगला बूढ़ी का रहने वाला है। इन दोनों की पुलिस को तलाश है।

* वकील के घर हुई थी लूट, अन्य दो लोगों की तलाश जारी

जीएसटी कम नहीं हुई तो सड़क से संसद तक होगा जूता व्यापारियों का आंदोलन

जन एक्सप्रेस। आगरा

दो वर्ष पूर्व जूते पर 5 से 12 प्रतिशत की गई जीएसटी को लेकर जूता व्यापारियों व दस्तकारों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दो सितम्बर को द आगरा शू फैक्टर्स फैडरेशन के तत्वावधान में जयपुर हाउस स्थित श्रीराम पार्क में सुबह 11 बजे से विशाल अखिल भारतीय जूता संघ की महासभा आयोजित की जा रही है। जिसमें आगरा सहित देश के लगभग 12 प्रांतों के जूता संघ के पदाधिकारी व दस्तकारों, विभिन्न पंचायतों के कारीगर सहित लगभग 5 हजार से अधिक लोग अपनी मांग को लेकर एक मंच पर जुटेंगे। आज द आगरा फैक्टर्स शू फैडरेशन के हींग की मंडी स्थित कार्यालय पर आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम व आम सभा में फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने महासभा की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने जूते पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत नहीं की तो सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन होगा। जूता उद्योग से जुड़े विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मलित रूप से अखिल भारतीय जूता व्यापारी संगठन बनाया गया है, जिसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी, असम से लेकर महाराष्ट्र तक विभिन्न प्रांतों के पदाधिकारी 2 सितम्बर को श्रीराम पार्क जयपुर हाउस में एकत्रित होंगे। महासभा के माध्यम से अपनी मांग को हम सरकार तक पहुंचाएंगे। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से 12 प्रतिशत जीएसटी होने पर कारीगरों की दयनीय स्थिति को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। कई कारीगरों द्वारा आत्महत्या कर ली गई। शहर के लगभग तीन लाख परिवार जूता व्यापार से जुड़े हैं। हमें जूता उद्योग के पुराने दौर का लौटा कर लाना है। महासभा में द आगरा शू फैक्टर्स फैडरेशन, सोल एसोसिएशन, कुटिर उद्योग, ट्रेडर्स, नेशनल चैम्बर, सभी दस्तकार, जाटव महापंचायतों से सभी पदाधिकारी सभी वह लोग जो जूता व्यवसाय से जुड़े हैं, महासभा में भाग लेंगे। मुस्लिम समाज से ताहिर कुरैशी, उस्मान कुरैशी ने मंडेला व ढोलीखार बाजार से सम्मलित होने का वादा किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिव नरेन्द्र पुरसनानी, कोषाध्यक्ष दिलप्रीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वासु मूलचंदानी, विशेष सलाहकार अजय महाजन, धनश्याम दास रोरा, प्रमोद महाजन, संजय अरोड़ा, अनिल लाल, विजय जटाना, चांद दीवान, श्याम भोजवानी, प्रमोद जैन, सुधीर महाजन, विपिन एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद शीतलानी, नेशनल चैम्बर के उपाध्यक्ष अम्बा प्रसाद गर्ग, सोमदत्त, प्रदीप कुमार पिप्पल, चंद्रवीर सिंह फौजदार आदि उपस्थित थे।

7 और 16 को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

जन एक्सप्रेस। आगरा

सितंबर में 2 सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। अगर आप घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो ये आपके लिए सही मौका हो सकता है। सितंबर महीने में 7 सितंबर और 16 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस दिन सरकारी और प्राइवेट ऑफिस, स्कूल, कॉलेज और बैंक बंद रहेंगे। 7 सितंबर यानी शनिवार को गणेश चतुर्थी है। इसकी वजह से इस दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। गणेश चतुर्थी के त्योहार को सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, एमपी और तमिलनाडु में मनाया जाता है। इस त्योहार को मनाने के लिए एक दिन छुट्टी रहता है। ईद-ए-मिलाद 16 सितंबर को मनाया जाएगा। यह त्योहार मुहम्मद के जन्मदिन, नबी दिवस या मावलिद के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन सभी प्राइवेट और सरकारी दफ्तर, बैंक, स्कूल, कॉलेज बंद रहेंगे।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के जेडी की गिरफ्तारी के मामले ने शासन ने दिया आदेश

विजिलेंस टीम की होगी जांच, बनाई जांच समिति

जन एक्सप्रेस। आगरा

शासन ने आगरा के माध्यमिक शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आरपी शर्मा के रिश्वत और गिरफ्तारी के मामले में जांच समिति गठित कर दी है। विजिलेंस टीम की जांच के लिए जांच समिति का गठन किया गया है। शासन ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। आरपी शर्मा फिलहाल जेल में हैं। उनकी गिरफ्तारी पर प्रदेश भर में आंदोलन हो रहे थे। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सतर्कता अनुभाग ने यूपी एजुकेशनल आफिसर्स एसोसिएशन की मांग पर 30 अगस्त 2024 को जारी शासनादेश द्वारा जांच समिति गठित की है। समिति में सचिव, सतर्कता विभाग राजेश कुमार और विशेष सचिव, गृह विभाग बीके सिंह को रखा गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश से संबद्ध उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद (सेवारत) के अध्यक्ष डॉ. देव प्रकाश के अनुसार, यूपी एजुकेशनल आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कौस्तुभ कुमार सिंह ने 18 अगस्त को पत्र लिखकर शासन से विजिलेंस कार्रवाई की जांच की मांग की थी। 18 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आरपी शर्मा को विजिलेंस ने रिश्वत लेते पकड़ा था। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश से संबद्ध उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद (सेवारत) के अध्यक्ष डॉ. देव प्रकाश के अनुसार, यूपी एजुकेशनल आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कौस्तुभ कुमार सिंह ने 18 अगस्त को पत्र लिखकर शासन से विजिलेंस कार्रवाई की जांच की मांग की थी। 18 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आरपी शर्मा को विजिलेंस ने रिश्वत लेते पकड़ा था। विजिलेंस प्रभारी ने बताया था कि सिकंदरा आवास विकास कॉलोनी निवासी अजय चौधरी डीसी वैदिक इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक हैं। उनके खिलाफ फर्जी नियुक्ति की शिकायत हुई है। इसकी जांच मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आरपी शर्मा के पास है। अजय चौधरी ने विजिलेंस को बताया कि जेडी ने उनके पक्ष में जांच रिपोर्ट देने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस में रिश्वत मांगने की शिकायत की। जेडी कार्यालय के बाहर शिकायतकर्ता जेडी की गाड़ी में रुपए का बैग देते हुए पकड़ा गया है।

उप मुख्यमंत्री से मिला प्रजापति समाज का प्रतिनिधि मंडल, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। आगरा

युवा प्रजापति समाज का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल युवा समाजसेवी सुमित प्रजापति के नेतृत्व में लखनऊ कार्यालय पर भाजपा के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिला। सुमित प्रजापति ने ज्ञापन के माध्यम से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को अवगत कराया कि कुम्हार अनुसूचित जाति की जाति है, उसको पिछड़ा वर्ग की सूची में सूचि बध कर दिया है, इसीलिए कुम्हार जाति को पिछड़ा वर्ग की सूची से हटवाकर अनुसूचित जाति की सूची में सूचि बध कराया जाए। युवा समाजसेवी सुमित प्रजापति ने बताया कि कुम्हार जाति वर्ष 1931 से आज तक अनुसूचित जाति की सूची में शामिल होने और सुविधाएं पाने के सभी मानक पूरा करती है। वर्ष 1931 में जे.एच. हयूटन द्वारा जन गणना कराई गई थी, उस समय कुम्हार जाति की संख्या 7 लाख 72 हजार नौ सौ चौरासी थी। कुम्हार जाति जो वर्ष 1931 की जाति गणना में जेएच हयूटन द्वारा कराई गई, जनगणना में ऐसी जातियों का चयन किया गया। जिन जातियों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक दयनीय स्थिति के आधार पर जो जातियां आज अनुसूचित जाति की सुविधाएं पा रही है, उसी गणना में कुम्हार जाति, बेलदार, खरोट एवं लुनिया जाति है। बेलदार और खरोट को अनुसूचित जाति में शामिल कर लिया। लेकिन लिपिकिय त्रुटि के कारण कुम्हार और लुनिया अनुसूचित जाति की सूची में सूची बध होने से रह गयी है। बता दें कि कुम्हार अनुसूचित (एससी) जाति की जाति है, उसको पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कर सूचि में सूचि बध कर दिया है, इसलिए, कुम्हार जाति को पिछड़ा वर्ग की सूची से हटवाकर अनुसूचित जाति की सूची में सूचि बध कराने के लिए भाजपा के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा दिया है। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से यह भी अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति की जाति को सुविधाएं दी जा रही है और पिछड़े वर्ग की जाति (मौचो) को अनुसूचित जाति की सुविधाएं दी जा रही है। कुम्हार जाति जो किसी लिपिकिय त्रुटि के चलते अनुसूचित जाति में होने से रह गई है, उसे जल्द ही किया जाए। वहीं सुमित प्रजापति ने बताया कि जेएच ह्यूटन द्वारा लिखित सेंसस ऑफ इण्डिया 1931 के वाल्यूमन-1 प्रति संलग्न है, जिसमें यूनाईटेड प्रोविंसिस की जनसंख्या का उल्लेख करते हुए चार जातियों को क्रमशः- बेलदार, खरोट, कुम्हार एवं लूनिया जाति को वाह्य जातियों के रूप में इंगित किया गया है। इन जातियों में से बेलदार व खरोट को अनुसूचित जाति की सूची में सम्मिलित कर लिया गया है। लेकिन कुम्हार और लूनिया जाति को लिपिकीय त्रुटि के कारण अनुसूचित जाति की सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गई है। ज्ञापन देने वालों में वीरपाल प्रजापति, विपिन प्रजापति, रमाकांत प्रजापति, बंटी प्रजापति, मनीष प्रजापति आदि ने दिया।

बीएसए ने ब्लाक संसाधन केन्द्र सहित स्कूलों का किया निरीक्षण

2 को निलम्बित कईयों का रोका वेतन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने शनिवार को विकास खण्ड रामनगर द्वारा 02 विद्यालयों एवं विकास खण्ड रामपुर के ब्लाक संसाधन केन्द्र सहित कुल 06 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक कर्मचारियों के अनुपस्थित पाये जाने के परिणामस्वरूप निलम्बन एवं वेतन अदेय करते हुये स्पष्टीकरण निर्गत कर कार्यवाही की गयी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम रामनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकडोमनपुर का निरीक्षण कर विद्यालय में प्रार्थना सभा आयोजित करायी। निरीक्षण के दौरान किसी भी कर्मचारी के विद्यालय में उपस्थित न होने पर बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक रामकमलेश दूधनाथ को निलम्बित करते हुये शेष अन्य कार्मिकों को स्पष्टीकरण निर्गत कर कार्यवाही की गयी।

बीएसए द्वारा कम्पोजिट विद्यालय गोता का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में गम्भीर अनियमितता के दृष्टिगत प्रधानाध्यापक राजेश्वर मिश्र को निलम्बित करते हुये सहायक अध्यापक अरविन्द कुमार मौर्य एवं सुरेन्द्र प्रताप यादव को शो-काज नोटिस निर्गत किया।

विकास खण्ड रामपुर के प्राथमिक विद्यालय नयेपुर का निरीक्षण कर उपस्थित समस्त कार्मिकों को विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के अधिगम स्तर में वृद्धि एवं विद्यालय को निपुण बनाये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये।

तत्पश्चात बीएसए द्वारा ब्लाक संसाधन केन्द्र रामपुर पर पहुँचकर केंद्र पर गतिमान एफ0एल0एन0 प्रशिक्षण का गहनता से निरीक्षण किया। ब्लाक संसाधन केन्द्र रामपुर पर कार्यरत कार्मिकों के अनुपस्थित पाये जाने पर बीएसए द्वारा कार्मिकों का निरीक्षण तिथि का वेतन अथवा मानदेय अदेय कर दिया गया। एफ0एल0एन0 प्रशिक्षण में कुल 14 कार्मिकों के अनुपस्थित पाये जाने पर बीएसए द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त कार्मिकों का वेतन अथवा मानदेय अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध कर दिया गया। ब्लाक संसाधन केन्द्र परिसर में संचालित कम्पोजिट विद्यालय रामपुर में प्रधानमंत्री पोषण अभियान के अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों को दिये जा रहे मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक को प्रबंध समिति अध्यक्ष के साथ मध्यान्ह निधि संचालित किये जाने हेतु मौके पर ही दिशा-निर्देश देते हुये विद्यालय मे प्राप्त समस्त कमियों में सुधार एक सप्ताह मे किये जाने हेतु निर्देशित किया गया और साफ सफाई की फोटो एक सप्ताह मे उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

प्राथमिक विद्यालय बासूपुर में विद्यालय में व्याप्त अनियमितता के कारण प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरूद्ध वेतन बाधित की कार्यवाही की गयी। प्राथमिक विद्यालय बासूपुर के निरीक्षण के दौरान सन्तोष सिंह, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय पटैला एवं सुरेश मौर्य, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कबीरूद्दीनपुर द्वारा सम्बंधित प्रधानाध्यापक से बीएसए का लोकेशन पूछे जाने पर बीएसए डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा सम्बंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी।

बीएसए द्वारा प्राथमिक विद्यालय कोचारी के प्रधानाध्यापक की लगातार प्राप्त हो रही शिकायत के क्रम में निरीक्षण में विद्यालय में अनियमितता माये जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रामनारायण सिंह के विरूद्ध वेतन बाधित करने की कार्यवाही की गयी।

जूनियर हाईस्कूल सुरेरी के निरीक्षण में बीएसए द्वारा समय से पूर्व विद्यालय बंद किये जाने की तैयारी एवं विद्यालय में व्याप्त कमियों के कारण अखिलेश कुमार उपाध्याय का अग्रिम आदेश तक वेतन अवरूद्ध कर दिया गया।

निरीक्षण की अंतिम कड़ी में बीएसए द्वारा कम्पोजिट विद्यालय कमरूद्दीनपुर का निरीक्षण किया गया। विद्यालय के किचन एवं भूकम्परोधी कक्ष से पानी टपकनें एवं बाउंड्रीवाल के अभाव पाये जाने के क्रम में सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये प्राप्त कमियों को दूर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज का पांचवां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- संस्थापक सदस्यों का अंगवस्त्रम, माल्यार्पण व गिफ्ट देकर किया गया सम्मान
- विभिन्न प्रकार के गेम्स व क्विज प्रोग्राम कर विजेताओं को किया गया पुरस्कृत
- सभी सदस्यों को गुड पे अवार्ड द्वारा किया गया सम्मानित
- राजमहल में आयोजित होने वाला बिजनेस एक्सपो जौनपुर का सबसे बड़ा पब्लिक प्रोग्राम
- लायन सुनील कनौजिया को प्राउड मेंबर पिन से किया गया सम्मानित

लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज का पांचवां स्थापना दिवस समारोह संस्थाध्यक्ष लायन प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में शहर के होटल में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत रिंकी श्रीवास्तव द्वारा ध्वज वंदना से की गई संस्था के संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू, पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह, जय कृष्ण साहू, विष्णु सहाय व निवर्तमान अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ, सचिव अजीत सोनकर, कोषाध्यक्ष दीपक साहू व अन्य चार्टर सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई।

इस कार्यक्रम मे कई प्रकार के मनोरंजक गेम पूर्व चेयरपर्सन अर्चना सिंह के द्वारा कराकर सभी विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया। संस्था द्वारा सभी चार्टर सदस्यों का अंगवस्त्रम व माला पहनाकर तथा गिफ्ट देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने संस्था की स्थापना कैसे हुई इस सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष लायन दिलीप सिंह ने अपने कार्यकाल में किए गए मेगा मेडिकल कैंप की चर्चा करते हुए संस्था से सम्बंधित अपने सुखद अनुभवों को साझा किया तथा सभी लायन व लॉयनेस सदस्यों से नए अध्यक्ष को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिलाया, जिससे संस्था अपने सेवा कार्यों से मण्डल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सके।

पूर्व अध्यक्ष लायन जय कृष्ण साहू ने अपने कार्यकाल में किए गए हिंदू नव वर्ष में डांडिया महोत्सव की शुरुआत कैसे हुई इस पर प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष विष्णु सहाय ने अपने कार्यकाल में किए गए बृहद बिजनेस एक्सपो के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह जौनपुर में सबसे बड़ा पब्लिक प्रोग्राम था और यह प्रतिवर्ष होता चला आ रहा है। निवर्तमान अध्यक्ष लायन धर्मेंद्र सेठ ने अपने कार्यकाल में किए गए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन नवदुर्गा शिव मंदिर, सद्भावना पुल पर किए गए बृहद प्रसाद वितरण का जिक्र किया।

उसके पश्चात कार्यक्रम में सभी लोगों ने उत्साह के साथ संस्था की पांचवी वर्षगांठ सेलिब्रेट किया। अन्त में कार्यक्रम संयोजक लायन संजय बैंकर और लायन अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने आये हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे कोषाध्यक्ष लायन दीपक साहू व सहकोषाध्यक्ष संजय जयसवाल द्वारा सदस्यों को गुड पे अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था में विशेष सहयोग के लिए लायन सुनील कनौजिया जी को संस्थापक अध्यक्ष द्वारा प्राउड मेंबर पिन से सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में उपाध्यक्ष अतुल सिंह, सर्वेश जायसवाल, देवआनंद, सुनील जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, नीरज कुमार सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव और अंजनी प्रजापति, विशाल बरनवाल, अनिल गुप्ता, वैभव श्रीवास्तव, डॉ.सतीश चंद्र मौर्य, देवेंद्र सिंह पिंकू, संजय गुप्ता, डॉ.प्रशांत द्विवेदी, डॉ चंदन नाथ गुप्ता, हाफिज शाह, जगदीश चंद्र मौर्य गप्पू, राजीव गुप्ता, जगन्नाथ मोदनवाल, दिलीप जायसवाल, रत्नेश जी, रामकृपाल जायसवाल, डॉ.दिनेश कनौजिया, सौरभ चौधरी, यवनिका सिंह, चेतना साहू, सीमा सहाय, किरण सेठ, नीतू सिंह, ज्योति जायसवाल, सुषमा सोनकर, चांदनी साहू, मृदुला सिंह, रेखा सिंह, आराधना सिंह, सीमा चक्रवाल, एकता बरनवाल, शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ.आकांक्षा द्विवेदी, गायत्री जायसवाल, सुधा बैंकर, ऊषा मोदनवाल, रिंकी श्रीवास्तव, निशा कनौजिया, नीलम जायसवाल, मीना गुप्ता, मालती मौर्य, उमा गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन अजीत सोनकर, संजय गुप्ता व अर्चना सिंह द्वारा किया गया।

इंद्रा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

- ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को मिलेगी तकनीकी शिक्षा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के इंदिरा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोमिनपुर चकिया में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। जिससे ग्रामीण बच्चों को कंप्यूटर सीखने में सहूलियत मिलेगी।उन्हें दूरदराज कंप्यूटर सीखने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा नेता सुनील यादव मम्मन ने कहा की ग्रामिणाचंल में यह विद्यालय कंप्यूटर लैब खोलकर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए काफी सहूलिया दिया है। यह शहरो जैसा वातावरण प्रस्तुत करके क्षेत्र के लिए एक मिशाल प्रस्तुत किया। मंडल अध्यक्ष राजकेशर पाल ने बताया कि विद्यालय कम समय मे ही ग्रामीण बच्चो को अच्छी तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराना बेहतर कार्य है। पूर्व प्रधानाचार्य रामआसरे यादव ने बच्चों को तकनीकी शिक्षा दिलाने का जोर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.राम आसरे भारद्वाज ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया। प्रबंधक डॉ.ज्ञानेंद्र पाल ने कहा की विद्यालय में कंप्यूटर लैब, वाईफाई, प्रोजेक्टर व आने वाली नई तकनीकों की व्यवस्थाएं जरूरी है। विद्यालय संरक्षक शैलेन्द्र कुमार पाल ने कहा की शिक्षा ही एक ऐसा अस्त्र है जिससे समाज में फैली सभी कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। इसके बाद अतिथिगण ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर डॉ.अतुल प्रकाश यादव, रविंद्र नाथ पाल, सर्वेश यादव प्रधान, बलिराम यादव, पंकज यादव, रामेश्वर सिंह, इंद्राज पाल, राजेश पाल, प्रेमधारी पाल, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, मनोज तिवारी, शिव प्रकाश मिश्र, संजीव, अमित, मो.इकलाक, संयोगिता, वंदना, रिंकी, प्रिया, श्रुति, सुजाता, सरिता उपस्थित रहे।

बाड़ के करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरपतहां थाना क्षेत्र के गैरवांह गांव में शुक्रवार देर रात मक्के के खेत में लगी बाड़ के करंट के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही किया। मृतक के स्वजन ने खेत के स्वामियों के विरुद्ध थाने में नामजद प्रार्थना पत्र दिया है।

गांव निवासी विश्वनाथ राजभर व उनके पड़ोसियों ने कथित तौर पर अपने मक्के के खेत के चारों तरफ लोहे के तार से बाड़ घेर रखी थी। जिमसें करंट भी जोड़ रखा था। गांव के डड़वा मजरा निवासी राजेश यादव (32) अपने मक्के के खेत की सिंचाई करने गए थे। इस बीच अनजाने में वे बाड़ के पास चले गए और उसके करंट की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी व बच्चों सहित अन्य स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

- देर रात मेला देख कर घर वापस लौटा था युवक

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

देर रात जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित मेला देखकर घर वापस लौटे युवक का शव पड़ोस के ही एक घर के अंदर फंदे से लटका मिला।मृतक के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आत्महत्या की बात कही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मेले का आयोजन चल रहा है। शुक्रवार रात्रि गांव का ही सौरभ पुत्र रामलखन मेला देखने के लिए गया हुआ था।चर्चा है कि मेले में जमकर विवाद हुआ।युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। शनिवार सुबह राम लखन ने देखा पुत्र घर में नहीं था। खोजबीन के दौरान घर के पड़ोस में ही बंद पड़े एक घर के अंदर युवक का शव फंदे पर लटका मिला। पैर में चोट के निशान थे। जिससे खून बह रहा था। युवक का शव फंदे पर लटका होने की जानकारी से स्वजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वजनों से जानकारी जुटाई जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक युवक के पिता ने पुलिस को आत्महत्या करने की तहरीर दी है।

> "मृतक युवक के पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है। पुलिस को मौके पर भेजा गया था।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **राजीव शर्मा, इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर।**

बारबालाओं के अश्लील डांस को लेकर विवाद की चर्चा

जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में गांव के बाजार प्रांगण में पांच दिवसीय मेले का आयोजन चल रहा है। मेले का आयोजन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में चल रहा है। चर्चा है कि गुरुवार और शुक्रवार रात्रि आयोजन की आड़ में बार बालाओं को बुलाया गया। धार्मिक आयोजन की आड़ में बार बालाओं का अश्लील नृत्य कराया गया। सूत्रों के अनुसार गुरुवार रात्रि बार बालाओं के डांस का वीडियो बनाने को लेकर विवाद हुआ।जिसके बाद मेले में मारपीट हुई।सीसीटीवी फुटेज से पूरे मामले का पर्दाफाश हो सकता है।

अराजक तत्वों द्वारा दबंगई से मिट्टी गिराकर बनवाया जा रहा है मार्ग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन जौनपुर क्षेत्र के इमामपुर गांव में शनिवार को कुछ अराजकतत्वों द्वारा पुलिस को मिला कर टैक्टर ट्राली से मिट्टी गिरवाया जा रहा है। गांव के शिव मूरत विश्वकर्मा द्वारा उप जिलाधिकारी को अवैध निर्माण रोकने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर उपजिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष खुटहन को टीम के साथ मौके पर जांच कर आख्या देने को कहा था। पुलिस उपजिलाधिकारी के आदेश को ढेंगा दिखाते हुए पुलिस खड़ा होकर टैक्टर से मिट्टी गिरवा रही है। जिसका वीडीओ वायरल हो रहा है। जहां पर मिट्टी गिरवाया जा रहा है। वह सरकारी अभिलेख में गडहा, देव स्थान व नवीन परती के नाम दर्ज है। वगैर किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के अवैध निर्माण कराया जा रहा है। शिव मूरत विश्वकर्मा का कहना है कि गडहा, देवस्थान, व नवीन परती की जमीन की पैमाइश कराकर अवैध निर्माण को हटाया जाय।

फास्ट फॉरवर्ड

नौबरामद में तेंदुआ का आतंक,आधा दर्जन पालतू कुत्तो को बना चुका निवाला

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जंगल से निकल कर रिहायशी इलाके में पहुंचा तेंदुआ बीते एक सप्ताह से आतंक का पर्याय बना हुआ। तेंदुआ आधा दर्जन पालतू कुत्तों को अपना निवाला बन चुका है। तेंदुआ की निगरानी के लिए वन विभाग की टीम को लगाया गया है। लगातार तेंदुआ के हमले से ग्रामीणों में दहशत है। पीटीआर से निकल कर वन्य जीव गन्ने के खेतों में ठिकाना बनाने लगे हैं। जंगल के किनारे तार फेंसिंग ना होने के कारण वन्य जीव लगातार जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके की ओर रुख कर रहे हैं। बीते एक सप्ताह पूर्व बराही रेंज के जंगल से निकला तेंदुआ कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नौबरामद इलाके में दहशत का पर्याय बना हुआ है। शाम होते ही गन्ने के खेतों में छुपा तेंदुआ निकलकर आबादी में पहुंच रहा है। हमलावर तेंदुआ अब तक आधा दर्जन से अधिक पालतू कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है। सुबह होते ही तेंदुआ गन्ने के खेतों में छुप जाता है। वन विभाग की टीम लगातार तेंदुआ की निगरानी में लगी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही तेंदुए की दस्तक से वह अपने घरों में दुबक जाते हैं। वन्यजीवों के आतंक से निजात नहीं मिल पा रही है। रात्रि के दौरान घर से बाहर निकलने पर खतरा बना रहता है। सामाजिक वानिकी वन क्षेत्राधिकार राम संवारे यादव ने बताया कि टीम को निगरानी के लिए लगाया गया है। तेंदुआ को जंगल में खदेड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं।

नौ दिवसीय राम कथा के तृतीय दिवस पाच सितंबर तक चलेगी राम कथा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। स्थानीय अशोक कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में नौ दिवसीय राम कथा के तृतीय दिवस वृंदावन से पधारे कथा व्यास गौरव कृष्ण ने राम कथा की अमृत वर्षा करते हुए प्रभु श्रीराम के नामकरण, महर्षि विशवामित्र के आगमन श्रीराम चंद्र जी को यज्ञ की रक्षा हेतु अपने साथ ले जाने, तड़का वध, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर की सूचना प्राप्त होने व जनकपुरी आगमन की कथा सुनाई। कथा में राघव को मै ना दूंगा ऋषिराज मरते मरते भजनो को श्रवण कर सनातन प्रेमियों ने भावविभोर होकर कथा का श्रवण किया गया। तीसरे दिन मुख्य यजमान श्री राधा कृष्ण भगवान रहे। श्रीराम कथा के अवसर तोताराम गंगवार, जिलाध्यक्ष सेवा भारती, ओमप्रकाश वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष सेवा भारती, शशिकांत कटियार, शिखा, विष्णु कांत तिवारी, सुनीता, विकास देव, सुलोचना, ट्विंकल, रचना, सुनीता, कमलेश शर्मा, प्रमोद भोजवाल, द्वारिका प्रसाद, प्रेम प्रकाश, विनय बाला, श्रवण जैसवार, तोताराम, लोकशंकर, रमेश लोधी, विनय वाला, दिलीप विश्वास, अभिमन्यु गंगवार, जीवन ज्योति भसीन, ममता देवी, शिवानी गंगवार, विमला देवी, पुष्पा गंगवार, अभिषेक सिंह गोल्डी, रमेश लोधी, दुर्गा प्रसाद गंगवार, अभिषेक गंगवार, श्रीराम मिश्रा, समेत सैकड़ों सनातन प्रेमी उपस्थित रहे। इस श्रीराम कथा का सीधा प्रसारण राष्ट्रांगन अङ्क पर हो रहा हैं।

लव जिहाद की शिकार हुई किशोरी परिजनों ने दी लिखित तहरीर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जौनपुर जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक के द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दिया है।

पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। गांव निवासी हिंदू धर्म के अनुनायी पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गत गुरुवार की भोर इसी थाना क्षेत्र के असरफगढ़ सुल्तानपुर गांव निवासी मोहम्मद मुस्लिम उर्फ रेहान बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की नामजद तहरीर मिली है। आरोपित के घर दबिश दी गई, लेकिन वह मिला नहीं। उसकी तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

डकैती के संदिग्ध आरोपी जौनपुर न्यायालय में किया समर्पण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुल्तानपुर के ठठेरी बाजार में सर्राफ प्रतिष्ठान में बीते बुधवार को दिनदहाड़े हुई पांच करोड़ की डकैती के मामले में शुक्रवार को जिस एसपी यादव के कटका स्थित घर पर क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश दी थी वह शनिवार को जौनपुर न्यायालय में हाजिर हो गया।

जानकरी के अनुसार घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में लूट में शामिल एक लुटेरे की कद-काठी स्थानीय थाना क्षेत्र के कटका (डेहरी) निवासी एसपी यादव से मिल रही है। सुल्तानपुर पुलिस को शंका है कि उक्त डकैती कांड में एसपी यादव की गैंग शामिल हो सकती है। जिसके आधार पर शुक्रवार को सुल्तानपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने कटका गांव में दबिश मारी थी।

हालांकि इस दौरान टीम को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। पुलिस टीम में सरपतहां पुलिस के भी शामिल होने की बात बताई जा रही है लेकिन थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने इस बात से साफ इनकार किया है।

उधर पुलिस कार्यवाही की सूचना जब एसपी यादव को लगी तो उसने पुलिस को चकमा देते हुए शनिवार को जौनपुर न्यायालय में समर्पण कर दिया और पुलिस हाथ मलती रह गई। इस संबंध में नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर पुलिस विभाग के ही एक कर्मी ने बताया कि डकैती में एसपी यादव के शामिल होने की पुख्ता इनपुट मिले हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गांधी सभागार में संपन्न हुई। जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों यथा जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एफ0आर0यू0 समीक्षा, मातृ मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, क्क्स्रू दिवसों में त्तक्र कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, एन0बी0एस0यू0, एन0आर0सी0 में बच्चों की भर्ती, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का उपचार, आभा आई0डी0 को बढाने, परिवार कल्याण कार्यक्रम, वित्तीय व्यय आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी द्य जिलाधिकारी के द्वारा आर0सी0एच0 पोर्टल एमओआईसी ब्लाक बिलसंडा एवं पूरनपुर को प्रगति बढाने, एमओआईसी पूरनपुर, बीसलपुर एवं मरोरी को संस्थागत प्रसवों को बढाने, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत एमओआईसी ब्लाक बीसलपुर एवं जिला महिला चिकित्सालय को भुगतान बढाने हेतु निर्देशित किया एवं कम प्रगति होने पर नारजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साअधिकारी आलोक कुमार शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास), जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षकसमस्त एमओआईसी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

सुमन कंप्यूटर के तत्वाधान में संपन्न हुआ मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह

- राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में हुए उपस्थित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शनिवार को जनपद के सेलिब्रेशन बैंक्वेट हाल में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह शहर के सुप्रसिद्ध सुमन कम्प्यूटर के तत्वाधान में संपन्न हुआ। बताते चले की सेलिब्रेशन हाल में प्रतिभा सम्मान के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मीले संजय सिंह गंगवार उपस्थित हुए उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलिता कर कार्यक्रम का शुभाराम किया।

श्री गंगवार ने को अपने बीच पाकर छात्र- छाताओ में उत्साह दिखा। संस्था निदेशक ने बताया प्रति वर्ष की? तरह यह कार्यकम होता है। कार्यक्रम में हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट छात्राओ को सम्मानित किया। इस दौरान इस अवसर पर संजय सक्सेना, विपिन सक्सेना, विनय सक्सेना, सजीव सक्सेना, कंचन सक्सेना, नेहा भटटो, सतीश गिरि, श्त्ता शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहें।

वहीं राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया तथा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में हुए विकास के बारे में विस्तार से सभी को जानकारी दी।

अरौल पुलिस और पेट्रोल पंप लुटेरों की मुठभेड़, एक बदमाश घायल व दो अन्य गिरफ्तार

* अन्तर्जनपदीय गिरोह का खुलासा डीसीपी एडीसीपी, एसीपी ने घटनास्थल पर जाकर किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

गिरपतारी करने वाली टीम

- प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पाल
- उ0निश दयाशंकर सिंह
- उ0नि विनय तिवारी
- उनि0यूटी सचिन तंवर
- हे0का0 834 जितेन्द्र सिंह
- का0 5346 अकबर खान थाना अरौल कमि0 कानपूर

अपराधिक इतिहास

- मुकदमा अपराध संख्या–197/2017 धारा–395/397/412 पुलिस थाना बिल्हौर कमि0 कानपुर नगर।
- मुकदमा अपराध संख्या–249/2017 धारा– 399/ 402 द्धसी थाना बिल्हौर कमि0 कानपुर नगर।
- मुकदमा अपराध संख्या–466/2017 धारा–3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 थाना बिल्हौर कमि0 कानपुर नगर।
- मुकदमा अपराध संख्या–323/24धारा–395/412 द्धआईपीसी थाना कोतवाली जनपद कन्नौज।
- मुकदमा अपराध संख्या–333/24 धारा–399/ 402 द्धआईपीसी थाना कोतवाली जनपद कन्नौज।
- मुकदमा अपराध संख्या–335/24 धारा–3/25 ए. एक्ट थाना कोतवाली जनपद कन्नौज।
- मु0अ0संश 16/24 धारा 457/308/411 द्धपुलिस थाना अरौल कमि0 कानपुर नगर।
- मु0अ0सं0 101/24 धारा 457 /380/ 41 1 7पुलिस थाना अरौल कमि0 कानपुर नगर
- मु0अ0सं 132/024 धारा 31(4)/305( ) 317(2) बीएनएस थाना अरौल कमि0 कानपुर नगर।
- मु0अ0सं 144/024 धारा 309(6) द्धद्ध व 317(2) बीएनएस थाना अरौल कमि0 कानपुर नगर।
- मु0अ0सं 0148/2024 धारा 109 बी0एन0एस0 (पुलिस मुठभेद) व 3/25/27 शस्त्न अधिनियम थाना अरौल कमि0 कानपुर नगर।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना अरौल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है कुछ दिन पूर्व बकोठी में हुए पेट्रोल पंप लूट कांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगी है और दो लोग को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट, अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध व वांछित वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफतारी अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिमश्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम कमिश्रेट कानपुर नगर के कुशल निर्देशन मे सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन मे अखिलेश कुमार पाल प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित टीम द्वारा %वांछित वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के क्रम मे गठित टीम द्वारा आज दिनांक 31.08.2024 को समय करीब 4:00 बजे थाना अरौल पर मुखबिर द्वारा ग्राम बकोठी के पास लूट छिनैती की घटनाएं, पेट्रोल पंप व घरों में चोरी करने वाले बदमाशों के आने की सूचना प्रप्त हुई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरौल तथा टीम द्वारा बकोठी पेट्रोल पंप के आगे खलवा के पास चैकिंग की जा रही थी कि तभी बकोठी की तरफ से मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायर किया गया तथा प्रतिरक्ष में बदमाश अमित उर्फ फुलई पुत्र रामेश्वर निवासी बेहटा मुजावर थाना बांगरमऊ उन्नाव के दाएं पैर में गोली लगी तथा अन्य दोनों बदमाश अवनीश पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी नरदोली थाना सिकंदरपुर वैश्य जिला कासगंज व सुरजीत पुत्र नवाब सिंह निवासी ग्राम विजयनगर नरदोली थाना सिकंदरपुर वैश्य कासगंज को मौके से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण द्वारा दौरान पूछताछ बकोठी पेट्रोल पंप लूट व क्षेत्रमें अन्य चोरी की घटना को कुबूल किया है। घायल अभि0 अमित उर्फ फुलई उपरोक्त को उपचार हेतु सीएचसी बिल्हौर भेजा गया है तथा अन्य दोनों बदमाशों से गहनतापूर्वक पूछताछ की जा रही है। उक्त चोरी व लूट की घटनाओ के सफल अनावरण पर थाना क्षेत्र की जनता द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है एवं मुठभेड़ में शामिल टीम को श्रीमान पुलिस उपायुक्त पश्चिम महोदय द्वारा 25.000/- रुपये नगद पुरस्कार देने की धोषणा की गई है एवं उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना पर मुअ0सं0 0148/2024 धारा 109 बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व धारा 3/25/27 आर्स एक्ट थाना अरौल पर पंजीकृत कर प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जारही है।

गिरफ्तार (नाम/ पता) अभियुक्तगण

- अमित आरक उर्फ फुलई पुत्र रामेश्वर निवासी काइस मटकरी नया खेडा थाना बांगरमऊ उन्नाव उम्र करीब 40 वर्ष
- सरजीत लुनिया पुत्र नवाब सिं नि0 विजय नगर नरदौली थाना सिकन्दरपुर वैश्य जिला कासगंज उम्र 29 वर्ष अवनीश कुमार वैश्य पुत्र राजेन्र सिंह वैश्य नि0 ग्राम नरदौली थाना सिकन्दर थाना कासगंज उम्र
- करीब 23 वर्ष।

बरामदगी

- एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज
- एक अदद 315 बोर जिन्दा कारतूस नाजायज
- एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज
- कुल नगद 16300 रुपए माल मुकदमाती
- तीन जोडी तोडिया सफेद धातू की
- एक अदद मोटर साइकिल पल्सर रंग काला लाल न0 यू0पी0 87 वी0 1552 एक अदद डीवीआर सीपी प्लस कंपनी का रंग काला।

बुजुर्ग माता–पिता का भरण–पोषण कानूनी दायित्व: डीएम

* वरिष्ठ नागरिको की देखभाल और सुरक्षा के लिये जिम्मेदार व्यक्ति अगर उन्हे छोड़ देता है तो जेल की सजा अथवा जुर्माने से होगा दंडित

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 एवं नियमावली 2014 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि कोई भी वृद्ध अपने आपको असहाय महसूस न करें। जिला प्रशासन उनके साथ है। ऐसे माता-पिता, वरिष्ठ नागरिक जो अपनी आय और सम्पत्ति से अपना भरण-पोषण नहीं कर सकते, वे इस अधिनियम के तहत भरण-पोषण का दावा तहसील स्तर पर नामित सुलह अधिकारी के माध्यम से करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दावे का निस्तारण निर्धारित समयावधि में किया जायेगा। माता-पिता, वृद्धजनों को भरण-पोषण न करने वाले एवं प्रताड़ित करने वाले बेटे की आय से मानक के अनुसार पैसे की कटौती कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होनें कहा कि किसी भी माता-पिता/वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, उसके लिये सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। कहा कि तहसील तिर्वा एवं छिबरामऊ में सुलह अधिकारी नामित करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाये।

श्री शुक्ल ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण से संबंधित होर्डिग्स, बैनर-पोस्टर आदि लगाये जाये तथा चौपाल के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे निर्धन, निराश्रित तथा जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिको को अधिनियम का लाभ मिल सके। डीएम ने कहा कि बाल संरक्षण केन्द्र और वृद्धाश्रम हेतु जमीन चिन्हित कर ली गयी है। शासन को प्रस्ताव भेजा जाये। उन्होने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिये कि सर्दी का मौसम आने वाला है, वृद्धजनों की मोतियाबिन्द आदि आखों से संबंधित आपरेशन करने की तैयारी कर ली जाये। स्कूल में जिन बच्चो को देखने में कठिनाई पायी जाये, चिकित्सा विभाग द्वारा चस्मा एवं इलाज उपलब्ध कराया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी श्री नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम–एसपी ने लिया मेला व्यवस्था का जायजा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने तालग्राम स्थित जाहिरा देवी मंदिर परिसर में लगने वाले रोहली मेले का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने तालग्राम क्षेत्रान्तर्गत जाहिरा देवी मंदिर परिसर में लगने वाले रोहली मेले का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले के आयोजकों और ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान शांति और सुरक्षा को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यातायात प्रभारी को यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने अब तक तलाशी नवाब की 80 करोड़ की सम्पत्ति

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

दुष्कर्म के आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शासन के निर्देश पर पूर्व ब्लाक प्रमुख की संपत्ति को खंगालने का कार्य चल रहा है। अब तक करीब 80 करोड़ की संपत्ति सामने आई है। इससे अब प्रशासन ने जांच तेज कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अड़ंगापुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने बुआ के साथ डिग्री कालेज पहुंची 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया था। आरोपित नवाब सिंह और दुष्कर्म में सहयोगी पीड़िता की बुआ जेल में है। शासन के निर्देश पर पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह, उसके छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव समेत उनके रिश्तेदार और करीबियों की संपत्ति की जांच चल रही है। सदर और तिर्वा तहसील के करीब 60 लेखपालों को संपत्ति की जांच के लिए लगाया गया है।

सूत्र बताते हैं कि बुधवार तक राजस्व टीम जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप देगी। शासन के निर्देश पर संपत्ति की जांच की जा रही है। अलग-अलग राजस्व ग्रामों और शहरी क्षेत्रों में संपत्ति पाई गई हैं। जल्द ही इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

दुष्कर्म के आरोपित नवाब सिंह की संपत्तियों व उनके करीबियों के नाम से खरीदी गई संपत्ति के बारे में कोई भी व्यक्ति गोपनीय ढंग से अधिकारियों को सूचना दे सकता है। कोई भी व्यक्ति कार्यालय आकर अवैध ढंग से धन अर्जित कर खरीदी गई नवाब सिंह की संपत्तियों के बारे में जानकारी दे सकता है।

उसका नाम कहीं पर भी प्रकाश में नहीं आएगा।

अब तक सामने आई 80 करोड़ की संपत्ति

राजस्व टीमों ने अड़ंगापुर, कटरी क्षेत्र के भिम्मापुर्वा, अलियापुर व नसरापुर, शहर के मकरंद नगर, सरायमीरा में छानबीन की। वहीं, तिर्वा में कन्नौज-तिर्वा मार्ग और सखौली गांव में संपत्तियों को खंगाला। एक सप्ताह से शुरू हुई छानबीन में अब तक करीब 80 करोड़ रुपये की संपत्ति सामने आई है। इससे अब राजस्व की टीमों ने तेजी लाई है।

कंगना के बयान पर भड़की कन्नौज कांग्रेस, कहा किसानों से माफी मांगो

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान को लेकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन। शनिवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में सैकड़ों पदाधिकारियो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को दिए हुए ज्ञापन मांग करते हुए कहा कि जिस तरह भाजपा सांसद कंगना रनौत ने किसान आंदोलन को कलंकित करने का काम किया वह बर्दाश्त के बाहर है। हम काँग्रेसी इसकी घोर निंदा करते है। और मांग करते है कि किसान विरोधी बयान देने वाली भाजपा सांसद कंगना रनौत को तत्काल लोकसभा से बर्खास्त किया जाए। और किसानों से कंगना रनौत को माफी मांगनी चाहिए। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि देश में किसानों का बहुत बड़ा योगदान है। इसलिए किसी भी तरह कांग्रेसी किसानों का अपमान बर्दाश्त नही करेंगे। कार्यक्रम का संचालन किसान जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, अविनाश चंद दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष/प्रशासन, रीना सिंह महिला जिला अध्यक्ष, तारिक बशीर जिला उपाध्यक्ष, एहसानुल हक पूर्व शहर अध्यक्ष, किरन वर्मा पूर्व एआईसीसी सदस्य, रमाशंकर राठौर जिला महासचिव, आकाश कटियार जिला अध्यक्ष निशक्तजन प्रकोष्ठ, अशोक कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष तिर्वा, डॉ.रामकृष्ण राजपूत, कमरुद्दीन खान, सत्य प्रकाश शर्मा, मोहित सिंह, सरताज अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

जेल के कौशल विकास केंद्र में हो रहे उत्पाद की डीएम: एसपी ने की सराहना

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने जनपद कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं को देखा गया। उनके द्वारा कारागार में व्यवस्थाओं की विशेष रूप से कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं यथा बंदियों द्वारा बनायी जा रही जगमग झालर लाईटे व कपड़े के कैरी बैग की प्रशंसा की गयी। बंदियों द्वारा बनायी जा रही झालरों के प्रति अतिउत्साह देखा गया।

निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्ध बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछतॉछ की गयी, बैरकों की तलाशी करायी गयी, तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी। जनपदीय अधिकारियों द्वारा बंदियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में, भोजन, पानी, रहने, दिन/रात्रि शौचालय, मौसम को देखते हुये पंखों की क्रियाशीलता/अक्रियाशीलता एवं किसी के द्वारा उत्पीड़न आदि किये जाने, वकील न मिलने, मुलाकात तथा उपचार आदि से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में पूॅछतॉछ की गयी परन्तु किसी भी बंदी द्वारा कारागार से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही बतायी गयी। बंदियों के परिजनों से भी वार्ता कर मुलाकात में किसी भी प्रकार की होने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी परन्तु उनके द्वारा मुलाकात में किसी भी प्रकार कोई परेशानी नहीं बतायी गयी। पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। बनाये गये भोजन को चेक किया गया। गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी। कारागार में पर्याप्त सफाई पायी गयी। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों विशेष रूप से सी0सी0टी0वी0 कैमरें की क्रियाशीलता को देखा गया। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिर्श्चित करे। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। कारागार का कार्यालय भी व्यवस्थित पाया गया।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मो0 अकरम खॉ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, चिकित्साधिकारी डा0 मो0 इफराक, प्रभारी मुख्य कार्यालय अधीक्षक पंकज कुमार, शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित थे।

एफएफडीसी के तीन प्रशिक्षार्थियों को मिली विदेश में नौकरी

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र (एफएफडीसी) में अरोमा प्रक्रिया और उसके प्रबंधन विषय पर एक वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले तीन प्रशिक्षणार्थियों को विदेश में नौकरी मिल गई है। एफएफडीसी प्रबंधन के मुताबिक तीनों प्रशिक्षणार्थियों ने खाद्य तेल, मसालों व सौंदर्य प्रसाधन सामग्री को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया था। इसके बाद उन्हें ओमान और दुबई में नौकरी मिली।

सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र (एफएफडीसी) में अरोमा उद्योग के अंतर्गत खाद्य तेलों को बनाने की प्रक्रिया और उसकी गुणवत्ता प्रबंधन के बारे में कन्नौज के छात्र उत्कर्ष कटियार, बेंगलुरू की तनुश्री एस व इंदौर की कीर्ति सुधा लूला ने एक वर्षीय प्रशिक्षण प्राप्त किया था। वैज्ञानिक अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि तीनों ही छात्रों ने एफएफडीसी की प्रयोगशाला में अरोमा उद्योग से जुड़ी बारीकियों को समझा और खाद्य तेलों, मसालों और सौंदर्य प्रसाधनों में प्रयुक्त होने वाले एसेंशियल ऑयल मिश्रण व क्वालिटी कंट्रोल के बारे में दक्षता हासिल की। एक साल का डिप्लोमा पूरा करने के बाद इन छात्रों को विदेशी कंपनियों ने अपने यहां प्लेसमेंट दिया है। सहायक निदेशक डॉ. एपी सिंह सेंगर ने बताया कि उत्कर्ष कटियार को ओमान की फ्यूचर लैब कंपनी में नौकरी मिली है तो तनुश्री एस को स्टर्लिंग परफ्यूमर्स इंडस्ट्रीज दुबई और कीर्ति सुधा लूला को कोरल परफ्यूमर्स इंडस्ट्री दुबई में लिया गया है। इन तीनों छात्रों ने 2022-23 में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

स्वीप की प्रदेश स्तरीय आन लाइन प्रतियोगिता में जनपद के बच्चो को मिला इनाम

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवम निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अन्तर्गत बीती 08 दिसम्बर को 18 से 20 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिये आयोजित राज्य स्तरीय आनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में जनपद के शंशाक राजपूत पोस्टर प्रतियोगिता, नितिन कुमार स्लोगन प्रतियोगिता, अनुराग कुमार स्लोगन प्रतियोगिता, सौम्या स्लोगन प्रतियोगिता, देवेन्द्र कुमार स्लोगन प्रतियोगिता दिव्यांग वर्ग को सांत्वना पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने दी। उन्होनें बताया कि राज्य स्तरीय आनलाइन प्रतियोगिता में जनपद के चयनित विजेताओं को जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से पुरूस्कार, सामग्री प्राप्त होने पर सम्मानित किया जायेगा। उक्त चयनित विजेताओं को जिलाधिकारी द्वारा शुभकामना देते हुये।

बड़े भाई के हत्यारे को 10 साल की सश्रम कैद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। जमीन बंटवारे की रंजिश में धारदार हथियार से हमला कर बड़े भाई की हत्या करने वाले को कोर्ट ने 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, दोषी की पत्नी को संदेह के लाभ के आधार पर दोषमुक्त करार दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कब्बाखेड़ा निवासी राजनंदनी ने देवर देवेश शुक्ला उसकी पत्नी (देवरानी) सुमन शुक्ला व चार-पांच अज्ञात लोगों पर छह अगस्त 2022 को पति दिनेश की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि छह अगस्त 2022 की शाम चार से पांच बजे के बीच पति दिनेश कुमार पुराने घर कब्बाखेड़ा में थे।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरी बंबे पर बेटे ने साथी के साथ मिलकर पिता को मौत के घाट उतारा था

* शराब के लिए रू500 मांगे मांगने पर न देने पर साथी के साथ मिलकर गला ढूंढ कर हत्या

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकरंद निवादा गांव निवासी श्रीकृष्ण का शव उत्तरी बंबे पर संदिग्ध परिस्थिति में मृत पाया गया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर और मृतक के बेटे द्वारा बार-बार बयान बदले जाने को लेकर बिल्हौरे पुलिस मैं हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो बेटा टूट गया उसने हकीकत बयां कर दी । दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चिकित्सीय परीक्षण करने के बाद जेल भेज दिया । पंजीकृत 243/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस मे प्रकाश में आये अभियुक्तगण (1) ऋषि पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण (2) आशीष कुमार उर्फ मटरू पुत्र गयाप्रसाद निवासीगण मकरन्द निवादा थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर को लालपुर क्रासिंग अंडर पास के नीचे गिरफ्तार किया गया। दिनांक 29.08.2024 को वादिनी उर्मिला देवी पत्नी स्व श्रीकृष्ण निवासीग्राम मकरन्द निवादा द्वारा अपने पति की अज्ञात अभियुक्त द्वारा हत्या करने के सम्बंध मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आया कि ऋषि पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण द्वारा अपने पिता से शराब पीने के लिए 500 रूपये मांगे गये थे।

पिता श्रीकषण द्वारा पैसे न देने पर ऋषि द्वारा नाराज होकर आवेश मे आकर अपने गांव के आशीष उर्फ मटरू के साथ मिलकर उत्तरी बम्बा नहर के पास अपने गमछे से पिता श्रीकृष्ण की गला घोटकर हत्या कर दी गयी थी।

मौके से घटना मे प्रयुक्त गमछा व मोटसाइकिल यूपी 78 एफके 56510 शव बरामद हुई है जिसे कब्जा पुलिस लिया गया। अभियुक्तगणों को न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायालय भेजा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

ऋषि पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण निवासी मकरन्द निवादा थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर उम्र 23 वर्ष 2. आशीष कुमार उर्फ मटरू पुत्र गयाप्रसाद निवासी मकरन्द निवादा थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर उम्र 48 वर्ष आला कत्ल बरामदगी 1. एक अदद गमछा सफेद रंग 2. एक अदद मोटसाइकिल यू0पी0 78 एफ के 5651 सीटी 100

आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं 243/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस0 थाना बिल्हौर कमि0 कानपुर नगर

अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी व आलाकत्ल

बरामदगी करने वाली टीम अशोक कुमार सरोज प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 अमित कुमार, कृष्ण मुरारी,उ0नि0 श्री स त्येन्द्र सिंह, हेका0 1284 सुरेश चन्द्र सरोज, हे0का0 2118 जयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

देश में सितंबर महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। वहीं उत्तर-पश्चिम भारत और आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि देश में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है, जो 167.9 मिमी की लंबी अवधि के औसत का 109 प्रतिशत है।

इन राज्यों में भारी बारिश होने का अनुमान

अगस्त में सामान्य से अधिक बारिश होने के बाद सितंबर महीने में भी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और मध्य प्रदेश के आसपास के इलाकों समेत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार देश में अगस्त महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। आईएमडी के अनुसार देश में अगस्त महीने में 16 फीसदी से ज्यादा बारिश हुई है, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत में 253.9 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 2001 के बाद अगस्त में दूसरी सबसे अधिक वर्षा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि देश में अगस्त में 287.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य 248.1 मिमी बारिश होती है। कुल मिलाकर, भारत में 1 जून को मानसून सीजन की शुरुआत के बाद से सामान्य 701 मिमी के मुकाबले 749 मिमी बारिश हुई है।

इन इलाकों में सामान्य से कम बारिश की उम्मीद

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है, सिवाय उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ इलाके, दक्षिणी प्रायद्वीप के कई इलाके, उत्तरी बिहार और उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश इलाके, जहां सामान्य से कम बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान मानसून के कम दबाव का क्षेत्र के अपनी सामान्य स्थिति में रहने की उम्मीद है, इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी में कई कम दबाव वाली सिस्टम विकसित होने की संभावना है, जो राजस्थान तक पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ सकती हैं। महापात्र ने कहा कि कम दबाव क्षेत्र हिमालय की तलहटी की ओर भी जा सकती है, और सितंबर में इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है।

'शेख हसीना की वजह से भारत के लिए परेशानी हो सकती है'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका

शेख हसीना को लेकर भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास आ सकती है। ये कहना है बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन का। दरअसल उन्होंने कहा कि वह (शेख हसीना) दिल्ली में, भारत में रह रही हैं। हालांकि मैं इसका उत्तर देने के लिए सही व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन अगर वहां से (गृह मंत्रालय और विधि मंत्रालय से) कोई अनुरोध आता है तो हमें भारत सरकार से उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने के लिए कहना होगा। इससे भारत सरकार के लिए दुविधा की स्थिति पैदा होती है, मुझे लगता है कि भारत सरकार भी यह जानती है और वे इसका ध्यान भी रखेंगे।

शेख हसीना के खिलाफ हत्या के 2 नए मामले दर्ज

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के दौरान दो बीएनपी कार्यकर्ताओं सहित तीन लोगों की हत्या के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ दो नए हत्या के मामले दर्ज किए गए हैं। शुक्रवार को ढाका की अदालतों में दर्ज किए गए ये मामले शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में नए हैं। हिंसा भड़कने के बाद बीती 5 अगस्त को शेख हसीना इस्तीफा देकर देश से निकल गईं थी। उसके बाद से ही शेख हसीना के खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हो रहे हैं। नए मामलों के साथ ही शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या बढ़कर कुल 84 हो गई है। इनमें से 70 आरोप मानवता के खिलाफ अपराध की धाराओं में दर्ज किए गए हैं। वहीं आठ मामले नरसंहार के आरोप में, तीन मामले कथित अपहरण के मामले में दर्ज किए गए हैं।

क्या है ताजा मामला

ताजा मामला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकर्ता मतिउर रहमान ने दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार, 4 अगस्त को साथी पार्टी कार्यकर्ताओं जुलकर हुसैन (38 वर्षीय) और अंजना (28) की हत्याओं को लेकर किशोरगंज में मामला दर्ज कराया गया है। शिकायत के अनुसार, छात्र आंदोलन और बीएनपी कार्यकर्ताओं के जुलूस पर आवामी लीग के नेताओं धारदार हथियारों से हमला किया। कुछ बीएनपी कार्यकर्ताओं ने पास के खोरमाप्टरी इलाके में एक जिला आवामी लीग नेता के घर में शरण ली, जहां उन्हें हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बंधक बना लिया और फिर आग लगा दी, जिससे हुसैन और अंजना की मौत हो गई। इस मामले में हसीना, पूर्व सड़क परिवहन और पुल मंत्री ओबैदुल कादर सहित 88 लोगों को आरोपी बनाया गया है। मुंशीगंज में 22 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत के मामले में मामला दर्ज किया गया था, जिसकी 4 अगस्त को शहर के सुपरमार्केट इलाके में छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में हसीना, कादर, अन्य अवामी लीग नेताओं और इसके छात्र विंग, छात्र लीग के कार्यकर्ताओं सहित 313 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

प्रवासी मजदूर की हत्या, गौरक्षक दल के सात सदस्य गिरफ्तार, सीएम सैनी ने घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

हरियाणा के चरखी दादरी जिले में पश्चिम बंगाल के एक प्रवासी मजदूर की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में गौरक्षक समूह के सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोप है कि मजदूर ने पशु मांस खाया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, साबिर मलिक की हत्या 27 अगस्त को की गई थी। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा, मॉब लिंचिंग जैसी बातें कहना सही नहीं है, क्योंकि गौरक्षा के लिए विधानसभा में सख्त कानून बनाया गया है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए और ये घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के पशु मांस खाने के संदेह में अभिषेक, मोहित, रविंदर, कमलजीत और साहिल ने खाली प्लास्टिक की बोतलें बेचने के बहाने उसे एक दुकान पर बुलाया और फिर उसकी पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी मलिक को दूसरी जगह ले गए और फिर से उसकी पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में दो नाबालिगों को भी पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक, चरखी दादरी पुलिस ने बधरा गांव में एक प्रवासी की हत्या के मामले में दो नाबालिगों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान साबिर मलिक के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अभिषेक, रविंदर, मोहित, कमलजीत और साहिल के रूप में हुई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

भांडवा गांव के समीप एक युवक का शव पड़ा

बाढड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सोनी ने बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि भांडवा गांव के समीप एक युवक का शव पड़ा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के 24-परगना जिले के गांव बासंती बल्लारोप मेजरपाला शिवगंज निवासी साबिर मलिक के रूप में हुई।

हत्या किए जाने का आरोप लगाया

इसके बाद पुलिस ने उसके साले सुजाउद्दीन सरदर के बयान दर्ज किए। सरदर ने अपने जीजा साबिर मलिक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सुजाउद्दीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अगस्त को कुछ लोग उनके पास पहुंचे। उन लोगों ने कहा कि तुम संरक्षित पशु का मांस खाते हो। इसके बाद वो उन्हें थाने लेकर चले गए। उसके थाने जाने के बाद कुछ लोग दोबारा वहां पहुंचे और कबाड़ बेचने के बहाने जीजा साबिर मलिक को ले गए। उक्त लोगों ने उनके एक अन्य जानकार असम के लंगला निवासी असीरउद्दीन को भी वहां बुलाया।

चारधाम यात्रा 2024 : दूसरे चरण के लिए रोजाना पांच हजार पंजीकरण

15 सितंबर के बाद यात्रा फिर से पकड़ेगी रफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून

चारधाम यात्रा के दूसरे चरण में दर्शन करने के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन माध्यम से औसतन पांच हजार पंजीकरण हो रहे हैं। मानसून सीजन खत्म होने के बाद 15 सितंबर के बाद फिर से यात्रा रफ्तार पकड़ेगी। अब तक 33 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। मानसून सीजन में भूस्खलन की घटनाओं से चारधाम यात्रा भी थमी है, लेकिन दूसरे पड़ाव में यात्रा करने के लिए देश-दुनिया से तीर्थयात्री ऑनलाइन पंजीकरण कर रहे हैं। पर्यटन विभाग की सूचना के अनुसार, एक दिन में औसतन पांच हजार लोग यात्रा करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवा रहे हैं। बताया, चारधाम यात्रा शुरू होने से लेकर अब तक 56 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें 33 लाख यात्री बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। अक्तूबर और नवंबर तक चारधाम यात्रा चलेगी। वर्तमान में भी चारों धामों के कपाट खुले हैं, लेकिन बारिश से धामों में दर्शन के लिए भीड़ नहीं है। चारधाम यात्रा प्रशासन के दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, केदारनाथ धाम में एक दिन में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या पांच सौ से कम है। वहीं, बदरीनाथ धाम में एक दिन में 1500 श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं।

धाम	संख्या
केदारनाथ	10.97 लाख
बदरीनाथ	9.22 लाख
गंगोत्री	6.12 लाख
यमुनोत्री	5.23 लाख

राहुल, अखिलेश और तेजस्वी की सरकार बनी तो भारत को पाकिस्तान-बांग्लादेश बना देंगे : गिरिराज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेगूसराय

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने इंडिया गठबंधन पर फिर से हमला बोला है। बेगूसराय में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बड़ा बयान दे दिया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव ओर राहुल गांधी मुस्लिम वोट बैंक के ठेकेदार हैं। इनकी सरकार आई तो बिहार और उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को छुट्टी का दिन घोषित कर देंगे। अगर देश में राहुल गांधी, अखिलेश यादव एवं तेजस्वी यादव की सरकार बनती है तो यह लोग भारत को पाकिस्तान और बांग्लादेश बना देंगे।

मुसलमानों का संरक्षण करते हैं यह लोग

उन्होंने हिंदुओं का पक्ष रखते हुए कहा कि किसी हिंदू ने तो कभी यह नहीं कहा कि मंगलवार को हनुमान जी की सोमवार को महादेव या अन्य दिनों अन्य देवी देवताओं की पूजा होती है तो उन्हें छुट्टी दिया जाए। लेकिन वोट बैंक की राजनीति करने वाले तेजस्वी यादव, राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव जैसे लोग मुसलमान का संरक्षण ही नहीं करते बल्कि उनकी कहीं बातों पर अमल भी कर रहे हैं।

भारत में एक देश और एक कानून ही चलेगा

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत में एक देश और एक कानून ही चलेगा। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा एवं असम विधानसभा का धन्यवाद करते हुए कहा कि असम सरकार द्वारा एक देश एक कानून पर अमल किया जा रहा है और इसलिए वह धन्यवाद के पात्र हैं।

उड़ान के बाद रूस का एमआई-8टी हेलीकॉप्टर लापता, 22 लोग हैं सवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को

रूस में बड़े हादसे की खबर है। दरअसल रूस का एक हेलीकॉप्टर उड़ान के दौरान लापता हो गया है। हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है। हेलीकॉप्टर जिस वक्त लापता हुआ, उस वक्त उसमें तीन क्रू के सदस्यों समेत कुल 22 लोग सवार थे।

एमआई-8टी हेलीकॉप्टर का हादसों का रहा है इतिहास

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस के एमआई-8टी हेलीकॉप्टर ने शनिवार को रूस के पूर्वी इलाके में स्थित कामाचाटका पेनिसुला से उड़ान भरी थी। हेलीकॉप्टर में तीन क्रू सदस्यों समेत कुल 22 लोग सवार थे। रूस की संघीय हवाई यातायात एजेंसी ने बताया कि हेलीकॉप्टर वचकाझेट्स बेस से उड़ा था, लेकिन जब तय समय पर भी हेलीकॉप्टर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा, इसके बाद खोज अभियान चलाया गया है। एमआई-8टी एक दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है, जिसे साल 1960 में डिजाइन किया गया था। रूस के अलावा कई अन्य देशों द्वारा भी इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इस हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का भी लंबा इतिहास है।

तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर जाएंगे राहुल गांधी, छात्रों और भारतीय प्रवासियों से करेंगे मुलाकात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 8 से 10 सितंबर तक अमेरिका का दौरा करेंगे। इस दौरान वे वॉशिंगटन डीसी और डेल्लास में कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेंगे। जिसमें एक कार्यक्रम टेक्सस विश्वविद्यालय का भी शामिल है। भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी दी। यह लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल का पहला अमेरिका दौरा है। पित्रोदा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि जब से राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं, तब से भारतीय प्रवासी अध्यक्ष के तौर पर उन्हें प्रवासी भारतीयों, राजनयिकों, कारोबारी नेताओं और अंतरराष्ट्रीय मीडिया से राहुल गांधी के साथ बातचीत करने के लिए कई अनुरोध (रिक्वेस्ट) मिले हैं। उन्होंने आगे बताया, अब राहुल गांधी अमेरिका के एक छोटे से दौरे पर आ रहे हैं। वे आठ सितंबर को डेल्लास और 9-10 सितंबर को वॉशिंगटन डीसी में होंगे। डेल्लास में हम टेक्सस विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षा समुदाय से जुड़े लोगों से मिलेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। वहां एक बड़ी सामुदायिक सभा होगी। हम कुछ तकनीकी विशेषज्ञों से भी मिलेंगे और डेल्लास क्षेत्र के नेताओं के साथ रात्रिभोज करेंगे। पित्रोदा ने बताया कि अगले दिन राहुल गांधी वॉशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे, जहां वे थिंक टैंक, नेशनल प्रेस क्लब और अन्य लोगों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, कई तरह के लोगों के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, क्योंकि हमने पाया है कि लोगों में (भारत के) उन राज्यों के प्रति काफी उत्साह है, जहां कांग्रेस की सरकार है। उन्होंने कहा, हम इस दौरे को बहुत सफल मानकर चल रहे हैं। राहुल गांधी पांच बार सांसद रह चुके हैं और अभी रायबरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो पहले उनकी मां और कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र था। लोकसभा चुनाव में राहुल गंधी दो सीटों से जीते हैं। लेकिन उन्होंने केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया था। इस सीट पर उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा उपचुनाव लड़ेंगी। राहुल गांधी ने पहली 2004 में उत्तर प्रदेश के अमेठी से जीत हासिल कर लोकसभा में प्रवेश किया था।

कन्याकुमारी के लिए सबसे तेज कनेक्टिविटी प्रदान कर रही चेन्नई-नागरकोइल वंदे भारत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को डिजिटल तरीके से हरी झंडी दिखाकर तीन वंदे भारत ट्रेनों को रवाना किया। इनमें एस एक चेन्नई-नागरकोइल वंदे भारत एक्स प्रेस है, जो देश के सबसे दक्षिणी छोर कन्याकुमारी के लिए सबसे तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह ट्रेन 726 किलोमीटर की दूरी को सिर्फ 8 घंटे 50 मिनट में तय करेगी। उन्होंने बताया कि नागरकोइल से कन्याकुमारी करीब 20 किलोमीटर दूर है, जिसके लिए लोग रेल या सड़क मार्ग से यात्रा कर सकते हैं। अधिकारी ने आगे बताया कि चेन्नई से कन्याकुमारी के लिए अभी दो ट्रेनें संचालित होती हैं, लेकिन इनमें करीब 12 घंटे लगते हैं। जबकि वंदे भारत ट्रेन इस मार्ग पर सबसे तेज और आरामदायक विकल्प प्रदान करती है।

अब होगी पुरानी पेंशन पर निर्णायक लड़ाई, विपक्ष को साथ लेकर सरकार को घेरने की रणनीति में जुटे कर्मचारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली की बजाए एनपीएस में सुधार कर नई पेंशन योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने की घोषणा की है। ज्यादातर कर्मचारी संगठनों ने यूपीएस का विरोध किया है। कई संगठनों ने केंद्र सरकार का यूपीएस पर नोटिफिकेशन आने से पहले ही विरोध का बिगुल बजा दिया है। केंद्र सरकार में बड़े कर्मचारी संगठनों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर यूपीएस का विरोध जताया है। ये कर्मचारी संगठन, अब विपक्ष को साथ लेकर केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति बना रहे हैं। कर्मचारी संगठनों को उम्मीद है कि केंद्र सरकार, बहुत जल्द दबाव में आ जाएगी। देश में पुरानी पेंशन बहाल करनी पड़ेगी। सरकार के पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिख कर कहा है कि पूरे देश के कर्मचारी व केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान, पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखा है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि ओपीएस के लिए दोबारा से आंदोलन शुरु हो गया है।

एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। इसमें बंधु ने कहा है कि देश के एक करोड़ से ज्यादा शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी, बाजार आधारित और विसंगतिपूर्ण एनपीएस व्यवस्था के दुष्परिणाम का दंश झेल रहे हैं। वे सेवानिवृत्ति के बाद इस व्यवस्था में अपने जीवन के गुजर बसर के लिए परेशान हैं। वजह, एनपीएस में जो पेंशन दी जा रही थी, वह पर्याप्त नहीं थी। पूरे देश के कर्मचारी व केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान, पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे थे। इस बीच केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल न कर नई पेंशन योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लाने की घोषणा कर दी गई।

हरियाणा में अब एक नहीं 5 अक्तूबर को मतदान जम्मू कश्मीर में भी मतगणना की तारीख बदली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय निर्वाचन आयोग ने हरियाणा चुनाव की तारीखों में बदलाव किया है। आयोग ने हरियाणा के लिए मतदान के दिन को 1 अक्तूबर से संशोधित करते हुए 5 अक्टूबर, 2024 कर दिया है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना का दिन 4 अक्तूबर से बदलकर 8 अक्तूबर कर दिया गया है। जम्मू कश्मीर में मतदान की तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। भाजपा समेत कई राजनीतिक दलों ने हरियाणा में चुनाव की तारीखों में बदलाव करने का अनुरोध आयोग से किया था। इसके बाद आयोग ने तारीखों में बदलाव किया है। निर्वाचन आयोग ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय बिश्नोई समुदाय के मतदान अधिकारों और परंपराओं दोनों का सम्मान करने के लिए लिया गया है। आयोग ने कहा कि बिश्नोई समुदाय ने गुरु जम्भेश्वर की याद में आसोज अमावस्या उत्सव में भाग लेने की सदियों पुरानी प्रथा को बरकरार रखा है। राज्य भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भारत निर्वाचन आयोग और हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिख मतदान की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की थी। आयोग को लिखे पत्र में भाजपा ने दलील दी थी कि 28 व 29 सितंबर को शनिवार व रविवार है। एक अक्तूबर को मतदान होने की वजह से छुट्टी है। दो अक्तूबर को गांधी जयंती और तीन को अग्रसेन जयंती है। 30 की छुट्टी लेकर छह दिन का लंबा वीकेंड पड़ रहा है। ऐसे में लोग छुट्टियां मनाने प्रदेश के बाहर जा सकते हैं जिससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है।

बिश्नोई समाज के धार्मिक अनुष्ठान का भी हवाला

भाजपा ने अपने पत्र में यह भी तर्क दिया था कि दो अक्तूबर को आसोज की अमावस्या होने के कारण बीकानेर के मुकाम गांव में बिश्नोई समाज का धार्मिक अनुष्ठान है। इसके लिए बिश्नोई समाज के काफी लोग एक अक्तूबर को ही पहुंच जाते हैं। इसका भी मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। भाजपा ने आयोग से यह भी कहा था कि अगली तारीख रखते हुए यह ध्यान रखा जाए कि मतदान की तिथि से एक दिन पहले और मतदान के अगले दिन अवकाश न हो। ऐसा होने से ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने बीते हफ्ते चुनाव की तारीख की घोषणा की थी। पूर्व कार्यक्रम के मुताबिक पांच सितंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होनी है।

पंजाब विधानसभा चुनाव की तारीख बदली गई थी

चुनाव आयोग इससे पहले भी तारीख में बदलाव कर चुका है। साल 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव की तारीख 14 फरवरी निर्धारित की गई थी। इसके दो दिन बाद रविदास जयंती थी। पंजाब के काफी लोग रविदास जयंती मनाने उत्तर प्रदेश के वाराणसी जाते हैं। पंजाब के राजनीतिक दलों के अनुरोध के बाद चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख में परिवर्तन कर दिया था।

लोकसभा चुनाव में गर्मी की वजह से कम हुआ था मतदान

इस बार लोकसभा चुनाव में गर्मी की वजह से मतदान प्रतिशत में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई थी। 25 मई को भीषण गर्मी थी और लोग घरों से मतदान के लिए नहीं निकले। 2019 में करीब 70 फीसदी मतदान हुआ था। जबकि बीते मई को 65 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)